सूर्योदय 5:48 सूर्यास्त 7:3

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 21.0 अधि |
| धर्मशाला | 19.5 न्यू | 26.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79705.91 |
| निफ्टी | 24367.50 |
| सोना 68,510 | चांदी 88,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




बैंकों को जमा राशि जुटाने के लिए आकर्षक उत्पाद लाने चाहिए: सीतारमण

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 11 अगस्त 2024 | 27 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 235, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# पीएम मोदी ने वायनाड की तबाही का लिया जायजा, मदद का भरोसा

## हवाई सर्वेक्षण के बाद चूरलमाला में पहुंचे पैदल, मेप्पाडी स्थित शिविर में बिताया आधा घंटा, बोले- मुश्किल वक्त में आप अकेले नहीं, सरकार साथ

**एजेंसी, वायनाड (केरल)**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को केरल के वायनाड जिले के भू-स्खलन प्रभावित इलाकों चूरलमाला, मुंडक्कई और पुंचिरीमट्टम का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद पीएम ने चूरलमाला में पैदल चलकर आपदा से हुए नुकसान का आकलन किया।

मोदी कन्नूर हवाई अड्डे से वायुसेना के हेलिकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और 30 जुलाई को बड़े पैमाने पर हुई भू-स्खलन की घटनाओं से प्रभावित चूरलमाला क्षेत्र में पैदल चलकर नुकसान का जायजा लिया। मोदी ने एक राहत शिविर का भी दौरा किया, जहां भारी भू-स्खलन के कारण विस्थापित हुए कई लोग रह रहे हैं। उन्होंने प्रभावित लोगों से भी बातचीत में कहा कि आप मुश्किल वक्त में अकेले नहीं हैं। केंद्र सरकार राहत व पुनर्वास के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।



वायनाड जिले के भू-स्खलन प्रभावित इलाके में पैदल पहुंचकर नुकसान का जायजा लेते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### स्कूल की दशा देख भावुक हो गए पीएम पूछा- कितने बच्चों ने अपनों को खोया

**प्रधानमंत्री** मोदी ने वेल्लारमाला में एक क्षतिग्रस्त जीवीएचएस स्कूल का दौरा किया। स्कूल की त्रासदी देखकर पीएम मोदी काफी भावुक हो उठे। उन्होंने सीएम पिनाराई विजयन से पूछा कितने बच्चों ने इस आपदा में अपने माता-पिता (प्रियजनों) को खो दिया। इस स्कूल में 582 छात्र थे, जिनमें से 27 छात्र लापता हैं। पीएम ने स्कूल में 15 मिनट बिताए। पीएम ने मेप्पाडी स्थित शिविर का दौरा कर वहां करीब आधा घंटा बिताया और लोगों से बातचीत की। मोदी ने भू-स्खलन प्रभावित लोगों से बात कर उनकी जरूरतों को जाना। इस दौरान प्रभावित लोगों के लिए चूरलमाला में सेना ने आपदा के बाद राहत एवं बचाव कार्यों में मदद के लिए 190 फुट लंबा पुल बनाया है। मोदी नुकसान का जायजा लेते हुए इस पुल से पैदल गुजरे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### कठुआ में देखे गए चार आतंकियों के स्केच जारी



**अशोक ठाकुर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के ऊंचे इलाकों में देखे गए चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए। आखिरी बार उन्हें मल्हार, बानी और सियोजधार के ढोक क्षेत्रों में देखा था। पुलिस ने जनता से अपील की है कि सूचना देने पर 40 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर तीन किलो सोने के साथ 6 धरे

**लखनऊ।** लखनऊ में डायरेक्ट्रेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस यूनिट ने चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तस्करी करने वाले दो पैसेंजर्स सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया



है। इनके पास से 3 किलोग्राम तस्करी का सोना और 2 लाख से ज्यादा की विदेशी करेंसी बरामद की गई है।

### अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर सिमरनजोत संधू गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने विदेश से भारत में ड्रग्स और हथियारों की तस्करी करने वाले सरगना को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। तस्कर भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी वांछित था। पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियान शुरू करके तस्कर को गिरफ्तार किया। वह इंडियन ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) की मदद से जर्मनी से भारत आया था, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने उसे पकड़ लिया और पंजाब पुलिस को सौंप दिया। उसके पास जर्मन पासपोर्ट भी है।

### ट्रंप बाल-बाल बचे, विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**मोंटाना।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विमान में शनिवार को खराबी आने से वह बाल-बाल बच गए। विमान की आपात लैंडिंग करवाई गई। ट्रंप एक रैली के लिए मोंटाना जा रहे थे तो



विमान में टेक्निकल समस्या आ गई थी, जिससे उनके विमान को रॉकी पर्वत के दूसरी ओर एक हवाई अड्डे पर लैंड करवाया गया।

### यूट्यूब की पूर्व सीईओ सुजैन वोज्स्की का निधन

**कैलिफोर्निया।** यूट्यूब की पूर्व सीईओ सुजैन वोज्स्की का निधन हो गया। पूर्व सीईओ सुजैन वोज्स्की कैंसर से पीड़ित थीं।



सुसान वोज्स्की के पति डेनिस ट्रॉपर ने फेसबुक पोस्ट पर लिखा कि मैं बहुत दुख के साथ सुसान वोज्स्की के निधन की खबर साझा कर रहा हूं। नॉन-स्मॉल सेल लंग कैंसर से 2 साल तक जूझने के बाद उसने आज हमें छोड़ दिया।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- संजौली में एसएफआई का प्रदर्शन शिक्षक पर मारपीट का आरोप -पेज 3
- सड़क किनारे रखे तीन गैस सिलेंडर ले भागे युवक -पेज 4
- महिला पर जानलेवा हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार -पेज 12
- मालदीव में यूपीआई भुगतान सेवा शुरू करेगा भारत -पेज 13
- राष्ट्रीय बीच कबड्डी में हिमाचल की टीमों का बेहतर प्रदर्शन -पेज 14


### सुक्खू सरकार ने किया एसीआर में बदलाव अब बढ़ेगी जवाबदेही

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार अब सरकारी कर्मचारियों की एनुअल कॉन्फिडेंशियल (एसीआर) रिपोर्ट के फॉर्मेट में बड़ा बदलाव करने जा रही है। सीएम सुखविंद्र सुक्खू ने इस पर मुहर लगा दी है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एसीआर की व्यवस्था को बदलने पर चर्चा हुई है। अब आईएएस से लेकर अन्य वर्गों में हर पोस्ट के सालाना लक्ष्य तय होंगे। पदोन्नति भी अब टारगेट ओरिएंटिड होगी। साथ ही अचीवमेंट को भी देखा जाएगा। गुड, वेरी गुड आदि का फार्मूला बदलेगा। सुक्खू ने कहा है कि इस नई व्यवस्था से प्रशासनिक कार्यों में और सुधार होगा। इससे जिम्मेदारी व जवाबदेही बढ़ेगी।

# ब्राजील में प्लेन क्रैश, सभी सवार 61 यात्रियों की मौत

## एक मिनट में 17 हजार फुट से नीचे गिरा; आग लगी, साओ पाउलो के विन्हेडो शहर में हुआ हादसा

**एजेंसी, विन्हेडो (ब्राजील)**

**ब्राजील** के साओ पाउलो प्रांत के विन्हेडो शहर में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में प्लेन में सवार सभी 61 यात्रियों की मौत हो गई। अधिकारियों और विमानन कंपनी ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह विमान साओ पाउलो से 80 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित विन्हेडो में रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, लेकिन यह जानकारी नहीं है कि इस दुर्घटना में कोई स्थानीय नागरिक भी मारा गया है अथवा नहीं। सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक, उड़ान ट्रैकिंग डाटा से पता चला है कि विमान के क्रैश होने से डेढ़ मिनट पहले प्लेन ने ऊंचाई पर जाना छोड़ दिया था। प्लेन 17 हजार फुट ऊंचाई पर उड़ रहा था। इसके बाद महज 10 सेकंड में लगभग 250 फुट नीचे गिर गया। अगले आठ सेकंड में लगभग 400 फीट ऊपर चला गया। इसके 8 सेकंड बाद 2 हजार फुट नीचे पहुंचा। फिर, लगभग यह तेजी से नीचे उतरने लगा। सिर्फ एक मिनट में लगभग 17 हजार फुट नीचे गिरा और इसमें आग लग गई। विमानन कंपनी वेपास ने बताया कि 'एटीआर72' विमान में 57 यात्री और चालक दल के चार सदस्य मौजूद थे। उसने बताया कि विमान साओ पाउलो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ग्वारूलोस की ओर जा रहा था, तभी यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कंपनी ने यात्रियों के नाम की सूची जारी की है।



# गाजा में स्कूल पर इसराइल की एयर स्ट्राइक, 80 की गई जान

**एजेंसी, दीर अल-बलाह**

**गाजा** सिटी में शरणार्थी शिविर में तब्दील एक स्कूल पर शनिवार तड़के हुए इसराइल के हवाई हमले में 80 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, एक के बाद एक 3 रॉकेट स्कूल पर गिरे।, जिससे वहां आग लग गई।

इसराइल और हमास के बीच 10 महीने से जारी युद्ध में यह हमला अब तक के भीषण हमलों में से एक है। इसराइल सरकार ने हमले की बात स्वीकार करते हुए दावा किया है कि उसने स्कूल के अंदर स्थित हमास के कमान सेंटर को निशाना बनाया है। हालांकि, हमास ने इससे (कमान सेंटर से) इनकार किया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मध्य गाजा में तबीन स्कूल पर हुए हमले में सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। स्कूल का इस्तेमाल युद्ध के चलते अपने घरों को छोड़कर भागे लोगों को शरण देने के लिए किया जा रहा था। गाजा सिटी में अल-अहली अस्पताल के निदेशक फदेल नईम ने बताया कि हवाई हमले में मारे गए 70 लोगों के शव और कई लोगों के अंग लाए गए हैं।



### 10 माह में 41,000 से ज्यादा लोग मारे गए

**इसराइल** हमला जंग के 10 महीने पूरे हो चुके हैं। जंग में अब तक 41,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। गाजा में अब तक करीब 40,000 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 16 हजार से ज्यादा बच्चे हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने शनिवार को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते' से सम्मानित किया। मुर्मू को सामाजिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति उनके समर्पण के लिए इस सम्मान से नवाजा गया। मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और तिमोर-लेस्ते के बीच दोस्ती का प्रतिबिंब है।

# हिमाचल में भारी बारिश, 128 सड़कें बंद

## 44 बिजली ट्रांसफार्मर व 67 जल योजनाएं बाधित, कई जगह घरों-दुकानों में घुसा मलबा, कांगड़ा में तीन घर क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश होने से घरों में मालबा घुस गया है, जिससे काफी नुकसान हुआ है। वहीं, भू-स्खलन होने से 128 सड़कें बंद हो गई हैं। इसके अलावा 44 बिजली ट्रांसफार्मर व 67 जल योजनाएं बाधित हैं। मंडी में एक घर व चार गोशालाओं को नुकसान हुआ है।

जोगिंद्रनगर की बजगर खड्ड में तेज बहाव में बहती हुई बाइक बरामद हुई, जिसके चालक के बहने की आशंका है। कांगड़ा में तीन कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि दो को नुकसान पहुंचा है। परवाणू से धर्मपुर, कालका-शिमला फोरलेन को जगह-जगह भू-स्खलन के चलते परवाणू से धर्मपुर तक वन-वे किया है। सतौन से तीन किलोमीटर आगे नेशनल हाईवे-707 शिलाई में बाधित है। सिरमौर जिले में शुक्रवार रात को भारी बारिश होने से वार्ड नंबर-5 के अमरपुर मोहल्ला में लोगों के घरों समेत दुकानों में मलबा घुस गया। दहशत में लोग रातभर जागते रहे। पार्षद मधु अत्री ने बताया कि भारी बरसात से लोगों के घरों में घुसे बरसाती पानी से नुकसान हुआ है। घरों में रखा कीमती सामान व टीवी, फ्रिज, अलमारी, बेड, कपड़े आदि खराब हुए हैं। उधर, सतीवाला पंचायत में घरों व खेतों को नुकसान हुआ है। यहां एक फैक्टरी में भी पानी घुस गया है।

### पांच जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला ने कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पर्यटकों व स्थानीय लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी है। 24 घंटों के दौरान चंबा, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर और शिमला जिलों के कुछ जलग्रहण क्षेत्रों और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बाढ़ का खतरा होने की संभावना है।

### दारचा-शिंकुला व जाहलमा नाले में बाढ़

**कमलेश वर्मा, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले के दारचा-शिंकुला व जाहलमा नाले में एक बार फिर बाढ़ आई, जिससे दारचा-शिंकुला मार्ग पर सौ मीटर भाग क्षतिग्रस्त हो गया। इससे जंस्कार-मनाली के बीच आवाजाही प्रभावित हो गई है। शिंकुला के साथ साथ लाहौल-स्पीति में जगह-जगह नालों में बाढ़ आ रही है। वाहन चालक टशी व तेंजिन ने बताया कि सुबह ही बीआरओ ने इस मार्ग को बहाल किया था, लेकिन शाम सात बजे फिर से बाढ़ आ गई। जिला प्रशासन की ओर से लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी है। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने लोगों से जाहलमा नाले का के पास न जाने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश में चीफ जस्टिस का इस्तीफा

**ढाका।** बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना के इस्तीफे के बाद शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ओबैदुल हसन ने भी इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी छात्रों ने शनिवार सुबह सुप्रीम कोर्ट को घेर लिया था। छात्रों ने कहा कि अगर जजों ने इस्तीफे नहीं दिए तो हसीना की तरह उन्हें भी कुर्सी से खींचकर उतार देंगे। छात्रों का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट के जज हसीना से मिले हुए हैं। इन जजों ने अंतरिम सरकार से पूछे बिना बैठक बुलाई है। प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे के भीतर जजों से इस्तीफा देने की मांग की। अब 5 और जज अपना पद छोड़ सकते हैं। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक सभी 6 जज इस्तीफा नहीं देते, वे सड़कें खाली नहीं करेंगे। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने फैसला किया है कि छात्रों पर 1 से 5 अगस्त तक उनके खिलाफ दर्ज हुए केसों को खारिज किया जाएगा।

**प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज मुकदमे तीन दिन में होंगे खारिज**

# कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से दरिंदगी, हत्या

**एजेंसी, कोलकाता**

**एक गिरफ्तार, पांच से पूछताछ जारी, एसआईटी का किया गठन**

**सीएम ममता बनर्जी बोलीं दोषी को फांसी दिलाएंगे**

**कोलकाता** के सरकारी अस्पताल (आरजी कर मेडिकल कॉलेज) में पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी महिला डॉक्टर की डेड बॉडी मिली। जांच में पता चला है कि रेप के बाद डॉक्टर की हत्या की गई है।

ट्रेनी डॉक्टर का अर्धनग्न शव हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल के अंदर मिला। कोलकाता पुलिस के अनुसार, डॉक्टर के आंख, मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई थी। मेडिकल स्टूडेंट्स, भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों ने अस्पताल के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने सीबीआई जांच की मांग की है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजा जाएगा। दोषी को फांसी की सजा देने की मांग करेंगे। फेडरेशन ऑफ रेसिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा को चिट्ठी लिखी है। पुलिस ने संजय नाम के एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पांच लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (सीआईटी) गठित की है।

# अनंतनाग में आतंकियों व सुरक्षाबलों में मुठभेड़, 2 जवान शहीद, 3 जख्मी

**एजेंसी, श्रीनगर**

**जम्मू**-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में दो 2 जवान शहीद हो गए, जबकि तीन अन्य जवान घायल हुए हैं। जवानों ने आतंकियों को घेर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी का इनपुट मिला था। सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के कोकरनाग इलाके के अहलान गडोले में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया। सेना के जवान आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।







## न्यूज ब्रीफ

### संस्कृत महाविद्यालय जांगला ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** हिमाचल आदर्श संस्कृत महाविद्यालय जांगला ने हर साल की भांति इस साल भी 9 अगस्त को संजीव वन में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान छौहारा एप्पल सोसायटी के प्रधान संजीव ठाकुर सहित 20 सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। वनरक्षक प्रेम लाल धांटा ने 200 देवदार के पौधे उपलब्ध करवाए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुदेश गौतम एवं कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार कौशल के निर्देशन में यह कार्यक्रम चला।

### विद्यार्थियों को बताया उच्च शिक्षा का महत्व



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में नवागंतुक छात्रों को प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में नवांगतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया और महाविद्यालय के गौरवशाली अतीत एवं भविष्य की योजनाओं से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। उन्होंने उच्च शिक्षा की आवश्यकता और इसकी महत्ता पर भी प्रकाश डाला। डॉ. ललिता रावत ने छात्रों को अनुशासन के महत्व के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में डीन कॉलेज प्रोफेसर हरीश सांजटा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. रायसिंह नेगी, डॉ. अनिल चौहान, डीन साइंस डॉ. रवि किरण व महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### सुन्नी कॉलेज में दीक्षा आरंभ इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित




**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में बीए, बीएससी, बी कॉम तथा बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षा आरंभ इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि एवं मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य रामलाल शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं मंच संचालक संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण कुमारने महाविद्यालय के सभी संकाय के विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों का परिचय दिया।

### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना जरूरी : चेतन बरागटा



**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में भी आरंभ हो गया है। शनिवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने खड़ापत्थर के गिरी गंगा से इसका शुभारंभ स्थानीय ग्रामीणों के साथ किया। चेतन बरागटा ने कहा कि अभियान के तहत भाजपा हर बूथ पर पौधों का रोपण करेगी। चेतन ने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ हमें उनका संरक्षण भी सुनिश्चित करना चाहिए। प्रदेश में बढ़ रही प्राकृतिक आपदाएं चिंता का विषय है! जिसके लिए हमें पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देना होगा।

### चेतन सिंह ने किया विकास भवन का दौरा



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** बीजेपी हिमाचल प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने कोटखाई बाजार में लगभग बनकर तैयार हो चुके विकास भवन का दौरा किया। इस दौरान बरागटा ने सरकार से भी निवेदन किया कि इसे जल्दी से जल्दी लोगों को समर्पित किया जाए।(अनंत ज्ञान)

### बलोह में तीन युवकों से 138.8 ग्राम चरस पकड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** किरतपुर-नेरचैक फोरलेन पर स्थित बलोह स्थान पर बिलासपुर पुलिस की टीम ने तीन युवकों से 138.8 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफतार कर लिया है और मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा यह तीनों युवक दिल्ली के रहने वाले हैं और हिमाचल घूमने के लिए आए थे। पुलिस सारे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर पुलिस की विशेष टीम फोरलेन पर स्थित थी। ऐसे में मनाली की ओर से आ रही गाड़ी को चैकिंग के लिए रोका। ऐसे में गाड़ी में बैठे तीनों युवक पुलिस को देखकर घबरा गए और वहां से भागने की कोशिश करने लगे। लेकिन पुलिस की टीम ने मौके पर ही तीनों युवकों को पकड़ा और चेकिंग की तो उनसे चरस बरामद हुई। पुलिस आरोपी युवकों से पूछताछ कर रही है पता लगाया जा रहा है कि उन्होंने यह चरस किस से ली थी।

### पशु पालन विभाग ने की बेसहारा बैलों की नसबंदी

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** घुमारवीं उपमंडल के डंगार क्षेत्र में बेसहारा घूम रहे पशुओं के आंतक से सहमे लोगों को शनिवार डंगार व्यापार मंडल प्रधान संदीप जसवाल ने पशुपालन विभाग के साथ मिलकर बैलों की नसबंदी की और उन्हें नुकेल डाली। साथ ही बैलों के सिगों को छोटा भी किया। आपको बता दें कि डंगार में बेसहारा बैलों का आतंक कुछ ऐसा हो गया था कि जो भी उनके सामने आता उसे मारते पर उतारू हो जाते थे। कुछ दिन पहले ही डंगार निवासी देशराज जो खेतों में काम कर रहा था उस पर बैल ने हमला कर घायल कर दिया था। पिछले दिन एनएच 103 पर चलते वाहन के सामने आकर वाहन चालक अंतरित होकर वाहन पलट गया। इन खूंखार बैलों से लोग दशहत में थे। बीते दिनों में यह बेसहारा बैल अब तक कई ग्रामीणों को घायल कर चुके हैं। इन सब मामलों को देखते हुए डंगार चौक व्यापार मंडल केप्रधान संदीप जसवाल ने पशुपालन विभाग को सूचित किया था।

### बिलासपुर में युवक ने की आत्मदाह की कोशिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर में एक युवक ने खुद को आग लगाकर आत्मदाह की कोशिश की। घटना के तुरंत बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गईं और युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। युवक का शरीर काफी हद तक झुलस चुका था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक नशे का आदी बताया जा रहा है। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल रैफर कर दिया गया है। युवक की पहचान अंशुल भाटिया उर्फ आंसू उम्र 42 साल डियारा सेक्टर के तौर पर बताई जा रही है। युवक ने ऐसा कदम क्यों और किस वजह से उठायाए फिलहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है। उधर, बिलासपुर एएसपी शिव कुमार ने बताया कि पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

### बस्सी स्कूल ने कब्जाई कबड्डी की ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** स्वारघाट जोन की खंड स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोआ में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में स्वारघाट जोन के 28 स्कूलों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता की कबड्डी स्पर्द्धा में बस्सी स्कूल ने लखनु को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इसी तरह खो-खो में भी स्वारघाट और बस्सी स्कूल में रोमांचक मैच देखने को मिला। वहीं स्कूल पहुंचने पर विजेता छात्रों ढोल- नगाड़े और बैंड बाजों के साथ हार पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया डोलां स्कूल के विद्यार्थियों का इस जीत में विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों ने बच्चों की शानदार जीत पर डीपीई राजीव और पीईटी सुनील डोलां को बधाई दी। डीपी राजीव कुमार ने इस जीत का श्रेय पीईटी सुनील कुमार को दिया। इस मौके पर स्कूल के उप प्रधानाचार्य हरविंदर सिंह, बग्गु राम, राजेश, दलजीत, सुमन लता, कुसुम धीमान, अनीता देवी व डोलां स्कूल के मुख्य अध्यापक गुलजारी लाल चौधरी ने बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

### सेवा भारती व एम्स प्रशासन ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के एम्स संस्थान कोठीपुरा में शनिवार को सेवा भारती व एम्स प्रशासन ने एक हजार औषधीय व फलदार पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय देहरा के सहायक आचार्य डॉ. किस्मत कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एम्स बिलासपुर के कार्यकारी निदेशक डॉ. वीर सिंह नेगी ने की। कार्यक्रम में शिवा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा, सेवा भारती के प्रांत महासचिव रणदेव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। पौधारोपण से पूर्व एम्स सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यतिथि डॉ. किस्मत कुमार ने कहा कि सेवा भारती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ग्रीन एम्स के सपने को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा के भारतीय जीवनशैली सदैव ही प्रकृति पोषक रही है। इस जीवनशैली में पेड़-पौधों का महत्व इंसानों से कम नहीं है। भारत के ऋषि-मुनियों ने पेड़-पौधों के गुणों को पहचानते हुए उन्हें धर्म व ईश्वरीय रूपों के साथ जोड़ा है।

# संजौली में एसएफआई का प्रदर्शन शिक्षक पर मारपीट का आरोप




संजौली कॉलेज में प्रदर्शन करते हुए एसएफआई के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के संजौली कॉलेज में शनिवार को एसएफआई के छात्रों ने प्रिंसिपल ऑफिस में जमकर हंगामा कर दिया। बता दें कि एसएफआई ने आरोप लगाया कि धरने के दौरान एक शिक्षक द्वारा एसएफआई के कार्यकर्ता के साथ मारपीट की गई। छात्रों ने प्रधानाचार्य से शिकायत कर शिक्षक को बर्खास्त करने की मांग उठाई है। इस दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ भी धक्का-मुक्की हुई।

वहीं एसएफआई के राज्य सचिव दिनित देंटा ने कहा शुक्रवार को फीस वृद्धि के विरोध में कार्यकर्ता कैंपस में धरना दे रहे थे, इस दौरान एक शिक्षक द्वारा एसएफआई के छात्रों के साथ मारपीट की गई है। उन्होंने शिक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा कि छात्र को शिक्षक द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने कहा कि इस बाबत लक्कड़ बाजार पुलिस चौकी में भी शिकायत दर्ज करवाई है।

वहीं एसएफआई के सचिव अंशुल ने कहा कि जब शुक्रवार को एसएफआई कार्यकर्ता फीस वृद्धि व मांगों को लेकर कॉलेज कैंपस में प्रदर्शन कर रहे थे तो उसी समय कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक आते है और उनके साथ तथा अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करते हैं। अंशुल ने शिक्षक पर गला दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस दौरान उनके कपड़े भी फट गए। उन्होंने कहा कि इसके उपरांत कॉलेज प्रशासन द्वारा लक्कड़ बाजार चौकी में गलत व्यवहार की झूठी शिकायत भी दर्ज करवाई गई। उन्होंने कहा कि एसएफआई केवल धरने के माध्यम से छात्रों की मांगों को उठा रही थी।

## शिमला में बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लगभग दो हजार शारीरिक शिक्षकों के पद खाली चल रहे हैं। 870 के करीब पदों को भरने की पूर्व सरकार ने प्रक्रिया शुरू की थी जो मामला कोर्ट में जाने की वजह से लटक गई है।

भर्ती प्रक्रिया शुरू न होने से प्रदेश के बेरोजगार शारिरिक शिक्षक खासे गुस्से में है और सरकार के खिलाफ शिमला में पिछले 11 दिनों से धरने पर बैठे हैं। शनिवार को बेरोजगार शारिरिक शिक्षकों ने चौड़ा मैदान में रैली निकाली और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया।

उन्होंने चेताया कि अगर सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को शुरु नहीं किया तो वे परिवार सहित सीएम आवास के बाहर धरने पर बैठेंगे और आत्मदाह करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। सरकार कोर्ट का हवाला देकर भर्ती प्रक्रिया को लटकाने का काम कर रही है जबकि उनके पास सभी सारी शैक्षणिक योग्यता है।

## मांगों को लेकर दत्तनगर, कुल्लू व शिमला में किए जाएंगे प्रदर्शन



हिमाचल दुग्ध उत्पादक संघ के सदस्य जानकारी देते हुए।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल दुग्ध उत्पादक संघ का रामपुर में एकदिवसीय अधिवेशन किया गया। इस अधिवेशन में 8 ब्लॉक कुल्लू, बंजार, आनी, निरमंड, ननखड़ी, नारकंडा, छतरी, रामपुर के दूध उत्पादकों ने भाग लिया। इस अधिवेशन में दूध उत्पादकों की समस्याओं पर चर्चा की गई व फैसला लिया गया कि 2 सितम्बर 2024 को दूध उत्पादकों की मांगों को लेकर दत्तनगर, कुल्लू व शिमला में प्रदर्शन किए जाएंगे।

इस अधिवेशन को हिमाचल किसान सभा राज्य अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर, राज्य महासचिव होतम सोंखला, डॉ. ओंकार शाद व राकेश सिंघा ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि आज के समय मे दूध पैदा करने वाला किसान बहुत दुखी है हालांकि प्रदेश सरकार द्वारा दूध के दाम में तो वृद्धि की है परंतु आज भी उसको उस हिसाब से दाम नही मिल रहे हैं।

इसके अलावा और भी मुद्दे सामने आए हैं जिसमें पेमेंट का समय पर न मिलना, फीड का न मिलना आदि मुद्दे सामने आए हैं। हिमाचल दुग्ध उत्पादक संघ प्रदेश सरकार से मांग करता है कि सभी सोसायटियों में दूध की गुणवत्ता को मापने के लिये टेस्टिंग मशीन दी जाए, दूध की पनेंट हर माह 10 तारीख से पहले दी जाए, फीड सभी सोसायटियों को दी जाए। इस अधिवेश में एक कमेटी का गठन भी किया गया जिसमें प्रेम चौहान को संयोजक, रणजीत को सहसंयोजक, डॉ. ओंकार शाद, राकेश सिंघा, देवकी नंद, होतम सोंखला, दुर्गा नंद, हरविंदर, राजू को सदस्य बनाया गया।

## शिक्षा मंत्री ने जुब्बल में कल्याण भवन का किया उद्घाटन



रोहित ठाकुर जुब्बल में भवन का उद्घाटन करते हुए।

**दशमी रावत, जुब्बल**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जुब्बल क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर थे, जहां उन्होंने जुब्बल में 80 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित कल्याण भवन का उद्घाटन किया। यह भवन जिला शिमला का पहला कल्याण भवन है।

भवन के सभागार में हुए एक समारोह में शिक्षा मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया कि इस भवन के बनने से विभाग को जहां एक ओर अपने कार्यों के निष्पादन में सुविधा मिलेगी। वहीं दूसरी ओर विभाग को अतिरिक्त किराया भी नहीं देना होगा। वहीं नाबार्ड, विशेष सहायता योजना और अन्य माध्यमों का हवाला देते हुए रोहित ठाकुर ने बताया कि इन सभी माध्यमों के अंतर्गत लगभग 450 करोड़ रुपए के सड़क और भवन निर्माण कार्य इस समय प्रगति पर चल रहे है।

शिक्षा मंत्री शराचली क्षेत्र के अंतर्गत भौलाड़ में 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सरकार ने इस वर्ष ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लेते हुए यूनिवर्सल कार्टन को लागू किया जिससे सूक्ष्म एवं लघु स्तरीय बागवानों को विशेष रूप से लाभ पहुंच रहा है।(अनंत ज्ञान)

## शिमला पहुंची राजस्थान पुलिस, मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजस्थान पुलिस सड़े कपड़ों में शिमला पहुंची। ऐसे में पहले हड़कंप मचा और बाद में विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि राजस्थान की एक युवती परिजनों को बताए बगैर शिमला के उपनगर टूटू में रह रही थी। युवती ने प्रेम प्रसंग के बाद एक युवक से शादी कर ली थी और कुछ समय से टूटू में किराए पर रहने लगी थी। युवती के लापता होने पर उसके परिजनों ने राजस्थान के एक पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

जांच में युवती के टूटू में रहने की जानकारी मिलने के बाद राजस्थान पुलिस के जवान सादे कपड़ों में टूटू पहुंचे और कार्रवाई करने लगे। इस पर स्थानीय लोगों ने एतराज जताया, क्योंकि राजस्थान पुलिस के जवान वर्दी में नहीं थे। बाद में बालूगंज थाने से पुलिस की टीम मौक पर पहुंची और कार्रवाई कर रही राजस्थान पुलिस की मदद की।

## अनिरुद्ध सिंह ने बरमु केल्टी पंचायत भवन का शिलान्यास




अनिरुद्ध सिंह का सम्मान करते हुए।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश में बनने वाले नए पंचायत भवन एक जैसे ही दिखेंगे। प्रदेश में एक ही तरह के नए पंचायत भवन निर्मित किए जा रहे है। इन भवनों की ड्राइंग से लेकर भवन शैली तक एक रूपता अपनाई जा रही है।

यह बात हिमाचल प्रदेश सरकार में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कसुम्पटी विधानसभा में एक दिवसीय प्रवास के दौरान पंचायत बरमु केल्टी चिल्ड्रन पार्क में आयोजित जनसभा में कही। बरमु केल्टी पंचायत भवन के चयनित भूमि पर पंचायती राज एंव ग्रामीण विकास मंत्री ने शनिवार को भूमि पूजन के बाद शिलान्यास किया। यह भवन एक करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से बनकर तैयार होगा। उन्होंने अप्पर केल्टी क्षेत्र में पांच लाख लीटर की क्षमता को स्टोरेज टैंक निर्मित करने की घोषणा की ताकि उक्त क्षेत्र में पानी की किल्लत का स्थायी समाधान हो सके। इसके साथ ही हाल ही केबिनट में केल्टी बरमु के लिए निजी बस रूट को अनुमति दी गई है। इसके साथ आंगनवाड़ी केल्टी के प्रांगण में 50 हजार रूपए की लागत से रेलिंग लगवाई जाएगी। वहीं केल्टी पटरवारखाना 45 लाख रुपए की लागत से बनेगा।

## कांग्रेस ने चलाया जनता पर बोझ डालो अभियान : सुखराम



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने वर्तमान कांग्रेस सरकार पर हमलावर होते हुए कहा की कांग्रेस सरकार ने भाजपा सरकार द्वारा जनता को दी गई सभी सुविधाएं वापस लेने का प्रदेशव्यापी अभियान चला रखा है। एचआरटीसी में महिलाओं, पुलिस कर्मियों, स्टूडेंट्स को मिलने वाली सारी सुविधाएं कांग्रेस सरकार वापस ले रही है।

जयराम सरकार के कार्यकाल में महिलाओं को किराए में पचास फीसदी छूट दी गई थी, सच में जयराम ठाकुर सरकार जनकल्याण के लिए जानी जाती है। पहले ये पच्चीस फीसदी छूट थी, पर भाजपा सरकार ने इसे 50 प्रतिशत किया। इस निर्णय से कांग्रेस सरकार ने महिलाओं पर 130 करोड़ का सालाना बोझ डाल दिया है।

# सीमेंट कंपनियों ने कूड़ा लेना किया शुरू

## नगर परिषद अपने ही प्रांगण में कूड़ा डंप करने के लिए हो गई थी मजबूर



**शुभम राही, बिलासपुर**

काफी समय से नगर परिषद बिलासपुर के प्रांगण में एकत्रित हुए टनों के हिसाब के कूड़े को अब सीमेंट कंपनियों ने लेना शुरू कर दिया। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी व एसीसी बरमाणा सीमेंट कंपनी ने एक बार फिर से कूड़ा लेना शुरू कर दिया है। पहले लंबे समय से इन कंपनियों ने नगर परिषद से सूखा कूड़ा लेने से इनकार कर दिया था। ऐसे में नगर परिषद को यह कूड़ा अपने ही प्रांगण में एकत्रित करना पड़ रहा था, जिससे यहां पर काफी गंदगी का माहौल पैदा हो गया था। इसके बाद नगर परिषद के अध्यक्ष कमल गौतम द्वारा कंपनी के अधिकारियों से बातचीत की गई और इस कूड़े की समस्या को लेकर उनको अवगत करवाया गया।

आपको बता दें कि नगर परिषद शहर से गिला और सूखा कूड़ा उठाती है, लेकिन अब काफी दिनों से नप को इस कूड़े की डंप करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिल रहा था। क्योंकि इससे पहले शहर का कूड़ा नप से एसीसी सीमेंट फैक्टरी में भेजा जाता था, परंतु कुछ समय से इस कंपनी ने कूड़ा लेने से इंकार कर दिया। जिसके बाद यह समस्या पैदा हो गई और शहर से एकत्रित किया गया कूड़ा नप को अपने ही प्रांगण में फैंकना पड़ा।

हालात ऐसे हो गए थे कि यहां पर लगाए गए कूड़े के डंप के कारण नजदीकी रिहायशी एरिया तक गंदगी बदबू का माहौल पैदा हो गया था। जिसके कारण स्थानीय लोगों द्वारा इसका विरोध भी किया गया। यहीं नहींए इस कूड़े की वजह से बरसात के मौसम में बीमारियां डेंगू जैसे रोग होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। क्योंकि बिलासपुर जिला में प्रत्येक साल डेंगू के मामले अधिक सामने आते हैं, जिसके चलते बरसात के मौसम में स्वास्थ्य विभाग पहले से ही अलर्ट जारी कर देता है और शहर में एपेडेमिक एक्ट भी लागू कर दिया जाता है। इसके तहत अगर किसी के भी घर में कूड़ा या गंदा पानी मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाती है। ऐसे में नगर परिषद बिलासपुर लगभग 10 दिनों से अधिक समय से कूड़ा शहर से एकत्रित करके अपने प्रांगण में फेंक रहा था।

> 
>
> अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी व एसीसी बरमाणा सीमेंट कंपनी ने नगर परिषद बिलासपुर का कूड़ा लेना शुरू कर दिया है। कूड़े की समस्या अब हल हो गई है और प्रतिदिन कूड़ा नप प्रांगण से उठाया जा रहा है। शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर परिषद बिलासपुर बेहतर कार्य कर रही है।
>
> **-कमल गौतम, अध्यक्ष, नगर परिषद बिलासपुर।**

गौरतलब है कि इन दिनों बरसात का मौसम शुरू हो गया है। बिलासपुर शहर में सबसे अधिक बरसात के मौसम में डेंगू के मामले अधिक सामने आते है। प्रतिवर्ष स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर डेंगू बीमारी से निपटने के लिए लोगों को अपने आसपास सफाई रखने के आदेश जारी करता है। यहीं नहीं, प्रतिवर्ष जिला अस्पताल में डेंगू बीमारी के चलते आईसोलेशन वार्ड भी स्थापित किए जाते हैं, ताकि अगर डेंगू बीमारी के मामले अधिक आते हैं तो उनको सही समय पर सही इलाज मिल सके। परंतु नगर परिषद द्वारा शहर के बीचों बीच डियारा सेक्टर नप प्रांगण में प्रतिदिन कूड़े के ढेर लगाए जा रहे हैं, जिससे यहां पर कभी भी बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## सर्वांगीण विकास के लिए खेलें आवश्यक : रेखा शर्मा



### जेजवीं में झंडूता जोन की अंडर-14 छात्राओं की खेलों का शुभारंभ

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में अंडर.14 झंडूता जोन के टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर इसी पाठशाला की पूर्व तथा हाल ही में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में स्थानांतरित हुई प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर खिलाड़ियों के मार्च पास की सलामी ली। इस अवसर पर रेखा शर्मा ने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यार्थियों को इनमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का विकास करना चाहिए। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के डॉ. सुरेश शर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बड़े सपने लेकर उन्हें पूरा करने के लिए केन्द्रित होकर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

शुभारंभ पर पाठशाला के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पाठशाला प्रबंधन समिति के प्रधान सुशील कुमार तथा सभी सदस्य, टूर्नामेंट आयोजन समिति के सदस्य, सभी अध्यापक, कर्मचारियों अविभावक तथा स्थानीय लोग उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## झंडूता भाजपा आज से शुरू करेगी हर घर तिरंगा अभियान



**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस मनाने का फैसला किया है। यह अभियान 11 अगस्त से शुरू होगा और तीन दिन चलेगा। 13, 14 व 15 अगस्त को सभी घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। वहीं भाजपा 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मरण दिवस मनाएगी। यह निर्णय झंडूता भाजपा ने एक निजी पैलेस में झंडूता के विधायक जीत राम कटवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया। बैठक में मंडल अध्यक्ष रस्म सिंह चंदेल विशेष रूप उपस्थित रहे। बैठक में जीत राम कटवाल ने कहा कि घुमारवीं के हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान स्वतंत्रता दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, लोगों के घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान में 108 बूथों पर शुरू कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## फ्री पेयजल योजना को बंद करने पर जताई कड़ी आपत्ति

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा किसान मोर्चा ने निशुल्क पानी की योजना को बंद करने पर कड़ी आपत्ति जताई है। कहा कि सरकार के इस तुगलकी फरमान से किसानों को अब 100 रुपए प्रति महीने पानी का बिल अदा करना पड़ेगा। भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार किसानए युवा और कर्मचारी विरोधी है। चुनावों के समय लोगों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने वाली कांग्रेस सरकार ने 125 यूनिट फ्री योजना को कर्मचारी वर्ग के लिए पहले ही बंद कर दिया है। कांग्रेस सरकार ने पुलिस कर्मचारियों को बसों में मिलने वाली सुविधा को भी बंद कर दिया है, जबकि पुलिस कर्मचारी हर माह 210 रुपए अपने वेतन से अदा करते हैं। इस प्रकार पुलिस विभाग हर साल हिमाचल पथ परिवहन निगम को पांच करोड़ रुपए अदा करता है।

## पौधरोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल भी आवश्यक : धर्माणी



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

समाजसेवी संस्था संस्कार सोसाइटी द्वारा ग्राम पंचायत घुमारवीं के गांव टकरेड़ा में पौधरोपण और संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि संस्था टकरेड़ा में पहले भी पौधरोपण कर चुकी है और जो पौधे उसे समय लगाए गए थे, वे अब वो पौधे बड़े ही चुके हैं।

यहां पर उन पौधों का संरक्षण और कुछ नए पौधे लगाने के लिए संस्था स्थानीय लोगों के साथ पौधरोपण कर रही है। उन्होंने कहा कि कहा कि संस्था पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए हर वर्ष पौधरोपण कार्ययक्रम का आयोजन करती है और पिछले 10 वर्षों में संस्था 2500 के करीब पौधे लगा चुकी है। उन्होंने कहा कि स्थानीय गांव के युवा, महिला और पंचायतों की प्रतिनिधियों के साथ मिलकर के इस पौधरोपण किया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्था पेड़ पौधे लगाने के साथ साथ हर वर्ष लगाए गए पौधों की देखरेख भी करती है।

महेंद्र धर्माणी ने कहा कि हमें गावों में पीपल और बरगद के पौधे विशेष तौर पर लगाने चाहिए।

## नयना देवी जी लंगर कमेटी के वॉलंटियर्स को किया सम्मानित

**श्री नयना देवी जी।** शक्तिपीठ श्री नयनादेवी में लंगर कमेटी के वॉलंटियर्स को श्रावण मेले में बेहतर सेवाएं देने के लिए पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने सम्मानित किया। पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने श्री नयनादेवी जी मंदिर पहुंचे। दर्शन करने के बाद पंजाब की लंगर कमेटियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इसमें वालंटियरों को सम्मानित किया। लंगर कमेटी के प्रधान डॉ. सतपाल अग्रवाल ने पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। डॉ. सतपाल अग्रवाल ने पूर्व मंत्री को लंगर कमेटी वालों की समस्याओं से भी अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि श्री नयनादेवी जी में करीब 80 लंगर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लगाए गए हैं। पंजाब की समाजसेवी संस्थाओं की ओर से श्रद्धालुओं की सेवा के लिए वॉलंटियरों की ड्यूटियां लगाई जाती हैं।

# यहां हर 12 साल बाद शिवलिंग पर गिरती है बिजली

बिजली महादेव





कुल्लू से 14 किलोमीटर दूर 2,460 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चमत्कारिक बिजली महादेव मंदिर पर हर 12 साल बाद आकाशीय बिजली गिरती है। हालांकि खंडित शिवलिंग को पुजारी मक्खन से दोबारा जोड़ देते हैं। पवित्र शिवलिंग के दर्शनों के लिए उमड़े भक्तजन।

ADMISSION OPEN
DMLT | DOTT | DRIT | B.MLT | B. OTT
B.RIT | BMLT(LE) | MSc MLT | MSc MICRO
MSc MEDICAL | MICROBIOLOGY | BCA
MCA | MBA | BA | MA | BBA | HM | LAW
REASONABLE FEES ₹16500/- PER SEMESTER
NIMT - MOHALI: 7307307171

108 फुट हनुमान की मूर्ति





पुरानी मंडी के प्राचीन श्री राम मंदिर में विराजमान मनमोहक प्रतिमाएं।



भगवान रघुनाथ मंदिर में लगे खीर भंडारे के दौरान खीर ग्रहण करते श्रद्धालु।



राजधानी शिमला के ऐतिहासिक जाखू मंदिर में हनुमान जी की 108 फुट ऊंची मूर्ति है, जहां हजारों श्रद्धालु माथा टेकते हैं। यहां बाहरी राज्य से भी पर्यटक आते हैं।

मंडी का पौराणिक घंटाघर



मंडी शहर की शान घंटाघर। एक सदी पहले इसका निर्माण मंडी रियासत के राजाओं ने करवाया था। इससे पूर्व इसके बगल में एक बड़ा तालाब हुआ करता था।

देव मिलन



कुल्लू : जिला स्तरीय गाड़ागुशैणी मेले के दौरान हारगी उत्सव में महर्षि मार्कंडेय पेडचा और महर्षि मार्कंडेय कटूरनी का भव्य देव मिलन।



कुल्लू : देवता गणपति घुड़दौड़ अपने हारियान और कारकूनों के साथ शाही स्नान के लिए प्रस्थान करते हुए। इस स्नान का बड़ा ही महत्व है।

आस्था का केंद्र



ऊना का ऐतिहासिक धार्मिक स्थल धोमेश्वर सदाशिव मंदिर तलमेहड़ा जो लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।



मंडी जिले के नौबाही देवी मंदिर में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार के दौरान बच्चे।

हर हर महादेव



बैजनाथ में स्थित नागर शैली में बना भगवान भोलेनाथ का ऐतिहासिक बैजनाथ मंदिर है। इसे 1204 ईस्वी में अहुका और मन्युका नामक दो स्थानीय व्यापारियों ने बनवाया था। यह वैद्यनाथ (चिकित्सकों के प्रभु) के रूप में भगवान शिव को समर्पित है।

सोहना सजा मां का दरबार





श्रावण अष्टमी मेलों के दौरान आजकल मां चामुंडा देवी मंदिर में खासी रौनक है। श्रद्धालु दूर-दूर से यहां दर्शन के लिए आ रहे हैं तथा (दाएं) रंग-बिरंगी लाइटों से सजा मां का भव्य दरबार।

'देऊ खेल' का मंचन



लोक संस्कृति के ताने-बाने में बुने एक नाटक 'देऊ खेल' का कुल्लू के जमोट गांव में नन्हे कलाकार मंचन करते हुए।

हारगी उत्सव में नाटी की धूम



कुल्लू : जिला स्तरीय गाड़ागुशैणी मेले में हारगी उत्सव के दौरान भव्य नाटी में भाग लेते हुए हारियान एवं स्थानीय लोग। उत्सव के दौरान यहां भक्तिमय माहौल होता है।

# ज्वालाजी मंदिर में 5वें नवरात्र तक चढ़ा 13 लाख का चढ़ावा

## श्रद्धालुओं के लिए सप्तमी और अष्टमी को 24 घंटे खुले रहेंगे मां के मंदिर के कपाट

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री ज्वालाजी मंदिर में चल रहे श्रावण अष्टमी नवरात्रों के मद्देनजर तीन दिन छठी, सप्तमी व अष्टमी को मंदिर के कपाट 24 घंटे खुले रहेंगे। अभी पांच नवरात्र तक हजारों श्रद्धालु माता की पवित्र ज्योतियों के दर्शन कर चुके हैं। नवरात्र में देश के कोने-कोने से आए भक्तों ने पांच दिन में लाखों की चढ़त भी चढ़ाई है। मंदिर अधिकारी व तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शक्तिपीठ ज्वालामुखी में 5 नवरात्र तक 13 लाख का नकद चढ़ावा भक्तों द्वारा अर्पित किया गया है और 70 हजार श्रद्धालु माता ज्वाला के दर्शन कर चुके हैं। इस बार भी हर वर्ष की तरह मंदिर न्यास तीन दिन छठी, सप्तमी व अष्टमी को मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए 24 घंटे खुला रहेगा, ताकि सभी दर्शनों का लाभ पा सकें।



शनिवार को छठे नवरात्र पर ज्वालामुखी में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है और हजारों श्रद्धालु दर्शनों को पहुंचे हैं। शनिवार व रविवार छुट्टी होने के कारण ज्वालामुखी में चहल पहल नजर आ रही है। लंबी-लंबी कतारों में लगे श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर मंदिर न्यास ज्वालामुखी ने जगह-जगह यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हुए हैं।

श्रद्धालुओं के लिए तीन समय के लंगर, पार्किंग, पीने के पानी, शौचालय, दवाइयां व सफाई की उचित व्यवस्था की गई है। सभी श्रद्धालुओं को लाइनों में ही दर्शनों के लिए भेजा जा रहा है। सुरक्षा कर्मी जगह-जगह तैनात हैं और सीसीटीवी कैमरों से असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### पांचवें नवरात्र पर चढ़ा 4 लाख चढ़ावा

**मंदिर** अधिकारी व तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रावण अष्टमी के पांचवें नवरात्र पर भक्तों द्वारा 4 लाख 73 हजार 252 रुपए की राशि माता के चरणों में अर्पित की गई। उन्होंने बताया कि छठे नवरात्र पर लगभग 20 हजार श्रद्धालु माता के दर्शनों को पहुंचे। 65 सीसीटीवी कैमरों से मंदिर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। रविवार को छुट्टी होने के कारण श्रद्धालुओं का सैलाब बढ़ने की उम्मीद है।

# आठ हजार श्रद्धालुओं ने किए मां बज्रेश्वरी के दर्शन



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा के श्री ब्रजेश्वरी मंदिर में सावन अष्टमी मेले के दौरान शनिवार को मंदिर काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर में इतनी भीड़ थी कि श्रद्धालुओं की कतारें मंदिर के मुख्य गेट तक पहुंच गई थी। मंदिर के प्रांगण में कई श्रद्धालुओं ने लंगर लगाए थे, जिसमें छोले-भटूरे, पूरी छोले, लस्सी, मिठाई, पानी, राजमा-चावल, कड़ी-चावल इत्यादि थे।

जानकारी देते हुए मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार मोहित रतन ने बताया श्री ब्रजेश्वरी मंदिर कांगड़ा में माता के श्रावण अष्टमी मेले के दौरान शनिवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं भारी संख्या दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि लगभग 8000 श्रद्धालुओं माता के मंदिर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पांचवें दिन कुल 1 लाख 49 हजार 953 रुपए का चढ़ावा मंदिर में चढ़ाया गया था। मंदिर अधिकारी ने बताया कि मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आज सुबह 5 बजे मंदिर के कपाट खोल दिए गए थे, ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए बाईपास में मुख्य चौक पर भी पीने के पानी की वहां पर पानी की स्थायी टंकी लगाकर व्यवस्था की गई है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### मनोज ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए 11 हजार



**अनंत ज्ञान, डरोह।** संजय चौहान भारी बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने अक्षैणा व उसके आसपास के लगते क्षेत्रों में गए। इस दौरे में उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं व उनका यथासंभव निवारण भी करवा दिया। इसी दौरान एनपीएस कर्मचारी मनोज सूद ने सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार की ईमानदारी और कर्तव्य परायणता से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री राहत कोष में अपनी जमा पूंजी में से 11000 रुपए का चेक सहयोग के रूप में दिया और वचन दिया कि वह और उनके सहकर्मी साथी सदैव सरकार के साथ दृढ़ता से खड़े हैं।

### 50 बच्चों को पिलाई विटामिन-ए की दवाई




**अनंत ज्ञान, गरली।** ग्राम पंचायत गरली में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्रों के 50 बच्चों को विटामिन-ए की दवाई पिलाई गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परागपुर के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य केंद्र मूहीं के स्वास्थ्यकर्ता रमेश चंद शर्मा, ग्राम पंचायत गरली की आशा वर्कर शशि लता, सविता कुमारी, आंगनबाड़ी केंद्र मनियाला की कार्यकर्ता अमराज कौर, कार्यकर्ता सुनीता देवी, सरला देवी, सविता कुमारी ने इस अभियान को कामयाब करने के लिए 1 से 5 साल तक के एक-एक बच्चों को विटामिन ए की दवाई पिलाई।

### आज होगी गुरु रविदास महासभा की बैठक

**अनंत ज्ञान, गगल।** गुरु रविदास महासभा कांगड़ा की बैठक किसान भवन इच्छी में जिला कांगड़ा के अध्यक्ष केसी दियोल की अध्यक्षता में 11 अगस्त को होगी। बैठक में हिमाचल प्रदेश के गुरु रविदास महासंघ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश चंद भाटिया जो मुख्य अतिथि केरूप में शिरकत करेंगे और इस विशेष बैठक में जिला कांगड़ा के सभी ब्लॉक सदस्य गुरु रविदास महासभा के अध्यक्ष ब उनकी कार्य करनी के सदस्यों का उपस्थित होना अनिवार्य सुनिश्चित किया गया है। इस विशेष बैठक में संविधान में एससी/एसटी के आरक्षण में हो रहे बदलाव पर भी चर्चा होगी।

### केंद्रीय संस्कृत विवि में दिए अच्छी सेहत के टिप्स

**अनंत ज्ञान, गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर में सेहत अपने हाथों में विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. गुरिंद्र सिंह ने दर्द को बिना दवाइयों के कैसे ठीक कर सकते हैं। इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. सिंह ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में तनाव और दर्द प्रबंधन के लिए कई प्राकृतिक और गैर-औषधीय उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ध्यान, योग, एक्युप्रेशर, और विभिन्न व्यायामों के महत्व पर बल दिया। वहीं उच्च रक्तचाप और कमर दर्द जैसी आम समस्याओं के लिए फिजियोथेरेपी के लाभों की भी चर्चा की। डॉ. गुरिंद्र सिंह ने स्वास्थ्य के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया, जिसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों शामिल हैं।

### इच्छी में दुकानों में घुसा बरसात का पानी



**अनंत ज्ञान, गगल।** शनिवार सुबह 7:30 बजे के लगभग हुई भारी बरसात के चलते गांव इच्छी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर नालियों की निकासी न होने के कारण आसपास की दुकानों में पानी घुस गया। पानी इतना ज्यादा फैल गया कि उसने तालाब का रूप धारण कर लिया। इससे आने जाने वाले राहगीरों को बस लेने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांववासियों की यह जटिल समस्या बनी हुई है। संबंधित विभाग इस समस्या को तुरंत निपटाए और लोगों को राहत दिलाए। दुकानदार राम सिंह, सीवन कुमार, प्रदीप कुमार, सोनू कुमार और अरुण कुमार ने संबंधित विभाग से गुहार लगाई है कि जल्द इस समस्या का समाधान निकाले नहीं तो आंदोलन का बिगुल बजाना पड़ेगा।

### भवारना में अंडर-14 खेल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना खंड के अंडर-14 लड़के और लड़कियों की खेलों का



शुभारंभ शनिवार से राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में हुआ। इस कार्यक्रम का आगाज पूर्व विधायक व सीपीएस जगजीवन पाल द्वारा किया गया। इन खेलों में कुल 12 स्कूलों के 236 विद्यार्थी, जिसमें 139 लड़के व 97 लड़कियां भाग ले रही हैं। मुख्यातिथि ने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में बताया, उन्हें खूब परिश्रम करने, खेलों को खेल भावना से खेलने व नशे से दूर रहने की सलाह दी। प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया व खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बारी वार्ड के जिला परिषद सदस्य ध्रुव चौधरी, नौरा वार्ड की जिला परिषद सदस्य संतोष कुमारी, सुलह कांग्रेस के मंडलाध्यक्ष हरी सिंह, महामंत्री सुभाष चौधरी, खैरा पंचायत के प्रधान राजीव धीमान, रड़ा पंचायत के प्रधान लेखराज, बोदा पंचायत के उपप्रधान राजिंदर राणा, बीडीसी सदस्य मान चंद, रिटायर्ड प्रिंसिपल विक्रम गुलेरिया, राजिंदर जरयाल, एस एम सी प्रधान राकेश कुमार, एसएमसी सदस्य व सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

# डॉ. विशाल को मिला इंडिया मोस्ट प्रोमिनेंट स्कूल एक्सलेंसी अवॉर्ड

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



इंदौरा के प्रख्यात शिक्षाविद्, बिजनेसमैन एवं समाजसेवी और प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन को बेस्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल के लिए इंडिया मोस्ट प्रोमिनेंट एक्सलेंसी अवॉर्ड एडं मेरिट अवॉर्ड एडं मार्केट रिसर्च से उनकी शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर अनेक वर्षों से की जा रही उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 8 अगस्त को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। उनको भव्य सम्मान समारोह में इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बॉलीवुड अभिनेत्री जूही चावला और भारतीय बैडमिंटन की अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी साहिना नेहवाल ने नई दिल्ली में डॉ. विशाल महाजन को इस अवॉर्ड से नवाजा। (अनंत ज्ञान)

# कृषि यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**पालमपुर।** कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुलसचिव डॉ. मधु चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने कृषि महाविद्यालय, सामुदायिक महाविद्यालय तथा पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन किया है वे 19 अगस्त से पहले अपने सीयूईटी (यू जी-2024) तथा नीट-2024 के अंकों के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित औपचारिकताएं पूरी कर लें। कृषि महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के लिए बेस्ट ऑफ थ्री विषय के अंकों के आधार पर आवेदन पत्र पूरा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hillagric.ac.in पर जा सकते हैं।

# प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धताओं के पूरा न होने से हिमाचल में रुका रेलवे विस्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**राज्यसभा सांसद इंदु के सवाल पर रेलवे मंत्री ने दी जानकारी**

हिमाचल सरकार द्वारा अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा न कर पाने की वजह से हिमाचल प्रदेश में रेलवे लाइनों के निर्माण की प्रगति प्रभावित हुई है। इन रेलवे परियोजनाओं के तीव्र कार्यन्वयन के लिए राज्य सरकार का सहयोग अति जरूरी है।

रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव ने संसद में राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि पहली अप्रैल 2024 तक हिमाचल प्रदेश में 255 किलोमीटर लंबाई की चार नई रेलवे लाइनों का निर्माण कार्य, योजना स्वीकृति प्रगति पर है। इन रेलवे लाइनों के निर्माण कार्य पर 13,168 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मार्च, 2024 तक 6225 करोड़ रुपए लागत से 61 किलोमीटर लंबी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। करीब 63.5 किलोमीटर लंबी भानुपल्ली-बिलासपुर और बेरी रेलवे लाइन और 30 किलोमीटर लंबी चंडीगढ़-बद्दी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ निर्माण लागत को साझा करके शुरू किया गया है। रेलवे मंत्री ने संसद में बताया कि भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेलवे लाइन के निर्माण के लिए कुल 124.02 हेक्टेयर भूमि की जरूरत के मुकाबले अब तक 79.57 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है तथा इस परियोजना पर अभी तक 5205 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार के पास 1351 करोड़ की धनराशि बकाया है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 30 किलोमीटर लंबी चंडीगढ़ -बद्दी नई रेलवे लाइन के लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है तथा इस परियोजना पर अभी तक 727 करोड़ रुपए खर्च कर लिए गए हैं और 146 करोड़ हिमाचल सरकार के पास बकाया है।

# बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य ठप : मुल्खराज प्रेमी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तो पूरी तरह ठप हैं, लेकिन बाप-बेटे की राजनीति पूरे बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के सरकारी तंत्र पर पूरी तरह हावी है। उक्त शब्द पूर्व विधायक व भाजपा नेता मुल्खराज प्रेमी ने कहे। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि द्वारा स्कूल के कार्यक्रम का उद्घाटन तो समझ में आता है, लेकिन उसी स्कूल के कार्यक्रम के समापन समारोह में विधायक के बेटे किस हैसियत से मुख्य अतिथि के पद को शोभायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता आती-जाती रहती है, अधिकारी अपने पद का ध्यान रखकर कार्य करें, न कि एक परिवार को खुश रखने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के भ्रामक निर्णयों ने आम आदमी का जीवन यापन दूभर कर दिया है।

# टी बोर्ड ऑफ इंडिया की बैठक में कांगड़ा चाय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने पर मंथन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

टी बोर्ड ऑफ इंडिया की 250वीं बैठक पालमपुर में हुई। इसमें टी बोर्ड के अध्यक्ष और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया एवं उपाध्यक्ष सौरभ पहाड़ी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।




दिन भर चली इस बैठक में टी बोर्ड ऑफ इंडिया के करीब 29 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अध्यक्ष अमर दीप सिंह भाटिया ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कांगड़ा चाय को कैसे प्रमोट किया जाए, इसके महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। टी बोर्ड आफ इंडिया के सदस्य विनय शर्मा ने कांगड़ा चाय को लेकर बैठक में अपनी तरफ से कई मुद्दे रखे हैं। उन्होंने कांगड़ा चाय उत्पादकों की आर्थिकी को कैसे मजबूत किया जाए इस पर अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि कांगड़ा चाय को जब तक बड़े स्तर पर विकसित नहीं किया जाता, तब तक यहां के चाय उत्पादकों को चाय में अपनी आर्थिकी मजबूत कर पाना कठिन है।

कांगड़ा चाय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए इसे हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन और अन्य बड़े शहरों में कांगड़ा चाय के कैफे और साथ में इसकी प्रमोशन के लिए बड़े होर्डिंग्स होने चाहिए, ताकि लोगों को कांगड़ा चाय के बारे में सही जानकारी मिल सके। अब तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर असम की निलगिरी और पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग चाय की ही अपनी पहचान बनी है।

करीब 14 साल बाद पालमपुर में हुई टी बोर्ड ऑफ इंडिया की इस बैठक को अति महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे यह उम्मीद जताई गई है कि आने वाले दिनों में कांगड़ा चाय को एक नई दिशा मिलेगी।

# पूर्व मंत्री राकेश पठानिया ने फतेहपुर के 'रे' में रोपे पौधे

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत 'रे' के पीर बाबा की दरगाह में बड़े पैमाने पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नेता एवं पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया ने अपने समर्थकों के साथ रे क्षेत्र में पौधरोपण किया और बाबा पीर की दरगाह में लंगर का आयोजन किया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

पूर्व विधायक और मंत्री राकेश पठानिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व संगठन के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम पर बरसात के मौसम में पूरे भारत में पेड़ लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मौसम का इतना उलटफेर हुआ है कि लेह जैसे ठंडे क्षेत्र में भी भारी गर्मी पड़ी। पठानिया ने कहा कि इस मुहिम के तहत पिछले पंद्रह दिनों में पांच हजार से अधिक पेड़ लगाए जा चुके है। उन्होंने बताया कि भंडारे में जो लोग आए थे उन्हें एक पेड़ भेट स्वरूप दिया गया ताकि वह भी अपनी मां के नाम एक पेड़ लगा सकें।

### भवानी ने पेड़ लगाकर मनाया जन्मदिन

**विधानसभा** फतेहपुर के गांव रे के अंतर्गत पीर बाबा की दरगाह में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भवानी पठानिया ने शीश नवाया ओर एक पेड़ माँ के नाम लगा कर भाजपा की मुहिम को आगे बढ़ाया । इसके उपरांत उन्होंने युवा मोर्चा के संग अपने जन्मदिन का केक काटा।

# सड़क किनारे रखे तीन गैस सिलेंडर ले भागे युवक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** एनएच पठानकोट-मंडी सड़क मार्ग पर भट्ठू में सड़क किनारे गैस भरवाने रखे सिलेंडर्स को कुछ युवक अपनी मारुति 800 कार में डालकर भाग गए। हालांकि गैस सिलेंडरों के मालिक ने शोर भी मचाया, लेकिन चोर तुरंत सिलेंडर उठाकर कार में डाल वहां से रफ्फू चक्कर हो गए। सिलेंडर के मालिक तुलसीराम डोगरा ने पुलिस को भी सूचित कर दिया है। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला गया, जिसमें एक मारुति 800 कार में युवा सिलेंडर उठाकर भागते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन उसमें कार का नंबर अभी तक पता नहीं चल पाया है। डोगरा ने कहा कि वे सिलेंडर सड़क किनारे रूटीन में भरवाने के लिए रखते थे, ऐसे ही सिलेंडर्स भरवाने के लिए रखे थे लेकिन वहां कुछ युवक कार रोककर खड़े हुए और सिलेंडर उठाकर भाग गए। भट्ठू, के अलावा अरला और सालन से भी एक-एक सिलेंडर को उठाने के मामले सामने आए हैं। एसएचओ भवारना ने कहा कि पुलिस को इस बारे सूचना मिली है, जिस पर छानबीन जारी है।

# सुलयाली में 434 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

## एसडीएम गुरसिमर सिंह ने किया अंडर-14 खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**संजीव महाजन, नूरपुर**

शिक्षा खंड नूरपुर के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुलयाली में स्कूल प्रधानाचार्य करतार चंद की अध्यक्षता में ब्लॉक नूरपुर की अंडर-14 चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में 37 स्कूलों के 434 बच्चे भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ एसडीएम नूरपुर गुरसिमर सिंह ने किया। मुख्यातिथि ने इस प्रतियोगिता का सरस्वती वंदना पूजा-अर्चना के साथ की। प्रतियोगिता शुभारंभ मौके पर यहां हुई सभी स्कूल के बच्चों द्वारा परेड निकाल कर मुख्यातिथि को सलामी दी तथा एसडीएम द्वारा वालीबाल को बच्चों को देकर इस प्रतियोगिता की शुरुआत की गई।



मुख्यातिथि ने कहा कि आज पढ़ाई के साथ साथ खेलना भी बहुत जरूरी है। इन प्रतियोगिताओं से बच्चे लीडरशीप और कैसे प्रतिभा को दर्शाना है यह सब सीखते हैं जैसे कि ओलंपिक चल रहे है हम देख रहे हैं किस तरह 20-25 वर्ष के खिलाड़ी किस तरह अपनी प्रतिभा देखा रहे हैं यह जो अंडर-14 प्रतियोगिता हो रही है। यही से बच्चे अपने को तैयार कर सकते हैं और आगे जाकर नाम कमा सकते हैं। मेरा आयोजकों से आग्रह है कि इस प्रतियोगिता को बढ़िया तरीके से बिना किसी भेदभाव, किसी को चोट न पहुंचे, उस तरीके से करवाएं। (अनंत ज्ञान)

# थुरल स्कूल में अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में शनिवार से अंडर-14 थुरल जोनल लडके-लड़कियों की चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने किया। मुख्यातिथि ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई करते हुए बताया कि बच्चों में खेल की भावना आज के दौर में अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिभागियों की डाइट मनी 120 से बढ़ाकर 400 रुपए करने का फैसला लिया है। चौहान ने बच्चों को खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेलों से मनोरंजन तो होता ही है, इसके साथ साथ शरीर भी तंदुरुस्त रहता है। प्रधानाचार्य अनुपम बाला ने मुख्यातिथि के साथ आए हुए समस्त अतिथियों व विभिन्न विद्यालयों से आए हुए अध्यापकों का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 20 विद्यालयों के लगभग 300 के करीब लडके-लड़कियां विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर अनिल गुलरिया, अंजू गुलरिया, वंदना कायस्थ, वनिता जम्वाल, बलदेव सिंह, महेंद्र पटेल, उत्तम चंद, सिकंदर मिन्हास, सीमा, विजय राणा, प्रवीण, राजीव, अजय दीवान, अनिल शर्मा व राशि सूद आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### पढ़ाई के साथ खेलों का भी महत्व : मनकोटिया



**अनंत ज्ञान, गरली।** कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व वायस चेयरमैन सुरंद्र सिंह मनकोटिया ने राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में रक्कड़ जोन के अंडर-14 छात्र -छात्राओं की खेलप्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसमें रक्कड़ जोन के 40 स्कूलों के 548 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो -खो,बैडमिंटन, शतरंज तथा वॉलीबाल का आयोजन किया जा रहा है। मनकोटिया ने कहा कि खेलों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए खेल गतिविधियों से जुड़े रहना अति आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थीयों से खेलों को अपने जीवन का अंग बनाकर नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

### आपदा प्रभावितों से मिले मुख्य संसदीय सचिव

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** दियोल गांव में जमीन दरकने के कारण क्षतिग्रस्त हुए दो मकानों के प्रभावित परिवारों से शनिवार को मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने मुलाकात की। किशोरी लाल ने तहसीलदार बैजनाथ और बीडीओ बैजनाथ के साथ मौके का जायजा भी लिया और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। ग़ौरतलब है कि बीती रात को हुई भारी बारिश की वजह से उप मंडल के देयोल गांव में दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। इस मौके पर किशोरी लाल ने कहा कि सरकार दोनों परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाएगी। अभी बारिश के बीच इन मकानों में रहना सुरक्षित नहीं है और ना ही यहां पर अभी कोई बचाव का काम हो सकता है। ऐसे में बरसात के बाद यहां डंगे का निर्माण काम करवाया जाएगा। उन्होंने मौके पर प्रशासन को प्रभावित परिवारों को तिरपाल आदि देने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा प्रभावित परिवार जहां रह रहे हैं, वहां उन्हें कोई असुविधा न हो इसका भी इंतजाम करने का निर्देश दिया।



### पढ़ाई के साथ खेलें भी महत्वपूर्ण : किशोरी लाल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संसाल में बैजनाथ जोन अंडर 14 छात्र - छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में बैजनाथ जोन के 26 स्कूलों के 348 छात्र - छात्राओ भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो -खो, बैडमिंटन, शतरंज तथा वॉलीबाल का आयोजन किया जा रहा है। किशोरी लाल ने कहा कि खेलों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए खेल गतिविधियों से जुड़े रहना अति आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थीयों से खेलों को अपने जीवन का अंग बनाकर नशे से दूर रहने का आह्वान किया। सीपीएस ने कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति पर निर्भर है और युवाओं को सभी की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए देश तथा प्रदेश को विकास के स्वर्णिम पथ पर आगे बढ़ाना होगा। सीपीएस ने कहा कि प्रदेश के अनेक प्रतिभावान खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

### डीए की किस्त नहीं मिली तो सड़कों पर उतरेंगे पेंशनर्स

**अनंत ज्ञान, योल।** विश्वकर्मा मंदिर नरवाना बाजार में शनिवार को पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों ने सरकारों को अनदेखी पर कोसा। प्रधान सुरेश ठाकुर के अनुसार पूर्व की जयराम सरकार ने भी रिटायर्ड कर्मियों की अनदेखी की और वर्तमान सरकार भी अभी तक फिलहाल लॉलीपोप ही दे रही है। उन्होंने कहा कि 2016 से 2022 तक के रिटायर्ड कर्मियों को न तो अभी तक लंबित पड़ी डीए की किस्तें मिलीं और न ही कोई एरियर मिला। समय रहते रिटायर्ड कर्मचारियों की लंबित राशि का भुगतान नहीं हुआ तो रिटायर्ड कर्मचारी एकत्र होकर रणनीति तैयार कर सड़कों पर भी उतरेंगे और सरकार को घेरने के लिए विवश होंगा। इस मौके पर मदन पठानिया, शेखर शर्मा, राजिंद्र कश्यप, सुरेश खरोटिया, प्रकाश चंद एवं विभिन्न विभागों के रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर अंदर-19 एवं सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक निदेशक अचीवर हब पब्लिक स्कूल अमित भारद्वाज ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य अचीवर हब पब्लिक स्कूल ज्योतषना धीमान तथा शेखर राय उपस्थित रहे। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी विशाल मिश्रा, सर्वचंद धीमान, आरसी कटोच, पवन चौधरी, विकास सूद, विक्रम चौधरी, संदीप ढींगरा, सुभाष वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पहले दिन के मुकाबले में अंडर-19 लड़कों के एकल मुकाबले में धर्मशाला के समक्ष ने नूरपुर के शिवांश को, कपूर बैडमिंटन अकादमी के पीयूष ने धर्मशाला के तन्मय चौधरी को, कपूर बैडमिंटन अकादमी के करण शर्मा ने गगल के अर्पित मन्हास को, धर्मशाला के दिव्यांश नरयाल ने अथर्व ठाकुर को, आलमपुर के आयुष राणा ने कपूर बैडमिंटन अकादमी के विशाल को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

### नौरा में अंडर-14 खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शिक्षा खंड धीरा के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के अंडर-14 वर्ग की छात्र व छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ शनिवार को हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नौरा में किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में शिक्षा खंड धीरा के 17 विद्यालयों के 294 छात्र व छात्राएं भाग ले रहे हैं। अपने संबोधन में संजय चौहान ने बच्चों से खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

# धर्मशाला में हुड़दंगियों, ओवरस्पीड राइडर्स पर बढ़ेगी पुलिस निगरानी

## स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर में इंस्टाल किए जा रहे छह आईटीएमएस

**सोनाली संधू, धर्मशाला**

जिला मुख्यालय धर्मशाला में हुड़दंगियों और ओवरस्पीड राइडर्स पर पुलिस निगरानी बढ़ने वाली है। शहर में 6 इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) इंस्टाल किए जा रहे हैं, जिन्हें जल्द शुरू कर दिया जाएगा।



आईटीएमएस के माध्यम से शहर व शहर से बाहर जाने वाले मार्गों पर ट्रैफिक रूल्स की अवहेलना करने वालों पर पुलिस की निगरानी बढ़ जाएगी।

गौरतलब है कि जिला पुलिस द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत इन आईटीएमएस की स्थापना की जा रही है। जिला में वर्तमान में दो आईटीएमएस संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें एक धर्मशाला सिविल लाइन में और दूसरा ज्वालामुखी में स्थापित किया गया है।

शहर में आईटीएमएस स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोग ट्रैफिक रूल्स का पालन करें, ओवर स्पीड न चलें, दोपहिया वाहनों के साथ हुड़दंग न मचाएं। (अनंत ज्ञान)

### पालमपुर रोड पर लगेंगे तीन आईटीएमएस



**एएसपी** कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि 6 नए आईटीएमएस में से 3 पालमपुर रोड पर लगेंगे। एक कचहरी के साथ, दूसरा सिद्धबाड़ी में और तीसरा शीला चौक से पास्सू को जाने वाले रोड पर स्थापित होगा। शेष तीन आईटीएमएस चीलगाड़ी, सकोह और धर्मशाला-सुधेड़ रोड पर स्थापित किए जा रहे हैं। आईटीएमएस स्थापित होने उपरांत जब चालकों को ज्ञान होगा तो उनकी स्पीड नियंत्रित होगी, जबकि वर्तमान में कई जगहों से दोपहिया वाहन चालक हों या चौपहिया वाहन चालक कई बार तेज रफ्तार वाहन दौड़ाते हुए नजर आते हैं।

### स्पीड लिमिट के बोर्ड भी लगाए जाएंगे

**शहर** में बड़ी गाड़ियों के लिए स्पीड लिमिट 25 किलोमीटर प्रति घंटा और छोटी गाड़ियों के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रहती है। वहीं, प्लेन एरिया में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड रहती है। आईटीएमस स्थापित होने के उपरांत स्पीड लिमिट के बोर्ड भी जगह-जगह लगाए जाएंगे। आईटीएमएस स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोग ट्रैफिक रूल्स का पालन करें, ओवर स्पीड में गाड़ी न चलाएं और दोपहिया वाहनों के साथ हुड़दंग न मचाएं।

## हैप्पी बर्थडे



रेहन के आशीष धीमान को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# शिक्षा के साथ खेलों के लिए भी मिलेंगी बेहतर सुविधाएं : बाली

## बड़ोह में नगरोटा जोन की अंडर-14 खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा के साथ साथ खेलकूद की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ोह में नगरोटा जोन की अंडर-14 खंड स्तरीय प्रतियोगिता का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में किसी एक खेल को अवश्य अपनाना चाहिए क्योंकि खेलकूद के कारण व्यक्ति का तन और मन स्वस्थ्य रहते हैं और खेलें हमें अनुशासन भी सिखाती हैं।

इस अवसर पर उन्होंने बड़ोह स्कूल के विकास के लिए लगभग 50 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। इस राशि का उपयोग खेल मैदान, अतिरिक्त क्लासरूम, स्कूल बाउंड्री की मरम्मत, डिजिटल लाइब्रेरी, वर्चुअल लैब, सोलर लाइट और शौचालय निर्माण के लिए किया जाएगा।



### विधायक ने दानी सज्जनों को किया सम्मानित

**विधायक** ने पाठशाला के लिए दान देने वाले दानी सज्जनों का धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। दानी सज्जनों में स्कूल के मुख्य द्वार का निर्माण डॉ. अशोक चौधरी ने अपने पिता स्वर्गीय जैयसी राम चौधरी की याद में बनवाया, पाठशाला में अटियाला का निर्माण कौलां देवी ने अपने पति और पुत्र की याद में किया, भूसल निवासी लाभा राम और पत्नी प्रभी देवी ने भी अटियाला बनवाया। पाठशाला में नेशनल फ्लैग बनाने के लिए एसडीओ कमलेश कौंडल ने 1 लाख 1 हजार की राशि दान दी और इसी फ्लैग के निर्माण के लिए मुख्य अतिथि ने भी 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। पूर्व जिला परिषद शशि बाला ने स्कूल के विकास कार्यों हेतु 2 लाख की राशि दान की। पाठशाला के लिए सुनीता देवी ने अपने पति स्वर्गीय सुखराम धीमान की याद में एक वाटर कूलर दिया, वालिया फैमिली ने पिता स्वर्गीय चमारू राम, माता स्वर्गीय सुतो देवी और पुत्र स्वर्गीय प्रीतम चंद की याद में एक वाटर कूलर दिया। गया देवी ने अपने पति स्वर्गीय रौदा राम की याद में एक वाटर कूलर दिया, रिटायर्ड सुपरिंटेंडेंट विशन दास ने भी स्कूल के लिए एक वाटर कूलर दान किया और ओम प्रकाश ने भी अपनी बहू की याद में पाठशाला के लिए एक वाटर कूलर दान किया। मुख्यातिथि ने इन सभी को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

# सुक्खू सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी बढ़ाई : केवल पठानिया

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का विशेष महत्व है। खेलों से छात्रों में खेल भावना के साथ साथ अपने आत्मसम्मान, सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। खेलें समय प्रबंधन और अनुशासन के बारे में भी सिखाती हैं तथा बच्चों को तनाव और अवसाद को कम करने में मदद करती हैं।

### कल्याड़ा में स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

शनिवार को शाहपुर विधानसभा के रावमापा कल्याडा में रैत खण्ड की अंडर 14 छात्र-छात्राओं की खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के उपरांत उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी भी बढ़ाई है तथा मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में उल्लेखनीय वृद्धि कर उन्हें उचित सम्मान दिया है ।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में बच्चों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है अपितु पूर्ण मार्गदर्शन के अभाव में कई बार ऐसी प्रतिभाएं पीछे रह जाती हैं। पूर्व प्रधान बलवीर चैधरी ने उपमुख्य सचेतक का यहाँ आने पर स्वागत किया व विभिन्न विकास कार्यों हेतु उनका क्षेत्र की जनता की ओर से आभार जताया। इस अवसर पर उपमुख्य सचेतक कक स्कूल की ओर से शाल-टोपी तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इससे पहले उपमुख्य सचेतक ने एक करोड़ से निर्माणाधीन नागनपट्ट पीएचसी भवन का निरीक्षण किया। (अनंत ज्ञान)

### टांडा अस्पताल में जाना मरीजों का कुशलक्षेम



**केवल** सिंह पठानिया राजिंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में दाखिल मरीजों को देखने भी पहुंचे। पठानिया ने एमएस एवं सीनियर स्पेसलिस्ट डॉक्टरों सहित सभी वार्डों में जाकर मरीजों का कुशलक्षेम पूछा और वार्डों की स्थिति जानी। मरीजों के तमीरदारों का कहना था कि पहला विधायक देखा, जो हर स्थिति में जनता के बीच जाकर उनके साथ खड़ा रहता है। जब किसी को भनक ही नहीं थी तब सुबह 6 बजे टांडा पहुंच गए। पठानिया ने कहा कि मुझे जो जनता ने विश्वास करके अपना सेवक चुना है उस जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाउंगा। उसमें कोई कमी नहीं आने दूंगा।

# डाह कुलाड़ा में अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

शनिवार को अंडर-14 जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाह कुलाड़ा में दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन बतौर मुख्यातिथि सम्मिलित हुए। यहां विभिन्न स्कूलों से आए प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर मुख्यातिथि को सलामी दी। इस दौरान स्थानीय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कीं।

प्रिंसिपल नव प्रकाश पुरी ने बताया कि 4 दिन चलने वाली उक्त खेलकूद प्रतियोगिताओं में क्षेत्र के 38 विद्यालयों के 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के 525 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। उन्होंने इस दौरान स्कूल की समस्याएं विधायक को बताईं।

वहीं, विधायक ने अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार की राशि प्रदान करने की घोषणा की और जो भी अन्य समस्याएं होंगी, उन्हें प्राथमिकता पर हल करने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

# ग्रामीणों ने खुद बना दीं एक किमी लंबी नालियां

## बड़ोह के छूघेरा-सद्दूं रोड पर लगाई जेसीबी, टिप्पर से उठाया मलबा

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां हलके के तहत तीन हलकों को जोड़ने वाली छूघेरा-सद्दूं सड़क पर शनिवार को क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने अपने दम पर एक किलोमीटर लंबी नालियां बना दीं। इस अभियान में एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट अध्यक्ष, समाजसेवी व नंबरदार बलविंद्र सिंह बबलू ने अपनी तरफ से जेसीबी और टिप्पर निशुल्क दिए। ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने पिछले साल की तरह इस बार भी बरसात में इस रोड को कई जगह बिना निकासी नाली के छोड़ दिया था।

ऐसे में बरसात का पानी उनकी निजी जमीन तक आ रहा था। लोगों ने कई बार विभाग व प्रशासन से इस समस्या के बारे में समाधान की अपील की थी, लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं मिला। विभाग से मदद न मिलने पर ग्रामीणों ने एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट अध्यक्ष, समाजसेवी व नंबरदार बलविंद्र सिंह बबलू से बात की। बलविंद्र बबलू ने ग्रामीणों के आग्रह को स्वीकार करते हुए शनिवार को सुबह से लेकर बाद दोपहर तक अपनी जेसीबी मशीन से नालियां खोदने में मदद की। दोपहर तक ग्रामीणों ने एक किलोमीटर लंबी नालियां खोदकर तैयार कर ली थीं। जेसीबी से मलबा निकाला जा रहा था तो टिप्पर में मलबे को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जा रहा था। नंबरदार बलविंद्र सिंह बबलू ने बताया कि यह सड़क नगरोटा बगवां के अलावा सुलाह व ज्वालामुखी को भी जोड़ती है। छूघेरा, लूहना, सद्दूं, खंबा, टोरू, सरूट के अलावा सुलाह व ज्वालामुखी के ग्रामीण रोजाना इस रोड से गुजरते हैं।

सद्दूं के ग्रामीणों प्रकाश चौधरी, रमन चौधरी, बिंदू बाला, किशन आदि ने बताया कि नालियां न होने से घरों तक पानी आ रहा है। बरसात में घरों को खतरा हो गया है। विभाग व जिला प्रशासन को इस बारे में उचित कदम उठाने चाहिए। (अनंत ज्ञान)



### गगल में पकड़े दो चोर

**गगल।** मटौर कॉलेज के सामने बर्गर की रेहड़ी लगाने वाले सतीश कुमार की रेहड़ी पर सुबह 7:30 बजे दो बाइक सवार आए तथा रेहड़ी पर रखा 9 किलो का पतीला लेकर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस पतीले को गगल के एक कबाड़ी की दुकान में बेचते हुए पुलिस ने दोनों चोरों को रंगे हाथों पकड़ लिया। इतना ही नहीं एक घंटा पहले सुबह चोरों ने गगल में ढाबा चलाने वाले सतीश कुमार के घर को निशाना बनाया और वहां से ग्रिल तोड़कर दो संदूक को उड़ा ले गए थे। पुलिस चोरों से पुलिस थाने में सख्ती से पूछताछ कर रही है।

### शराब की खेप बरामद

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत टांडा बाईपास रोड पर एक गाड़ी नंबर एचपी 68-5180 से 81,000 मिलीलीटर देसी शराब व 9,000 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। वहीं, अंद्रेटा में भी एक दुकान से 7 बोतलें देसी शराब बरामद की गई हैं।

## पालमपुर कॉलेज में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के सभागार में शनिवार को बीसीए विभाग के सौजन्य से बीसीए प्रथम सत्र का इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्यातिथि के रूप में संस्थान से सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. अनिल आजाद और सेवानिवृत्त सह प्राध्यापक डॉ. सुनील कटोच ने शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र पाल ने पुष्पगुच्छ भेंट करके मुख्यातिथियों का स्वागत किया। बीसीए विभाग के समन्वयक डॉ. दिवाकर ने मुख्यातिथियों का परिचय देते हुए उनकी योग्यताओं और शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि डॉ. अनिल आजाद ने नवांगतुक विद्यार्थियों को कंप्यूटर कोर्स की उपयोगिता और प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्राप्त होने वाले रोजगार के लिए मार्गदर्शन किया। इन रोजगारों की प्राप्ति हेतु अतिशय मेहनत और लगन की आवश्यकता होगी। इसके साथ-साथ मोबाइल के दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया।

# पीजी कॉलेज धर्मशाला में आभार समारोह में दिखाई दी लोक संस्कृति की झलक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय पीजी कॉजेल धर्मशाला के गद्दी समुदाय के छात्रों की कैलाश एसोसिएशन ने 2023 -24 वार्षिक आभार समारोह कॉलेज ऑडिटोरियम में बड़े धूमधाम से मनाया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अध्यक्ष करीना चौहान के नेतृत्व मे इस कार्यकर्म का आयोजन किया। आभार समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार पठानिया ने शिरकत की, जबकि डॉ. अमित कटोच और तरसेम जरियाल ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की।

समारोह का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कैलाश संगठन की अध्यक्षा करीना चौहान व पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों को बैज और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभागार मे उपस्थित जनसमूह का खूब मनोरंजन किया। हून वो कताईं जो नसदा धुड़ूआ शिव शंभु भजन पर विशेष प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। विशेष अतिथि डॉ. अमित कटोच ने कहा कि गद्दियाली संस्कृति की अपनी अलग ही पहचान है और वे कैलाश संगठन से दिल से जुड़े हैं।

उन्होंने आगे कहा कि उनकी पीएचडी भी ग्रामीण पर्यटन क्षेत्र से हुई है। उन्होंने कैलाश संगठन की तारीफ करते हुए बताया कि यह संगठन समय-समय पर काफी अच्छे आयोजन करता रहता है और समाज में बढ़-चढ़कर योगदान दे रहा है। गदियाली संस्कृति की छाप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रही है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विश्व कप के दौरान न्यूजीलैंड क्रिकेटर भी गद्दियाली संस्कृति के मुरीद और दीवाने हुए थे। छात्र जीवन संघर्ष का दूसरा नाम है, इसलिए विद्यार्थी संघर्ष से न डरें, संघर्ष से हमेशा सफलता मिलती है।



## पौधरोपण

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण, औरों को भी प्रेरित किया

# केंद्रीय विवि के कुलपति सचिवालय में वीसी ने लगाया पौधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कुलपति सचिवालय में पौधा रोपित किया। इस मौके पर डॉ. सुनीता बंसल भी मौजूद रहीं।

कुलपति ने शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'मां के नाम पर एक पेड़ लगाया है, उसकी छांव में जीवन का सुख पाया है।' केंद्रीय विश्वविद्यालय के सभी शोधार्थी/शिक्षार्थी और शिक्षक एक-एक पौधा रोपित करके अपनी मां को समर्पित करेंगे तथा उस पौधे की देखभाल रखेंगे। हमारी बहर्तीय संस्कृति की अनूठी विशेषता है जहां पेड़-पौधे, नदी-पर्वत, पाषण सहित अपनी माता भूमि की रज को भी उपासना पद्धति के रूप में देखते हैं। संसार में हमारा देश ही एक श्रेष्ठता का प्रतीक है। यहां 'यह भूमि हमारी माता है जिसके हम पुत्र हैं' का चिंतन सर्वप्रमुख है। कुलपति ने यह भी कहा कि प्रत्येक शिक्षार्थी लगाए गए पौधे के साथ अपना छाया चित्र, सेल्फी लेकर विश्वविद्यालय को भेजेगा, सर्वश्रेष्ठ पांच विद्यार्थियों को इस अभियान के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा।




हम अमृतकाल से गुज़र रहे हैं। वर्ष 2047 तक हमें विकसित भारत को अपने सामने देखना है, इसलिए यहां यह भी आवश्यक हो जाता है कि पर्यावरण की दृष्टि से भी हम भारत को सशक्त बनाएं। आज जहां भी हम देखते हैं वहां हम कंक्रीट का जंगल देखते हैं,जो कोमलता का प्रतीक नहीं है, संवेदना शून्य होकर हम गगन चुम्बी महलों में तो रह रहे हैं किंतु संवेदनहीन होकर। हमारे पास आज मकान हैं घर नहीं।

इस अभियान के द्वारा हम अपनी मां से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा, अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील ठाकुर सहित सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल के शिक्षार्थी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी सहित हिंदी विभाग और दीनदयाल उपाध्याय अध्ययन केंद्र के शोधार्थी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सूचना

दी घरोह कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित गांव व डा. घरोह, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) सभा के सेवादार पद भरने के लिए आवेदन पत्र 26-08-2024 तक सभा कार्यालय में आमंत्रित किए जाते हैं। इसके पश्चात कोई भी प्रार्थना स्वीकार नहीं होगी। इस की शर्तें सभा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भरेड़ी को नगर पंचायत बनाने की मांग



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन संघ भरेड़ी ने शिवालिक हाउस भरेड़ी के सदन में एक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीएल भारद्वाज ने की। बैठक में भरेड़ी को नगर पंचायत का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित किया गया। यह भी संकल्प लिया गया कि प्लास्टिक कचरे को पंचायत द्वारा आसपास के गांवों में उपलब्ध कराए जाने वाले कंटेनरों में एकत्र किया जाना चाहिए और ऑटो के चालक को सौंप दिया जाना चाहिए। इस मौके पर विद्यासागर शर्मा, विनोद शर्मा, प्रताप सिंह, विधि चंद कौशल, जगदेव ठाकुर, सुभाष कपिल, कुलवंत रॉय, चुनी लाल शर्मा, मौजी राम, प्रताप चन्द शर्मा, मास्टर अमर नाथ, जगदेव शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### सर्व समाज कल्याण सभा ने गरीब परिवार को दी आर्थिक मदद



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था सर्व समाज कल्याण सभा के पास जो भी जरूरतमंद व्यक्ति आर्थिक सहायता के लिए अपनी फरियाद लेकर पहुंचा है, संस्था द्वारा उसकी आर्थिक सहायता करती है। हर बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा क्षेत्र में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की जा रही है। संस्था ने कस्बा बड़ा के एक जरूरतमंद परिवार राजबीर सिंह गांव दोबड़ खुर्द को 5000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर संस्था के प्रधान सुभाष कौंडल, सुदर्शन जरियाल, तिलक राज, परमजीत सिंह, जगदीश पटियाल व कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के महासचिव देवराज गोस्वामी ने दी। (अनंत ज्ञान)

### सुजानपुर के जंदडू के लिए बस सेवा का टोटा

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के सबसे अति दुर्गम जंदडू क्षेत्र के लिए बेहतर बस सेवाएं न होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन एवं प्रशासन को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन इसके बावजूद भी बस सेवा का विस्तार नहीं किया गया। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।ग्रामीण राजकुमार, सुरेश कुमार, रीना देवी, अजय कुमार, मदन लाल सहित अन्य ने बताया कि सुबह 7.30 बजे जंदडू से हमीरपुर चलने वाली एचआरटीसी खचाखच भर जाती है। बस की हालत देखकर आपको अंदाजा हो जाएगा कि लोगो के जान माल की एचआरटीसी कितनी हितेषी है। जब यह बस जंदडू से 6 किलोमीटर बनालग पहुंचती है तब इस बस की सारी सीटें भरी हुई होती है। 2 किलोमीटर तक पौहज में इस बस की यह हालत होती है कि आगे पड़ने वाले बस ठहराव पर तो सवारी बिठाई भी नहीं जाती है। आए दिन इस रूट पर भेजी जाने वाली बसें खराब ही रहती हैं। नए बस रूट की मांग भी की गई, लेकिन वह भी मांग कागजों तक ही सीमित रह गई है। सुबह 8:20 मिनट के बाद सुजानपुर से बाया जंदडू से हमीरपुर के लिए 2 बजे तक इस रूट पर निगम की कोई भी बस सेवा उपलब्ध नहीं है। जिससे लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। बस निगम को इस विषय पर गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए और इस रूट पर और बसें लगाई जाए ताकि लोगों का विश्वास एचआरटीसी हमीरपुर पर बना रहे। (अनंत ज्ञान)

### अंडर-14 बैडमिंटन में जोल स्कूल बना विजेता

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** प्रारंभिक शिक्षा खंड भोरंज के अधीन आने वाले स्कूलों की अंडर-14 वर्ग में लड़कियों की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बहेहर में शनिवार को संपन्न हुई। समापन्न समारोह में मुख्यातिथि रहे बडैहर पंचायत के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता वतन सिंह डोगरा ने विजेता व विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता में हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। बैडमिंटन के खेल में मिडल स्कूल जोल के खिलाड़ियों ने रावमापा लुद्दर महादेव को हरा कर विजेता ट्रॉफी जीती। इसी तरह कबड्डी के खेल में रावमापा भोरंज विजेता और हाई स्कूल धिरवीं की टीम उप विजेता बना। खो-खो के खेल में डीएवी लझयाणी ने विनायिका पब्लिक स्कूल लदरौर को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रारंभिक शिक्षा खंड भोरंज के 22 सरकारी व 3 निजी स्कूलों के करीब 207 खिलाड़ियों ने कबड्डी, वालीबॉल, बैडमिंटन, खो-खो और चैस प्रतियोगिता में अपने खेल का जौहर दिखवाया।



### खो -खो और वॉलीबॉल में रैली जजरी रहा विजेता

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के शिक्षा खंड बिझड़ी के स्कूलों की अंडर-14 लड़कियों की खेल प्रतियोगिता का शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धबीरी के खेल मैदान में समापन हो गया। इस प्रतियोगिता के समापन में समाजसेवी राकेश चंद्र ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। मुख्यातिथि ने विजेता और उपविजेता टीमों को मैडल और ट्रॉफी से सम्मानित करते हुए विजेता टीम को अपनी तरफ से 3-3 हजार और उपविजेता टीम को 2-2 हजार की नकद प्रोत्साहन राशि भी दी। खो-खो और वॉलीबॉल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीमें पहले तथा राजकीय उच्च विद्यालय चकमोह और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धंगोटा की टीमें दूसरे स्थान पर रहीं। बैडमिंटन में सनराइज स्कूल सोहारी की टीम पहले और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी की टीम दूसरे स्थान पर रही।



# साढ़े चार साल बाद जेओए आईटी के 1841 अभ्यर्थियों को मिली नौकरी

## जब तक परिणाम नहीं निकला क्रमिक अनशन पर डटे रहे अभ्यर्थी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर द्वारा वर्ष 2020 में जेओए आईटी पोस्ट कोड 817 के 1855 पद भरने के लिए अधिसूचना जारी की थी जिसका परिणाम शुक्रवार को देर शाम घोषित कर दिया है। कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर में पेपर लीक मामले के बाद प्रदेश सरकार ने सभी परिणामों को घोषित पर रोक लगा दी थी। जिसके चलते सैकड़ों अभ्यर्थी नौकरी पाने का इंतजार कर रहे थे।

बता दें कि पोस्ट कोर्ड 817 के अभ्यर्थियों ने पहले शिमला में विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया था, उसके बाद मुख्यमंत्री ने इन पदों का परिणाम घोषित करने का आश्वासन दिया था। अभ्यर्थियों को 7 जुलाई को इन पदों का परिणाम घोषित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन तय तारीख को भी इन पदों का परिणाम घोषित नहीं किया गया। अभ्यर्थियों ने राज्य चयन आयोग के बाहर क्रमिक अनशन शुरू किया था, जो 23 दिन तक चला, यानी जब तक राज्य चयन आयोग ने परिणाम घोषित नहीं किया तब तक अभ्यर्थी क्रमिक अनशन पर डटे रहे।



रिजल्ट निकलने पर क्रमिक अनशन पर डटे रहे अभ्यर्थी। (फाइल फोटो)

राज्य चयन आयोग द्वारा जारी किए गए परिणाम में 5600 अभ्यर्थियों में से 1841 अभ्यर्थियों को नौकरी मिल गई है। क्रमिक अनशन पर बैठे अभ्यर्थियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया है और

**शुक्रवार देर शाम राज्य चयन आयोग ने जारी किया पोस्ट कोर्ड 817 का परिणाम**

परिणाम घोषित करने पर प्रदेश सरकार और राज्य चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. आरके पुरुथी का धन्यवाद किया है। अभ्यर्थियों में अभिषेक, सियानी, राहुल, सौरव, अनिल, मनोज, सुनील, आरजू, नीलम, बबीता और स्वाति ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विशेष तौर पर धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही ज्वाइनिंग करेंगे। गौर रहे कि जेओए आईटी के 1855 पदों के लिए प्रदेश के 2 लाख से अधिक युवाओं ने आवेदन किया था। जिसमें 19 हजार अभ्यर्थियों का टाइपिंग टैस्ट लिया था। टाइपिंग टैस्ट के बाद 5600 अभ्यर्थियों में से इन पदों पर चयन किया जाना था। जिसका इंतजार समाप्त हो चुका है। प्रदेश के 1841 युवाओं का रोजगार मिल गया है। (अनंत ज्ञान)

## शिमला के बाद हमीरपुर में भी स्क्रब टायफस का मामला आया सामने



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शिमला आईजीएमसी में स्क्रब टाइफस से एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आने के बाद हमीरपुर में भी स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। हमीरपुर जिले में स्क्रब टायफस का एक मामला सामने आया है जिसके चलते हमीरपुर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि बरसात के दिनों में अगर किसी व्यक्ति को हल्का-सा बुखार भी आए तो भी तुरंत इसकी जांच अस्पताल में करवाएं और खेतों में कामकाज करते समय अपने शरीर को ढक कर रखें क्योंकि सब टाइफाइड एक पिस्सू के काटने से होता है।


संजय जगोता, सीएमओ

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय जगोता ने कहा कि एक मामला ही स्क्रब टायफस का सामने आया है। यह बीमारी खेतों में पिस्सू के काटने से होती है और इसके बचाव के लिए शरीर को ढक कर खेतों में कामकाज करने की सलाह दी जा रही है। साथ ही अगर किसी व्यक्ति को जरा-सा भी बुखार आने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में उपचार करवाएं।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता स्वतंत्रता दिवस पर होंगे सम्मानित

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल में 77वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य पर 13 अगस्त को 11 बजे से 12.30 बजे तक डेढ़ घंटे में शीर्षक आजादी के 77 वर्ष सफलता व सीख पर अंग्रेजी व हिंदी भाषा में निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई जाएगी।



भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने बताया कि निंबध लेखन प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्वाड़ी) में होगी, इसमें 11वीं, 12वीं कक्षा व कॉलेज में पढ़ रहे सटूडेंट्स व अन्य जिनकी आयु 25 वर्ष तक है, निबंध प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इसमें प्रतिभागियों से एंट्री फीस नहीं ली जाएगी। उन्होंने कहा कि निबंध लेखन 11 बजे शुरू होगा और डेढ़ घंटे में 1000 शब्दों में पूरा करना होगा। प्रतिभागियों को लेखन सामग्री व पेपर स्वयं लाना होगा। प्रथम स्थान पाने वाले को 2100, द्वितीय 1100 व तृतीय 500 रुपए व मेडल देकर 15 अगस्त को भरेड़ी में सम्मानित किया जाएगा। भाग लेने वाले छात्र राजकीय महाविद्यालय भोरंज की डॉ. आशा व प्रो. पूजा से संपर्क करें। (अनंत ज्ञान)

## 4818 बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की दवाई

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने शिक्षण संस्थानों व आगंनबाड़ी केंद्रों में एक वर्ष से लेकर 19 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई और बच्चों को जागरूक किया गया।

प्राथमकि स्वास्थ्य केंद्र जाहू के पर्यवेक्षक रघुवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर उपस्वास्थ्य लुद्दर महादेव, लगमन्वीं, भलवानी, जमली व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाहू के अधीन आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों व शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एक वर्ष से 5 साल के करीब 1125 बच्चों तथा 6 से 19 वर्ष के करीब 3693 बच्चों को दवाई खिलाई गई है। इस कार्य को स्वास्थ्य विभाग की टीम में बाखूबी से पूरा किया है।

**भुक्कड़ स्कूल में मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस**

उधर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया तथा बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चों के शरीर व दिमाग का पूर्ण विकास नहीं होता। इसके अलावा पोषण और खून की कमी भी होती है। इससे बच्चों में थकावट भी रहती है। संक्रमण की दवाई खाने से बच्चे स्वस्थ होंगे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी उपस्थित रही।


स्वास्थ्य विभाग की टीम बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाती हुई।

## विधायक आशीष ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत भगेटू, पंधेड़ के बल्यूट गांव, नेरी के कमलाह गांव और वार्ड 10 हमीरपुर में विधायक आशीष शर्मा ने पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने सभी से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की एवं पौधों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में यह अभियान चल रहा है, जिसके तहत हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में भी लगातार पौधे लगाए जा रहे व लोगों को वितरित भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बरसात में 10000 पौधे पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगाने का निर्णय लिया है और इसी कड़ी के तहत प्रत्येक बूथ पर पौधों का वितरण किया जा रहा है।



## जन सुविधाएं छीन रही सुक्खू सरकार : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले अपने चुनावी घोषणा पत्र में जनता को कई गारंटियां देने का सब्जबाग दिखाने वाली सुक्खू सरकार ने गारंटियां लागू करना तो दूर रहा, अब जनता को दी जाने वाली सुविधाओं पर भी कैंची चलाना शुरू कर दी है।



उन्होंने प्रेस बयान में कहा कि विधानसभा सीटों के उपचुनाव के दौरान भी सुक्खू सरकार ने जनता को भ्रमित करने के लिए कई लुभावने वादे किए थे, लेकिन अब उन वादों से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हजारों बेरोजगार युवा आज नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं। प्रदेश की 18 साल से ऊपर आयु वर्ग की सभी महिलाएं 1500 रुपए मासिक भत्ते की बाट जोह रही हैं, लेकिन आधा प्रतिशत महिलाओं को भी यह लाभ नहीं मिल पाया है।

उन्होंने कहा कि लोगों को सुविधा देना तो दूर रहा, सरकार अब सुविधाएं छीनने पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों का राज्य परिवहन निगम की बसों में यात्रा सुविधा को बंद किया जाना बहुत अफसोसजनक है। सरकार द्वारा पुलिस के लिए फ्री यात्रा शब्द का प्रयोग किया जाना पुलिस कर्मचारियों के स्वाभिमान के खिलाफ है और ऐसा करके सरकार ने जनता के बीच पुलिस की छवि को ठेस पहुंचाने की कोशिश की है।

## सीएम सुक्खू ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए उठाए कदम : नरेश

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नरेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने सत्ता में आने से पहले जो वादे प्रदेश की जनता के साथ किए थे, उन्हें एक-एक करके पूरा कर रहे हैं। जिस समय हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी तो उस समय भाजपा की सरकार के कार्यकाल में आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय थी और प्रदेश में करोड़ों का कर्ज छोड़ कर गई थी। जब से सीएम सुक्खू ने हिमाचल की बागडोर संभाली तो उन्होंने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के कदम उठाए और आज उसी कर परिणाम है की प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। परंतु भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल को प्रदेश में जो विकास हो रहा है वह दिखाई नहीं दे रहा है। वह यह भूल चुके हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का कार्यकाल घोटालों और भ्रष्टाचार से डूबा रहा। पिछले साल प्रदेश के अंदर इतनी बड़ी प्राकृतिक आपदा आई और इस वर्ष फिर से 900 करोड़ के करीब का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि बिंदल जनता को यह बताएं कि उन्होंने कितनी बार केंद्र से आर्थिक पैकेज मांगने की गुहार लगाई, जबकि भाजपा की केंद्र में सरकार है। भाजपा नेता जनता का ध्यान भटकाने के लिए झूठी बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो बिजली, पानी और यातायात के लिए सराहनीय फैसले लिए हैं, जिनका आम जनता स्वागत कर रही है, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत होंगी।

## कांग्रेस तालाबंदी की सरकार: अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा जनहित में भाजपा सरकार द्वारा लिए गए ग्रामीण इलाकों में मुफ्त जलापूर्ति व पुलिस कर्मियों की एचआरटीसी में निशुक्ल यात्रा जैसे निर्णयों पर रोक लगाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे अहंकारी कांग्रेस द्वारा हिमाचल में तालाबंदी की सरकार चलाने की बात कही है।



अनुराग ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार अहंकार में डूब चुकी है। कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार की जनहित की योजनाओं को एक-एक कर के बंद किया जाना इनके अहंकार और हिमाचल की जनता के प्रति इनकी दुर्भावना को दिखाता है। भाजपा सरकार द्वारा लिए गए ग्रामीण इलाकों मुफ्त जलापूर्ति व पुलिस कर्मियों की एचआरटीसी में निशुक्ल यात्रा जैसे निर्णय पर कांग्रेस सरकार द्वारा रोक लगाना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है।

कांग्रेस ने हिमाचल में तालाबंदी की सरकार दी है जिसका काम भाजपा के अच्छे और जनहित के कार्यों पर ताला लगाना है। उन्होंने कहा कि साल 2019 में भाजपा ने अपने कार्यकाल में हिमाचल में आयुष्मान भारत योजना से छूट गए लोगों को कैशलेस इलाज देने के लिए हिमकेयर योजना को शुरू किया था, जिससे प्रदेश के लाखों लोगों को लाभ मिल रहा था। सरकारी अस्पतालों में अच्छा इलाज न मिल सकने की स्थिति में प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करा सकने की सुविधा जनता के लिए वरदान बनी थी, मगर जनता का सहारा बनी हिमकेयर योजना को कांग्रेस सरकार ने निजी अस्पतालों के लिए बंद करने का तुगलकी फैसला लिया है।

## युवा मोर्चा 11 अगस्त से निकालेगा पैदल तिरंगा यात्रा

**हमीरपुर।** भाजयुमो जिला हमीरपुर की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कपिल मोहन शामा ने उपस्थित सभी साथियों का धन्यवाद किया तथा लोकसभा चुनाव में जिला हमीरपुर से 70000 से ज्यादा वोटों की बढ़त एवं विधानसभा उपचुनाव में तीन में से दो उपचुनाव जीतने पर बधाई दी। जिला अध्यक्ष ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा तय कार्यक्रमों को भाजयुमो जिला हमीरपुर ने हमेशा तय समय सीमा में किया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा का भाजयुमो जिला हमीरपुर के अध्यक्ष कपिल मोहन शामा ने स्वागत किया। भाजयुमो जिला प्रभारी रोहित ठाकुर ने बताया कि युवा मोर्चा 11 अगस्त से 13 अगस्त तक बाइक रैली, पैदल तिरंगा यात्रा तथा शहीदी स्मारकों की सफाई अभियान हर मंडल स्तर पर करेगा। भाजपा जिला महामंत्री अजय रिंटू ने कहा कि युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख मोर्चा है तथा यही भविष्य की भाजपा है। बैठक में विशेष तौर पर भाजयुमो प्रदेश सचिव सचिव जगदीप शर्मा, भाजयुमो जिला महामंत्री रोबिन डटवालिया एवं प्रगुण इत्यादि उपस्थित रहे।

### चोडू स्कूल कबड्डी और खो-खो में प्रथम

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** शिक्षा खंड नादौन के सीसे विद्यालय रैल में आज अंडर-14 गर्ल टूर्नामेंट का समापन किया गया। जोनल स्तरीय इस टूर्नामेंट का समापन जिला शिक्षा उपनिदेशक (हायर) अनिल कौशल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएसएसए के जिला प्रधान राकेश ठाकुर, को-आडिनेटर संजीव कौशल, पंकज कौंडल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। पंकज ने बताया कि इस गर्ल टूर्नामेंट में कबड्डी एवं खो-खो में सीसे विद्यालय चोडू प्रथम स्थान पर रहा। बॉलीवाल प्रतियोगिता में हाई स्कूल धनेटा प्रथम रहा। बैडमिंटन में मिडल स्कूल बदेडा ने प्रथम स्थान अर्जित किया। मुख्यतिथि ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और बच्चों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

## विधायक आशीष ने पानी के बिल वसूलने पर कांग्रेस को घेरा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला है। प्रदेश की सरकार सुख की नहीं बल्कि दुख की सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ने जब सत्ता हासिल करनी थी तो विभिन्न प्रकार की गारंटियां लोगों को दी थीं, लेकिन अब सरकार उन गारंटियों को तो पूरा नहीं कर रही, बल्कि भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई जनहितैषी योजनाओं को भी बंद कर रही है। जिससे प्रदेश के लोगों को लाभ मिल रहा था।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अब पानी का बिल भी लोगों से वसूला जाएगा। वहीं, आशीष शर्मा ने कहा प्रदेश की सूक्खू सरकार ने पुलिस कर्मचारी को एचआरटीसी बस में सफर की सुविधा मिलती थी, अब उसे भी बंद कर दिया है, जो कि बड़ा दुर्भाग्य पूर्ण है।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला में बारिश से अभी तक कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में बारिश के कारण काफी नुकसान हुआ है और कई लोगों की जान माल का भी नुकसान हुआ है। जिसके लिए वह दुख प्रकट करते हैं। (अनंत ज्ञान)

**समस्या** 15 दिन पहले मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की शिकायत, अभी तक नहीं हुआ निवारण

## जलशक्ति विभाग की मनमानी उपभोक्ताओं पर भारी

**एसके ठाकुर, बड़सर**

जल शक्ति विभाग बड़सर के चकमोह सेक्शन के अंतर्गत चलसाई गांव के व्यक्ति ने पेयजल समस्या की शिकायत लगभग 15 दिन पहले मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 नंबर पर की थी। जल शक्ति विभाग के अधिकारी कर्मचारी लोगों की समस्या पूरी तरह समाधान नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में अगर उनकी उच्च अधिकारियों या फिर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत होती है, तब भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है तो इसका कौन जिम्मेदार है, अगर मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर में ही पेयजल समस्या का समाधान जल शक्ति विभाग के आला अधिकारी नहीं कर पा रहे हैं, तो फिर बाकी जिलों का क्या हाल होगा। ऐसा ही मामला सामने आया है चलसाई गांव के मदन शर्मा के साथ घटित हुआ है।



शर्मा ने बताया कि 15 दिन पहले उन्होंने कनिष्ठ अभियंता को पानी की समस्या के बारे में के बारे में अवगत करवाया था। कनिष्ट अभियंता ने पानी की समस्या तो दूर नहीं की उल्टा यह कहा कि हमें और भी कई काम हैं और अपनी व्यवस्था खुद कर लो। पीड़ित परिवार आए दिन अपने पेयजल के लिए महंगे दामों पर टैंकरों के सहारे पानी की व्यवस्था कर रहा है। जल शक्ति विभाग का काम होता है लोगों को साफ-सुथरा पेयजल उपलब्ध करवाना, परंतु आला अधिकारी प्रदेश सरकार से लाखों रुपए वेतन लेने के बाद भी उपभोक्ताओं से अभद्रता से पेश आते हैं, जो कि निम्न अनुसार गलत बिजली पानी सड़क सुविधा आम जनता को उपलब्ध करवाना सरकार और संबंधित विभागों का जिम्मा होता है, यहां तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे, अगर पानी नहीं आ रहा है तो अधिकारियों का कहना है हम क्या करें। इसके चलते पीड़ित व्यक्ति ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की, लेकिन उसका भी अभी तक निवारण नहीं हो पाया है। इतने दिन बीत जाने के बाद भी अगर कार्रवाई नहीं हो रही है तो उसे साफ पता चलता है कि मुख्यमंत्री के गृह जिला में अफसरशाही कितनी हावी है। इस संदर्भ में इस अधिशाषी अभियंता डीआर चौहान ने बताया कि मैं पहले छुट्टी पर था, इसके बारे में पता किया जाएगा कि चलसाई गांव में पेयजल जल आपूर्ति क्यों नहीं हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष नर्बदा ठाकुर का निधन

**टौणी देवी।** हमीरपुर जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष नर्बदा ठाकुर का गत रात एम्स बिलासपुर में देहांत हो गया। वह बीमारी के चलते काफी समय से एम्स में एडमिट थी। नर्बदा ठाकुर बमसन के पूर्व कांग्रेस विधायक रहे स्वर्गीय ठाकुर कर्म सिंह की पत्नी थी। जैसे ही उनकी मृत्यु का समाचार उनके पैतृक क्षेत्र ऊहल में पहुंचा, क्षेत्र में शोक की लहर फेल गई। ठाकुर कर्म सिंह परिवार का क्षेत्र के विकास और लोगों की मदद करने के कारण बहुत सम्मान है। आज ऊहल मोक्षधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### धूमधाम से मनाया जाएगा जन्माष्टमी महोत्सव

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हर वर्ष की भांति जन्माष्टमी महोत्सव कुलेठ 25 अगस्त से बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मेले के दौरान विभिन्न विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए कार्तिकेय युवक मंडल कुलेठ के पदाधिकारीयों ने बताया है कि इस मेले के दौरान वॉलीबॉल कबड्डी बैडमिंटन वह छिंज का आयोजन किया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस जन्माष्टमी महोत्सव में स्थानीय महिला मंडल के द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। जो भी महिला मंडल इस प्रतियोगिता को जीतेगा उसे 10000 नकद इनाम दिया जाएगा।

### पीलिया रोकथाम के लिए चलाया जागरूकता अभियान



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पिछले लगभग तीन सप्ताह से जोगिंद्रनगर व इसके आसपास के क्षेत्रों में फैले पीलिया रोग की बीमारी को लेकर अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत शनिवार को नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर के वरिष्ठ चिकित्सक विजेंद्र की अगुवाई में पैरा मेडिकल स्टाफ के साथ जोगिंद्रनगर बस स्टैंड पर उपस्थित लोगों को पीलिया की रोकथाम के लिए लोगों को इसके लक्षणों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को बुखार, जुखाम, शरीर दर्द, मूत्र में पीलापन आदि की शिकायत हो तो वे लोग तुरंत चिकित्सीय सहायता ले। उन्होंने लोगों को स्वच्छ जलपान उबला हुआ पानी वह घर से बाहर खान-पान को लेकर लोगों को जागरूक किया।

### न्यायाधीश विवेक और सत्यैन वैद्य ने लगाए पौधे



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश ऑल इंडिया यूनियन की ओर से आयोजित पौधरोपण में हाईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश सत्यैन वैद्य ने विशेष रूप से शिरकत की। इस मौके पर हिमाचल बार एसोसिएशन के प्रधान दिलीप कायथ जिला शिमला बार एसोसिएशन के प्रधान निरंजन वर्मा व सीनियर अधिवक्ता रजनीश मनीकटाला, सीनियर अधिवक्ता संजीव भूषण, जगदीश ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहें। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के प्रधान अधिवक्ता विश्व भूषण ने विशेष रूप से आईएफएस एन दिव्या डीएफओ पवन व फॉरेस्ट गार्ड व अन्य लोगों का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने हमें 130 के करीब देवदार बान और बोल्ट ब्रश के पौधे दिए।

### कांग्रेस मंडल रोहड़ू की मासिक बैठक संपन्न



**दशमी रावत, रोहड़ू।** कांग्रेस मंडल रोहड़ू की मासिक बैठक परिधि भवन रोहड़ू में मंडल अध्यक्ष करतार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा विशेष रुप से मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस मंडल के सभी अग्रणी संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे।बैठक में कांग्रेस पार्टी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सेब सीजन को लेकर सभी संबंधित विभागों को इसके कड़े निर्देश दिए गए है।

### एंबुलेस की सेवा दे रही नोफल संस्था

**अनंत ज्ञान, शिमला।** रामपुर क्षेत्र के तहत झाकड़ी से सटे समेज गांव में हुई दर्दनाक त्रासदी अपनी पीछे ऐसे जख्म छोड़ गई है, जो कभी नहीं भर सकते हैं। इस कुदरती आपदा में परिवार के परिवार उजड़ गए हैं। बचाव दलों ने 15 शव बरामद कर लिए हैं, वहीं 21 लोग अभी भी लापता है, जिनकी पिछले 10 दिनों से तलाश जारी है। लोग पथराई आंखों से परिजनों को खोज रहे हैं। इस आपदा में स्वयंसेवी संस्था नोफल एक उम्मीद जिला प्रशासन के साथ मिलकर अपनी एंबुलेंस की सेवाएं सुन्नी व ततापानी में दे रही है। संस्था के एंबुलेंस चालक देवेंद्र सुन्नी से आईजीएमसी शवों को लाने में जिला प्रशासन की हर संभव मदद कर रहे हैं।नोफल एक उम्मीद संस्था के संचालक सरदार गुरमीत सिंह का कहना है कि उनकी संस्था समेज आपदा के प्रभावितों के साथ खड़ी है और प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन को हर संभव मदद के लिए तैयार है।



उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा कई जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। इनमें कैंसर मरीजों व तीमारदारों के लिए लंगर व दूध, गरीब बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाना, गरीब महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान करना और बेघरों को आसरा देना शामिल हैं। कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल में श्रीखंड की पहाड़ी पर 31 जुलाई की रात्रि बादल फटने के बाद शिमला जिला के रामपुर क्षेत्र के समेज में भारी तबाही मचा दी थी। सैलाब कई घरों, डिस्पेंसरी व अस्पताल को बहा ले गया था।

इस हादसे में 36 लोग लापता हुए हैं। बचाव दलों ने अब तक 15 शव बरामद किए हैं, वहीं 21 की तलाश जारी है। ज्यादातर शव समेज से कई किलोमीटर दूर सुन्नी डैम से बरामद हो रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने अंडर-14 बाल खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

# विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों का विशेष महत्व : पठानिया

**बबलू पठानिया, सिहुंता**



कुलदीप पठानिया को सम्मानित करते गणमान्य व (नीचे) बच्चों के साथ पठानिया।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज भटियात जोन के तहत गरनोटा में तीन दिवसीय अंडर 14 बाल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । उन्होंने इस दौरान खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली और ध्वज फहराकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया ।

पठानिया ने खिलाड़ियों को कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों का विशेष महत्व रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि खेल गतिविधियों से विद्यार्थी वर्ग में अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है। ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में ढांचागत सुविधाओं को बढ़ाने के साथ-साथ गुणवत्ता युक्त शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित बनाई जा रही है।

कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाना उनकी प्रथम प्राथमिकता है । उन्होंने कहा कि प्रमुख सड़क मार्ग शाहपुर-सिहुन्ता-चुवाड़ी-चंबा के तहत सिहुन्ता-लाहडू मार्ग के हिस्से को अगले एक वर्ष के दौरान डबल लेन किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गत एक वर्ष के दौरान भटियात विधानसभा क्षेत्र में 21 संपर्क सड़कों के निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया है । क्षेत्र में सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत व्यवस्था को और अधिक विस्तार देने की बात करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी योजनाओं का विस्तृत प्राक्कलन तैयार करने (डीटेल्ड ऐस्टीमेशन) के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं । उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए ककरौटी-घटा में जल्द 33 केवी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है।(अनंत ज्ञान)

## बलोठ पंचायत में भूस्खलन जारी, कई घरों को करवाया खाली

**ओपी शर्मा, भरमौर**



भूस्खलन से बंद सड़क।

भरमौर के ग्राम पंचायत बलोठ में पिछले तीन-चार दिनों से लगातार हो रहे भूस्खलन की घटना होने के बाद भी नुकसान का आंकलन करने के लिए अभी तक वहां पर कोई भी जनप्रतिनिधि या प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा है। जनप्रतिनिधियों व प्रशासन की ओर से किसी भी अधिकारी के न पहुंचने पर यहां के लोगों ने खासी नाराजगी व्यक्त की है।

गौरतलब है यहां पर पिछले तीन-चार दिनों से लगातार हो रहे लैंडस्लाइड के चलते काफी नुकसान हुआ है। भूस्खलन के चलते करीब आधा दर्जन घरों को खाली भी करवाया गया है। कई बीघा उपजाऊ जमीन लैंडस्लाइड कि चपेट में आकर जमींदोंज हो गई है। लोगों को आने-जाने के लिए रास्ता नहीं बचा है। वहीं पर स्कूल के बच्चे भी रास्ता ना होने की वजह से स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं।

बावजूद इसके प्रशासन व सरकार की ओर से अभी तक यहां पर कोई भी नुकसान का आंकलन करने के लिए नहीं पहुंचने पर लोगों ने हैरानी जताई है । प्रधान ग्राम पंचायत बलोठ देवराज ने कहा है कि प्रशासन की ओर से नुकसान का आकलन करने के लिए वह लोगों की हौसला अफजाई के लिए यहां पर किसी भी अधिकारी के न पहुंचने पर उन्हें दुख है।

उन्होंने कहा है इस मौके पर विधायक को भी मौके पर पहुंचकर लोगों को बातचीत करनी चाहिए थी। यहां पर पिछले कई दिनों से हो रही लैंडस्लाइड के चलते के घरों के मवेशियों को खुले में छोड़ना पड़ा है तो कई लोगों के घरों भूस्खलन की चपेट में आ गए हैं।

## एचआरटीसी की खराब बसों से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा डिपो में खटारा बसों का बीच रास्ते में रुकने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यहां पर आए दिन पुरानी वह खटारा बसें बीच रास्ते में ही खड़ी हो रही है।

मैहला कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अमित शर्मा और स्थानीय निवासी बृजलाल, अक्षय आदि का कहना है की इनके एरिया में चंबा डिपो की निगम की बस चंबा से राडी रूट पर चलती है तथा ये बस चम्बा से 5:50 शांम पर चंबा से राडी के लिए निकलती है। राडी में ये 7:30 शाम बजे तक पहुंच जाती है 7 इनका कहना है की इस रूट पर विभाग के द्वारा 9 अगस्त 2024 को ख़राब बस भेजी गई जो की शनिवार सुबह 8:15 मिनट पर राडी बस स्टॉप से एक किलोमीटर आगे खराब हो गई। इनका कहना है कि



कंडक्टर के द्वारा पूरी बस की टिकट चंबा तक की बना दी गई थी।

टिकट बनने के उपरांत में विभाग के द्वारा दूसरी बस को नहीं भेजा गया और न ही इन्हे इनका किराया वापस किया गया। उन्होंने विभाग के मांग की है कि उपरोक्त समस्या पर शीघ्र कार्यवाही अमल में लाई जाये तथा उक्त रूट पर ठीक बस भेज कर समस्या का समाधान किया जाए ताकि भविष्य में शिकायतकर्ता तथा अन्य लोगों को इस तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### मनीष सिसोदिया की जमानत आम आदमी की जीत : मनीष

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया जी को जमानत मिलने पर खुशी जताते हुए कहा की मनीष सिसोदिया जी को नरेंद्र मोदी जी के कहने पर ही ईडी और सीबीआई ने एक झूठे मामले में फंसाकर जेल की सलाखों के पीछे डाला था आज 17 महीने बाद मनीष जी जेल से बाहर आएंगे।



मनीष सरीन ने बताया कि मोदी जी की ईडी और सीबीआई को इस केस की जांच करते हुए 2 साल से ज्यादा हो गए लेकिन आज तक सीबीआई और ईडी के पास न तो कोई निष्पक्ष गवाह है। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया की जमानत आम आदमी की जीत है।

## आपदा प्रबंधन पर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भटियात**



जागरूकता कैंप के दौरान मौजूद लोग व अन्य।

जन चेतना समिति चंबा द्वारा विकासखंड भटियात के ग्राम पंचायत खडेड़ा के वार्ड खडेडा व तलाटू में आपदा प्रबंधन के ऊपर लोगों को जागरूक किया गया। इस शिविर में जन चेतना समिति चंबा के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर व सचिव जीत कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने यहां के लोगों को आपदा प्रबंधन के ऊपर जागरूक किया और साथ ही और कई सारे विषय पर चर्चा की जिसमें मृदा अपरदन से लेकर जंगलों में लगी आग व किस तरह से अपने आप को आपदा से बचाए।

इस मौके पर समिति के सचिव जीत कुमार ने बताया कि आपदा दो प्रकार की होती है जिसमें एक प्राकृतिक आपदा जिसमें बादल फटना एकदम से जलस्तर का बढ़ना या भारी बारिश होना या कहीं पर लैंड स्लाइडिंग होना। दूसरी मानव निर्मित आपदा जो लोगों के द्वारा आपदा का रूप धारण करती है इसमें लैंड स्लाइडिंग से लेकर वनों के कट ऑफ से लेकर जंगलों में लगी आग से लेकर काफी सारे और जैसे अवैध खनन हो गया काफी सारे इसमें इन मुद्दों को लोगो के सामने रखा।

समिति के सचिव जीत कुमार ने कहा है कि इस मौके पर लोगो ने भी सहयोग किया कि कहीं ना कहीं आज के दौर में अगर प्रकृति का विनाश हो रहा है तो उसमें हम कहीं न कहीं हम लोग जिम्मेवार है। उन्होंने कहा की जिस तरह से लोगों ने जगह-जगह किसी भी तरह का कट बंद कट ऑफ से लेकर मृदा अपरदन से लेकर पेड़ो का कटाव, कहीं पर रोड लैंड स्लाइडिंग की वजह से कुछ भी तरह की घटना हो रही है इसमें कहीं न कहीं अगर देखा जाए तो इसमें सबसे बड़े जो हिस्सेदारी है वह लोग खुद ही हैं। जिसकी वजह से आज हर जगह कहीं ना कहीं यह सुनने को मिल रहा है कि आपदा से यहां पर इस तरह का नुकसान हुआ इस जगह इस तरह का नुकसान हुआ तो काफी सारे मुद्दों को विस्तृत चर्चा की।

## विधायक डॉ. हंसराज ने चुराह में किया पौधरोपण

**आजम डार, तीसा**

केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देशभर में शुरू किए गए 75वां वन महोत्सव अभियान के तहत आज चुराह विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. हंसराज ने वन मंडल चंबा के अंतर्गत बीट चरडा में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए तथा समस्त क्षेत्रवासियों से हर घर पेड़ लगाने का आग्रह भी किया। इस आयोजन में विधायक डॉ. हंसराज के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक एवं कई गणमान्य मौजूद रहे।



पौधरोपण करते हुए विधायक डॉ. हंसराज व अन्य।

बता दें कि इस अभियान के अंतर्गत के खाली पड़ी जगहों पर पौधे रोपित किए गए हैं जिससे जहां एक तरफ समाज में स्वच्छ एवं साफ सुथरे पर्यावरण का सकारात्मक संदेश गया है । डॉ. हंसराज का कहना है कि पेड़ों से ही हमारा जीवन है पेड़ों से जंगल और जंगलों से हमें जहां इमारती लकड़ी हर प्रकार की जड़ी बूटी एवं मवेशियों के लिए भरपूर चारा मिलता है।

यही पेड़ जमीन को भूस्खलन से भी बचाते हैं। इसलिए जीवन यापन के लिए पेड़ों का होना हर किसी के लिए अत्यधिक आवश्यक है इसलिए हर एक को चाहिए कि वह ज्यादा से ज्यादा पौधों को रोपित करें, ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ एवं साफ सुथरा वातावरण मिल सके।

### प्रदेश में 11 अगस्त से आरंभ होगी तिरंगा यात्रा : कदशोली

**कोटखाई ।** प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा 11 से 13 अगस्त तक तिरंगा यात्रा शुरू की जाएगी। इस तिरंगा यात्रा बारे जारी बयान मे प्रदेश उपाध्यक्ष व शिमला संसदीय क्षेत्र प्रभारी सुशील कदशोली ने कहा इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा क्षेत्र में मोटरसाइकिल व गाड़ी में राष्ट्रीय ध्वज लहराकर रैलियों का आयोजन किया जाएगा। सुशील कदशोली ने कहा इस तीन दिवसीय अभियान के दौरान युवाओं द्वारा आम लोगों के घर घर जाकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे वितरित किए जाएंगे ताकि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा लहराया जा सके।



## जोगिंद्रनगर सब्जी मंडी के बाहर बदबूदार सब्जियों का ढेर, लोग परेशान



सब्जी मंडी के बाहर सड़ी सब्जी के ढेर का फोटो

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में पीलिया के मामले अभी थमे नहीं और जोगिंद्रनगर सब्जी मंडी के बाहर लगे खराब सब्जियों के ढेर एक नई बीमारी को न्यौता दे रहे हैं स्थानीय दुकानदार भी इस बदबूदार सब्जियों के ढेर से परेशान हैं ।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सब्जी मंडी बाहर सड़ी हुई बदबूदार सब्जियों में मक्खियां भिनभिना रही है और साथ में फास्ट फूड की दुकानें भी है मक्खियां वहां खाने की चीजों में बैठ रही है उन्होंने एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी से आवाहन किया है कि मौके में आकर जल्द से जल्द सख्त कदम उठा सके।

| सूडोकु 0023 (मध्यम) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0022 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**आज का पंचांग**

11 अगस्त, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** सप्तमी : (पूर्ण रात्रि): **नक्षत्र :** चित्रा (5:49), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** शुभ (3:48) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59 - 12:52), **राहुकाल** (05:24 -07:03) ।

**विशेष दिन**

» 11 अगस्त 2024 : भानु सप्तमी आज।

» 11 अगस्त 2024 : सिंध में आज मनाई शीतला सप्तमी।

**मेषः** आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा। घरेलू जीवन को लेकर मन के भीतर उथल-पुथल रह सकती है।

**वृषभः** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। खर्चे कम होने से आप मानसिक शांति का अनुभव करेंगे।

**मिथुनः** धार्मिक कार्यों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। साथ ही धन संचय के मामले में सफलता मिलेगी। मां के स्वास्थ्य का ख़याल रखें।

**कर्कः** जीवनसाथी एवं व्यापार में साझीदारों का सहयोग मिलेगा। सद्कार्यों में रुचि बनी रहेगी। आज के दिन खान-पान का खास ख़याल रखें ।

**सिंहः** आज का दिन आपके लिए काफी सुखद साबित होगा। आज थोड़े से ही प्रयास से आपको अपार सफलता मिलेगी। साझेदारी में किया व्यापार फायदा पहुंचाएगा।

**कन्याः** आज आपको व्यवसाय में अधिक लाभ प्राप्त होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी और उत्साह से काम करने पर सफलता जरूर मिलेगी।

**तुलाः** आज आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन धैर्य बनाए रखें, अंततः सफलता आपको ही मिलेगी। व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे।

**वृश्चिकः** काम करते समय मन को शांत रखें। धन लाभ व बचत के अच्छे योग हैं। अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

**धनु :** घरेलू मामले में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। माता के स्वास्थ्य में कमजोरी आ सकती है। परिवार में आपसी तालमेल एवं सौहार्द की कमी होगी।

**मकरः** आज अधूरे कार्य पूरे करने का योग है। गलत संगति और नशे की लत से दूर रहें। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है।

**कुंभः** आज आपके सामाजिक मान-सम्मान की वृद्धि होगी। कार्य व व्यापार में लाभ के अवसर रहेंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति के साथ व्यावसायिक योग्यताओं को निखारने का अवसर प्राप्त होगा।

**मीनः** व्यावसायिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। संतान पक्ष के वैवाहिक प्रयासों को सफलता मिलेगी। माता के स्वास्थ्य के कारण कुछ चिंता रहेगी।

## सुविधाएं छीनना सुक्खू सरकार की उपलब्धि : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार पूरी तरह से जनविरोधी काम कर रही है। जिन वादों के साथ कांग्रेस सत्ता में आई सारे काम उसके विपरीत किए जा रहे हैं। ऐतिहासिक तेजी से कर्ज लेना, लाखों परिवारों से सुविधाएं छीनना, उनके जीवन को संकट में डालना, हजारों की संख्या में संस्थान बंद करना सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल की उपलब्धि है। यदि सुक्खू सरकार के कार्यकाल का लेखा जोखा निकाला जाए तो यह प्रदेश के सबसे बुरे प्रदर्शन के तौर पर जाना जाएगा। जब प्रदेश तरक्की करने की बजाय पीछे चला गया। जहां विकास के एक भी काम नहीं हुए। सुक्खू के पूरे कार्यकाल में प्रदेश के विकास कि गति शून्य रही। जयराम ठाकुर ने कहा कि जितना कर्ज हिमाचल के पूरे इतिहास में लिया गया उसका आधा कर्ज सुक्खू सरकार से मात्र डेढ़ साल के कार्यकाल में ले चुकी है।

इसी गति से अगर पांच साल कर्ज लिए तो हिमाचल के आर्थिक स्थिति का क्या हाल होगा, यह कहना मुश्किल है। सुक्खू सरकार सत्ता में आने के बाद से लगभग तीस हज़ार करोड़ का क़र्ज़ ले चुकी हैं। जब सरकार द्वारा हर दिन लोगों को मिलने वाली अत्यंत ही ज़रूरी सुविधाएं छीनी जा रही है।

सड़क, पुल, नाले अस्पताल, स्कूल बन नहीं रहे हैं। सड़कों का मलबा तक साफ़ नहीं हो रहा है तो ऐसे में यह सवाल उठता है कि सरकार क़र्ज़ में मिलने वाली धनराशि का कर क्या रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को प्रदेश के लोगों को यह बताना होगा।

## 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत किया पौधरोपण




**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर भाजपा के द्वारा विधानसभा के त्रिलोचन महादेव और मैहला जॉन की बैठक लिल्ह में आयोजित की गई। जिसमें सभी सभी कार्यकर्ताओं के साथ भाग लिया। बैठक में पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण मुहिम 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया और सभी कार्यकर्ताओं से इस मुहिम को और आगे ले जाने का आह्वान किया गया ताकि पर्यावरण को शुद्ध और बचाया जा सके।

**लापरवाही** बारिश ने कई जगहों पर ढाया कहर, टूरिज्म पर भी पड़ रहा नकारात्मक प्रभाव

# पर्यटक नालों में मस्ती कर मौत को दे रहे न्योता

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश ने जहां कुल्लू मनाली शिमला किन्नौर मंडी बिलासपुर इत्यादि में अपना कहर ढाया है। जिसका नकारात्मक प्रभाव हिमाचल प्रदेश टूरिज्म पर भी जरूर पड़ा है। प्रसिद्ध पर्यटन नगर डलहौजी भी इससे अछूता नहीं है।

यहां अभी पर्यटक घूमने तो जरूर आ रहे हैं लेकिन उनकी संख्या में निहायत ही कमी देखने को मिली है। जिससे स्थानीय व्यापारी कारोबारी भी मायूस है। जो पर्यटक डलहौजी घूमने आ रहे हैं



पानी में मस्ती करते हुए पर्यटक।

वह इस बरसात के मौसम में स्थानीय प्रशासन द्वारा दी गई हिदायतों को नजर अंदाज करके अपनी जान को जोखिम में डालते दिखाई दे रहे हैं। एनएच 154 ए के पर स्थित पंचपुला मुख्य नाले में उतरकर नहाते एवं सेल्फी शूट करते साफ तौर पर नजर आ ही जाएंगे।

लेकिन बरसात के मौसम में कई बार ऐसा होता है इस मोड़ पर बारिश है और अगला मोड़ बिल्कुल सूखा रहता है इसी आधार पर हो सकता है की पंचपुला में बारिश न हो और डलहौजी में मूसलाधार बारिश से नाले में अत्यधिक पानी आ जाए जिससे कोई बड़ा हादसा भी सामने आ सकता है। हैरानी की बात यह है कि ना तो नाले के आसपास प्रशासन ने कोई चेतावनी बोर्ड लगाया है जिससे बाहरी पर्यटक सावधान हो सके।

उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने कहा कि बरसात शुरू होते ही प्रशासन द्वारा पर्यटकों को एडवाइजरी जारी कर दी गई थी की बरसात के मौसम में नदी नालों से दूर रहे तथा ज्यादा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी जाने से बचें। एनएच पर स्थित छोटे बड़े नालों पर चेतावनी बोर्ड जरूर लगा दिए जाएंगे ताकि आने वाले पर्यटक सावधान हो सके।

जख्म भरने वाले हाथ प्रार्थना करने वाले होंठों से और भी बहुत ज्यादा पवित्र हैं। -मदर टेरेसा

संपादकीय

## प्रकृति से छेड़छाड़ भारी

हिमाचल में प्रकृति से छेड़छाड़ भारी पड़ रही है। इस बार भी मानसून का कहर जारी है। पिछली बरसात में भी करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ था और सैकड़ों लोग मारे गए थे। आखिर इस तबाही के लिए इंसान भी कम जिम्मेदार नहीं है। प्रदेश का ज्यादातर इलाका पहाड़ी है और यहां पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ जाती है। भारी बारिश के कारण शिमला, मंडी और कुल्लू जिलों में काफी तबाही मची है। चूंकि हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी क्षेत्र है, जो भूकंप, भू-स्खलन और बादल फटने के लिए अति संवेदनशील माना जाता है। मानसून के दौरान यहां भारी बारिश होती है, जिससे बाढ़ और भू-स्खलन होते रहते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि भी हुई है, जिससे हिमनदों का पिघलना तेज हो गया है और बाढ़ का खतरा ज्यादा बढ़ गया है। वनस्पति की कटाई और विनाश के कारण भूमि का क्षरण हो रहा है, जिससे भूस्खलन का खतरा बढ़ता ही जा रहा है।

जनसंख्या वृद्धि और विकास के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण कार्य तेज हो गया है, जिससे पर्यावरण पर दबाव बढ़ गया है और प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन और रोकथाम के लिए सावधानी और सुरक्षा उपायों को अपनाना आवश्यक है। अत्यधिक बारिश से पहाड़ कहीं भी दरक जा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इस तबाही के लिए सिर्फ इंसान ही कसूरवार है, बल्कि इस नुकसान के लिए पारिस्थितिकी से छेड़छाड़ भी एक तरह का दुष्परिणाम ही है। अभी तो गाड़ी जैसे-तैसे चली है, लेकिन आने वाले समय में नुकसान का खतरा और अधिक बढ़ सकता है। वैज्ञानिक समय-समय पर ऐसी चेतावनी जारी कर चुके हैं, लेकिन इंसान उन चेतावनियों को अनदेखा कर धड़ाधड़ निर्माण गतिविधियों में लगा हुआ है। वह अपने सुख के लिए पहाड़ों का सीना छलनी करता जा रहा है। मकान ऐसी ढलानदार जगहों पर बना दिए जा रहे हैं कि बरसात में थोड़ी से हलचल होने पर वह क्षणभर में धराशायी हो रहे हैं।

पिछले कुछ सालों में बादल फटने की घटनाएं पहले की अपेक्षा कुछ ज्यादा हो गई हैं। आने वाले समय में बादलों का फटना कहीं नासूर न बन जाए। ऐसी परिस्थितियों में सरकार को अपने स्तर पर तथा केंद्र के साथ मिलकर बदलते पर्यावरण के मद्देनजर समय रहते एक अध्ययन करवा लेना चाहिए। उस अध्ययन में जो तथ्य निकलकर सामने आएंगे, उसी के आधार पर इन मुसीबतों से निपटने के लिए कठोर कदम उठाने होंगे। भवन निर्माण के लिए नई योजनाओं को मूर्तरूप देना होगा। हिमाचल को प्रकृति ने बेशुमार प्राकृतिक सौंदर्य दिया है, लेकिन लोग अपने फायदे के लिए उस प्रकृति से छेड़छाड़ करते जा रहे हैं। नियम-कायदे ताक पर रख दिए गए हैं और सरकारों ने हिमाचल को बसाने के लिए जंगल काट दिए जा रहे हैं। इसे हिमाचल की खूबसूरती से खिलवाड़ कहें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। जंगलों में बदलते हिमाचल के शहरों में अब कंक्रीट ही दिखते हैं। शिमला की हालत तो सबसे खराब है। यहां क्षमता से ज्यादा आबादी हो गई है। अंग्रेजों ने जब शिमला बसाया था तो यहां 25,000 से ज्यादा लोगों को नहीं बसाने की योजना थी, लेकिन आज जनसंख्या अढ़ाई लाख पार हो गई है। हालत ऐसी हो गई है कि शिमला अपने ही बोझ तले दबता जा रहा है। ऐतिहासिक रिज, ग्रांड होटल, लक्कड़ बाजार और लद्दाखी मोहल्ला सहित पुराने शिमला का 25 प्रतिशत से अधिक हिस्सा डूब क्षेत्र के अंतर्गत आता है। कई भूवैज्ञानिक सर्वेक्षणों और अध्ययनों में इन इलाकों को असुरक्षित घोषित किया गया है। प्रदेश के बाकी शहरों हालत भी कुछ ऐसी ही हो चली है। विशेषज्ञ भूमि धंसने के लिए अनियमित निर्माण, वनों की कटाई और ढलान-कटाई को जिम्मेदार ठहराते हैं। फोरलेन व बिजली प्रोजेक्टों ने भी पहाड़ों को छलनी किया है। वैज्ञानिक व तकनीकी रूप से यह बिलकुल सही नहीं है। पहाड़ों की सीधी कटाई हो रही है तथा सड़कों और नदी-नालों के किनारे मलबा अवैध रूप से डंप किया रहा है। समय रहते इन समस्याओं का निदान करना होगा वरना भविष्य में संकट और गहरा सकता है। ■

# वक्फ बोर्ड की आड़ में जमीन कब्जाने वालों पर कसेगा शिकंजा

वक्फ और वक्फ की संपत्तियों को लेकर हिंदुस्तान में अक्सर सही-गलत पर चर्चा होती रहती है। हममें से अधिकांश लोगों ने वक्फ का नाम तो सुना है, लेकिन वह इसके बारे में बहुत कुछ जानते नहीं हैं। वक्फ होता क्या है। किसी मस्जिद या दूसरे धर्मस्थल के वक्फ होने का मतलब क्या है और क्या मोदी सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड के संविधान में तब्दीली की कोशिशों का असर मुस्लिम धर्मस्थलों के स्टेटस पर पड़ सकता है? चूंकि भारत में रेल और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे बड़ा भूस्वामी वक्फ बोर्ड ही है, इसलिए हम इन सारे सवालों का जवाब जानने की कोशिश करेंगे।

सबसे पहले यह जान लेना जरूरी है कि भारत में इस्लाम की आमद के साथ वक्फ के उदाहरण मिलने लगे थे। दिल्ली सल्तनत के वक्त से वक्फ संपत्तियों का लिखित जिक्र मिलने लगता है। मुगल शासन काल में क्योंकि ज्यादातर संपत्ति राजा-महाराजाओं के पास ही होती थी, इसीलिए प्रायः वही वाकिफ होते और वक्फ कायम करते जाते। जैसे कई बादशाहों ने मस्जिदें बनवाई, वे सारी वक्फ हुई और उनके प्रबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर ही इंतजामिया कमेटियां बनती रहीं। इसके पश्चात 1947 में आजादी के बाद पूरे देश में पसरी वक्फ संपत्तियों के लिए एक स्ट्रक्चर बनाने की बात उठने लगी। इस तरह 1954 में संसद ने वक्फ एक्ट 1954 पास किया। इसी के नतीजे में वक्फ बोर्ड बना। यह एक ट्रस्ट था, जिसके तहत सारी वक्फ संपत्तियां आ गईं। 1955 में यानी कानून लागू होने के एक साल बाद, इस कानून में संशोधन कर राज्यों के लेवल पर वक्फ बोर्ड बनाने का प्रावधान किया गया। इसके बाद साल 1995 में नया वक्फ बोर्ड एक्ट आया। 2013 में मनमोहन सरकार के समय इसमें कई संशोधन करके इसे पूरी तरह से तानाशाही रूप दे दिया गया। फिलहाल जो व्यवस्था है, वह इन्हीं कानूनों और संशोधनों के तहत चल रही है, इसमें सबसे खतरनाक संशोधन यह था कि वक्फ बोर्ड जिस किसी संपत्ति को अपना बता दे, तो फिर वह उसकी बिना किसी जांच-पड़ताल के उसी की हो जाती है और जिसकी संपत्ति छीनी जाती है, वह कोर्ट या पुलिस के पास भी अपनी फरियाद लेकर नहीं जा सकता है।

प्रायः मुस्लिम धर्मस्थल वक्फ बोर्ड एक्ट के तहत ही आते हैं, लेकिन इसके अपवाद भी हैं। जैसे यह कानून अजमेर शरीफ दरगाह पर लागू नहीं होता। इस दरगाह के प्रबंधन के लिए दरगाह ख्वाजा साहिब एक्ट 1955 बना हुआ है। वक्फ बोर्ड को मिली असीमित शक्तियों पर अंकुश लगाने और बेहतर प्रबंधन व पारदर्शिता के लिए मोदी सरकार ने आठ अगस्त 2024 को लोकसभा में दो विधेयक पेश किए। पहले विधेयक के जरिए सरकार मुसलमान वक्फ अधिनियम 1923 को समाप्त करने को कटिबद्ध लगती है, जबकि दूसरे से मुसलमान वक्फ अधिनियम 1995 में 44 संशोधन किए जाएंगे। सरकार इस विधेयक में बोहरा-आगाखानी के लिए अलग वक्फ बोर्ड का प्रावधान करेगी और किसी की संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित करने के अधिकार से संबंधित धारा 40 को समाप्त कर देगी। मोदी सरकार ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक संसद में पेश करने से एक दिन पहले कहा कि विधेयक लाने का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन और संचालन करना है।



लेखक : संजय सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार

विधेयक पेश किए जाने के बाद सरकार ने इसे व्यापक विमर्श और सर्वसम्मति के लिए प्रवर समिति को भेज दिया है। दूसरे विधेयक में वक्फ अधिनियम 1995 का नाम बदलकर एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता विकास अधिनियम करने का प्रावधान है। इसमें वक्फ बोर्डों के केंद्रीय परिषद और ट्रिब्यूनल की संरचना में व्यापक बदलाव लाने का भी प्रावधान है। मसलन केंद्रीय परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में दो महिलाओं का प्रतिनिधित्व अनिवार्य बनाया जाएगा। इसके अलावा कानून में संशोधन के बाद अब वक्फ ट्रिब्यूनल के आदेश को 90 दिन के अंदर हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण के लिए सर्वे कमिश्नर का अधिकार अब जिला कलेक्टर या उसके की ओर से नामित डिप्टी कलेक्टर के पास होगा।

विधेयक की खास बातों पर नजर डाली जाए तो मोदी सरकार वक्फ अधिनियम, 1923 को वापस लेगी। पारदर्शिता, बेहतर प्रबंधन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए 44 संशोधन किए जाएंगे जिसके द्वारा आगाखानी व बोहरा वक्फ को परिभाषित किया जाएगा। पांच साल तक मुस्लिम धर्म का पालन करने वालों की संपत्ति वक्फ हासिल कर सकेगा। वक्फ के धन से विधवा, तलाकशुदा व अनाथों के कल्याण के लिए सरकार के सुझाए तरीके से काम करने होंगे। संपत्ति वक्फ को देने के दौरान उत्तराधिकारियों और महिलाओं के अधिकार नहीं छीने जा सकेंगे। वहीं, रजिस्टर्ड वक्फ संपत्तियों को 6 माह में पोर्टल पर डालना होगा। वक्फ संपत्तियों से मिलने वाले भू-राजस्व, सेस, उसका रेट, कर, आय, कोर्ट मामले की जानकारी भी बतानी होगी। सरकारी संपत्ति को वक्फ अपनी संपत्ति घोषित नहीं कर पाएगा।

वक्फ बोर्ड में जो बदलाव होंगे, उसके अनुसार मुसलमान वक्फ कानून 1923 खत्म होगा। वक्फ अधिनियम होगा एकीकृत वक्फ प्रबंधन कानून, धारा 40 होगी खत्म, जिससे किसी की संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित करने का अधिकार मिल जाता है। दरअसल, केंद्र की मोदी सरकार यूपीए-2 में मनमोहन सिंह सरकार ने 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन कर वक्फ बोर्ड को किसी की भी संपत्ति को अपनी संपत्ति घोषित करने और वक्फ बोर्ड के निर्णयों को किसी भी कोर्ट में चुनौती देने का अधिकार खत्म करने जैसे बदलाव किए गए थे।

सरकारी सूत्रों के अनुसार तब से मुस्लिम समाज से जुड़े व्यक्तियों व संगठनों की करीब 60 हजार शिकायतें सरकार के पास लंबित हैं। इन सभी शिकायतों में वक्फ बोर्ड में भारी अनियमितता व जबरन संपत्ति पर कब्जा जैसी समान बातें थीं। संशोधन विधेयक में वक्फ परिषद में भी बदलाव का प्रावधान है। मसलन परिषद के अध्यक्ष अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री होंगे। तीन सांसद, मुसलमानों के तीन प्रतिनिधि, मुस्लिम कानून के तीन जानकार, सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के दो पूर्व जज, एक वरिष्ठ वकील, देश की चार नामचीन हस्तियां व केंद्र सरकार के अतिरिक्त या संयुक्त स्तर के अधिकारी व दो महिलाएं इसकी सदस्य होंगी। उधर, विपक्षी दलों ने बिल पेश होने से पहले ही सरकार से आग्रह किया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को पेश किए जाने के बाद इस पर विचार करने के लिए संसद की स्थायी समिति को भेजा जाए। वहीं, सरकार ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की भावना का आकलन करने के बाद वह इस पर फैसला करेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# किसानों की आय दोगुनी करने के हो रहे प्रयास

होसन, 1965 में किसानों के उत्थान के लिए दिल्ली के रामलीला मैदान में एक सभा को संबोधित करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया था।

सरकार ने किसानों की आय को दोगुनी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारत सरकार ने अपने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए 'सात सूत्रीय' रणनीति का आह्वान किया है जो इस प्रकार है प्रति बूंद अधिक फसल, प्रत्येक खेत की मिट्टी गुणवत्ता के अनुसार गुणवान बीज एवं पोषक तत्वों का प्रावधान, गोदामों और कोल्डचेन में बड़ा निवेश, खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहन, राष्ट्रीय कृषि बाजार का क्रियान्वयन ई-प्लेटफार्म, कम कीमत पर फसल बीमा योजना की शुरुआत, और डेयरी-पशुपालन, मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, मेढ़ पर पेड़, बागवानी व मछली पालन जैसी सहायक गतिविधियों को बढ़ावा देना। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु कृषि से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ बुद्धिजीवियों की एक समिति का गठन किया। इस आठ सदस्यीय समिति का मुख्य उद्देश्य कृषि नीति को 'उत्पादन केंद्रित' के स्थान पर 'आय केंद्रित' बनाना एवं संभावनाशील क्षेत्रों की पहचान करना था ।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

समिति ने वर्ष 2015-16 को आधार मानते हुए वर्ष 2025 तक किसानों की आय को दोगुना तक करने का रोडमैप तैयार किया है। वर्ष 2018 में कृषि उन्नति मेले का आयोजन, भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र (आईएआरआई), पूसा, नई दिल्ली में किया गया, जिसका मुख्य विषय '2022 तक किसानों की आय दोगुना करना' पर आधारित था। प्रधानमंत्री ने अपने इस संकल्प की प्रगति का उल्लेख करते हुए कुछ बातों पर सबका ध्यान आकर्षित किया कि 15 करोड़ से अधिक मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड कृषकों में वितरित किए गए हैं, यूरिया के शत-प्रतिशत नीम कोटिंग कर देने के कारण उर्वरक पर व्यय कम हो गया है और इसके साथ-साथ उत्पादन में भी वृद्धि हुई है।

किसान संपदा योजना की मदद से खेत से बाजार में आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने और आधुनिक कृषि बुनियादी ढांचे का निर्माण करने में मदद मिल रही है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि प्रत्येक किसान को आधुनिक बीज, बिजली की पर्याप्त आपूर्ति, और बाजार तक आसानी से पहुंच प्राप्त हो। केंद्र सरकार ने एमएसपी लागत को कम से कम डेढ़ गुना करने का फैसला किया है जो कि सभी अधिसूचित फसलों के लिए लागू होगा। फसल अवशेष को जलने से बचाकर उसे मशीनों के माध्यम से मिट्टी में लौटाना, जिससे खेत पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव से बचा जा सकता है, कृषि विपणन सुधार के लिए जैविक उत्पादों को ई-मार्केटिंग पोर्टल के साथ जोड़ा जा रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## फिर से वही कुश्ती हो

हेमांशु मिश्रा

*पैरिस की धींगा मुश्ती में कुश्ती, दूर कहीं फिर छूट गई*
*प्रकृति के नियमों के उल्टे, कुश्ती अपनों से लूट गई*
*विनेश के संघर्षों को अमन ने है सम्मान दिया*
*भारत की कुश्ती को उसने फिर से ऊंचा स्थान दिया*
*कुश्ती की बस्ती में कितना है संघर्ष कड़ा*
*हर जीत पर पहलवान वजन घटाने अपने से ही खुद लड़ा*
*भारत के जज्बे के आगे ओलंपिक्स को समझाना होगा*
*दंगल में जंगल के कायदे को अब पूरा का पूरा बदलना होगा*
*मानवता की परिपाटी में नियमों को फिर नए सिरे से गढ़ना होगा*
*विनेश को अब मिले न्याय, भिंची हर भारतीय की मुष्टि हो*
*मानव ढांचे के माफिक नियमों की दुरुस्ती हो*
*खेल भावना के निहित, फिर से वही कुश्ती हो*
*खेल भावना के निहित, फिर से वही कुश्ती हो।*

# सामाजिक समरसता : परिवार से समाज की होती है संरचना

व्यक्ति, परिवार, समाज, प्रदेश, राष्ट्र और विश्व की इकाई है व्यक्ति। कुछ व्यक्तियों से मिलकर बनता है परिवार और परिवार से समाज की संरचना होती है। एक व्यक्ति विभिन्न मत पंथ के विचार को परंपरा से मान्यता चला आ रहा होता है, इसलिए उसका परिवार भी उसी का अनुसरण करता है। जब अलग-अलग परिवार विभिन्न विचारधाराओं में जीवन व्यतीत करते हुए एक समाज में एक साथ रहते हैं, तो वहां उनमें वैचारिक और पारंपरिक उदारता होने से समन्वय बना रहता है। विचारों में भिन्नता होने पर वैमनस्य की भी संभावना रहती है। ऐसे में समाज में सौहार्द और विद्वेष की दोनों संभावनाएं साथ-साथ चलती हैं।

अधिकांशत: सबका प्रयास समरसता का ही रहता है ताकि मनुष्य सुख, शांति से जीवन व्यतीत कर सकें। एक-दूसरों के सुख-दुख में काम आ सकें, साथ मिलकर खुशियां मनाएं और अपने समाज, प्रदेश, राष्ट्र एवं समूचे विश्व की उन्नति और बंधुत्व के लिए प्रयत्नरत रहें। मनुष्य जिन स्त्रोतों से वैचारिक सूत्र एवं प्रेरणा प्राप्त करता है, उनकी नियती और नीयत से सामाजिक वातावरण का निर्माण होता है। यथा- सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया:। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कश्चित् दु:खभाग्भवेत्। यह सनातन हिंदू धर्म की प्रार्थना विश्व कल्याण की भावना से ओत-प्रोत है। इसके विपरीत विभिन्न मत मजहबों में व्यक्ति, मत, पंथ को सर्वोपरि माना गया है जिसमें प्राणियों के कल्याण की शिक्षाएं तो हैं परंतु कहीं व्यक्तिवाद और अपने विचार को सबसे ऊपर मानने का चिंतन भी पनपता रहा है। प्राय: यही विचार कट्टरपंथी होकर कहीं न कहीं समाज में विद्वेष का कारण भी बन जाता है। जब कोई अपने ही मत मजहब को सर्वोपरि मानकर उसे ही मनवाने के लिए औरों को भी विवश करने लगता है तो सामाजिक सौहार्द का संतुलन बिगड़ने लगता है। इसके साथ समाज में विभिन्न जातियों वर्गों का समन्वय नहीं होने से भी सामाजिक असंतुष्ट पनपता है।



लेखिका : डॉ. सुनीता देवी
सहायक आचार्य, शिमला विवि

अपनी जाति एवं समुदाय को श्रेष्ठ मानकर औरों के प्रति हीन भावना का व्यवहार समाज में समन्वय की खाई को और भी गहरा बना देता है, इसलिए भारतीय ज्ञान परंपरा में संतों, महात्माओं, ऋषि मुनियों ने सर्वसमभाव समन्वय की संस्कृति को महत्व प्रदान किया है। इसमें सभी मनुष्य, सभी प्राणी सुख-शांति से जीवन व्यतीत कर सकें, ऐसे जिन सूत्रों को ज्ञान के रूप में प्रदान किया, उन वैश्विक सर्वहितकारी सूत्रों का उल्लंघन करने से समाज में नकारात्मक हलचल पैदा होती है। एक-दूसरे के प्रति असहिष्णुता का भाव पनपने लगता है, इसीलिए विभिन्न कालों में महापुरुषों ने समाज को सही दिशा देने का काम किया है। उन्हीं की शिक्षाओं के आधार पर आज भारतीय संस्कृति के परिवेश में विश्व बंधुत्व और सामाजिक समरसता की कामना की जाती है।

यदि समाज में एकता, समानता न्याय का भाव बना रहता है तो उन्नति होती है और इसके विपरीत आचरण होने से पतन होने लगता है। वर्तमान में भी विभिन्न मत मजहबों, संप्रदायों में जातिवाद और जातियों में सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विसंगतियां होने से सामाजिक समरसता को आघात पहुंचाने लगता है। ऐसे में प्रत्येक मत मजहब में संसार के लिए कल्याणकारी बिंदुओं को महत्व प्रदान करते हुए दैनिक व्यवहार में प्रचारित किए जाने की आवश्यकता है ताकि सामाजिक समरसता बनी रहे और एक-दूसरे के मत पंथ के प्रति सम्मान का भाव भी बना रहे, तभी सामाजिक समरसता की भावना बरकरार रह सकती है।

भारत के इतिहास पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि भारत में जब-जब सामाजिक समरसता का अभाव दिखाई दिया है, तब-तब विदेशी आक्रांताओं, शकों, मुगलों, हूणों तथा अंग्रेजों को भारत में अपना शासन स्थापित करने में आसानी हुई है। उन्होंने 'फूट डालो एवं राज करो' की नीति के अनुपालन से ही भारत के कुछ भू-भाग पर अपनी सत्ता स्थापित की थी। अब एक बार पुन: इसी आजमाए हुए नुस्खे को पुन: चलाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। चाहे वह जातिगत जनगणना करने के नाम पर हो अथवा समाज के विभिन्न वर्गों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर किए जाने वाले आंदोलनों की बात हो।

भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में रामायण, महाभारत और अन्य धार्मिक ग्रंथों में समरसता के अनेक उदाहरण देखने और पढ़ने को मिलते हैं। आधुनिक काल के महापुरुषों में स्वामी दयानंद सरस्वती, राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानंद गुरु गोलवरकर, डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी आदि महापुरुषों ने अपने समय में सामाजिक समरसता के लिए महत्वपूर्ण , जिन्हें आदर्श मानकर आज भी सामाजिक समरसता के भाव को आदर्श स्वरूप स्वीकार किया जाता है। अयोध्या के जनप्रिय राजा राम ने अपने जीवन में त्याग, अनुशासन और विनम्रता का जो आदर्श चरित्र प्रस्तुत किया है, वह इस उत्तर आधुनिक काल में भी हमारे लिए एक पथ-प्रदर्शक के रूप में सहज भूमिका निभाता है।

मनुष्य के वाह्य स्वरूप या रहन-सहन एवं आकृति के स्तर पर भले ही भेद दृष्टिगोचर हों, लेकिन आत्मा के तल पर सभी एक समान हैं। यही एकात्म दर्शन हिंदू संस्कृति का महत्वपूर्ण आधार है। प्राचीन काल में यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान समय एवं समाज में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में रखा जाता है वह समाज भगवान राम की मित्रता का प्रतीक है। वर्तमान में समरसता के क्षेत्र में अनेक संगठन तथा व्यक्ति समर्पित भाव से सेवाकार्य कर रहे हैं और उसके सुखद परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं परंतु फिर भी समानता का कार्य भाषण तक सीमित न रहकर धरातल पर उतारकर लोगों की दूरियों को कम करने में सफल हो, यह प्रयास मजबूती से किए जाने की आवश्यकता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध लघु कथा लेखक

**जॉन** अब्राहम प्रसिद्ध लघु कथा लेखक, मलयाली भारतीय फिल्म निर्माता-निर्देशक और पटकथा लेखक थे। फिल्मों के अतिरिक्त वह अपनी जीवन शैली के लिए भी जाने जाते थे। जॉन अब्राहम ने तमिल फिल्म 'अग्राहरतिल कजुथै' से अपनी छाप छोड़ी। फिल्म इंस्टीट्यूट पुणे से सिनेमा में प्रशिक्षित हुए जॉन अब्राहम अपने गुरु ऋत्विक घटक की तरह ही अपने जीवन काल में कल्ट बन गए। उनके कल्ट बनने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान उनकी अगुवाई में चले 'ओडिसा फिल्म आंदोलन' का था, जिसने 'अम्मा अरियन' जैसी विश्व स्तरीय फिल्म का निर्माण प्रोडक्शन के एकदम नए मॉडल यानी लोगों से एक-एक रुपए हासिल करके उनका सिनेमा निर्मित करके किया। 1984 में जॉन ने अपने सिने प्रेमी दोस्तों के साथ 'ओडिसा फिल्म समूह' की स्थापना की। इस समूह का मकसद सिनेमा निर्माण और वितरण को नए सिरे से परिभाषित करना था। इस समूह ने सार्थक सिनेमा को लोकप्रिय बनाने के लिए कस्बों से लेकर गांवों तक विश्व सिनेमा की कालजयी फिल्मों की सघन स्क्रीनिंग करते हुए नए जिम्मेदार दर्शक बनाए। कई बार किसी फिल्म के मुश्किल हिस्से को समझाने के लिए ओडिसा समूह का एक्टिविस्ट फिल्म को रोककर उस अंश को स्थानीय मलयाली भाषा में समझाता। ■



**जॉन अब्राहम**
**जन्म** : 11 अगस्त, 1937
**मृत्यु** : 31 मई, 1987

कविता



## चाचिया दी चुड़-चुड़

शिवालिक अवस्थी, गांव होडल, धर्मशाला

*भयाकणा गया रड़काट चाचा,*
*हाली तिकर नी आया।*
*जाई पता नी कतां से बड़या,*
*ढिढ बड़ा गरमाया।।*
*क्या बणाणा भत्ते जो है,*
*सोच वचार ए लाया।*
*एडी बत्तर ला दा चाचा,*
*गप्पां नास मकाया।।*
*पुटीत्ता नास घरे दा इनी,*
*सियापा सारा पाहया।*
*शर्म नी औंदी बुढें बारें,*
*लुर-लुर नाच नचाया।।*
*पुच्छे कोई खरी के तिसजो,*
*क्या मैं देहया सामान लखाया।*
*बस लूण बसुआर ई लैणा था,*
*कने सारा दिन मकाया।।*
*हटी के ओआ घरे जो अज्ज,*
*ना भुखें तड़पाया।*
*अज्ज ता गल्लां सारियां होणीयां,*
*रोज मजाक बणाया।।*
*लैह वो पकड़ लूण बसुआर,*
*प्यारे चाच्चें गलाया।*
*ओह पारे ते लेअंदा समान,*
*पसीने बड़ा नोहाया।।*
*सुणा नी करदी गल्लां मेरियां,*
*कजो तू मुंह फलाया।।*
*बजार था रहणा हुण भी बड़यो,*
*कजो रौला तुहां है पाहया।*
*तोड़ी ओणे थे फैसले सारे,*
*चाचिएं नंबर लाया।।*
*कजो होआ दी दुआलें अड़िये,*
*लुवाहईएं टैम मकाया।*
*तिज्जो ताईं सईयां लंदियां,*
*चाचें मस्का लाया।।*
*चाची म्हारी ठंडी पई गयी,*
*झटपट भत्त बणाया।*
*सलामत रहे ए जोड़ी इन्हा दी,*
*मिली के प्यारा रिश्ता चलाया।*
*तुसां भी सुणी लो,*
*नोक-झोंक ता चलदी रहंदी,*
*हस्सी करी ने सब सुलझाया,*
*प्यारे कन्ने सब सुलझाया।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# संरक्षित खेती कृषि स्नातक युवाओं के लिए एक सुनहरा रोजगार का अवसर

भारत में अब कई तरह की खेती की बात कृषि वैज्ञानिकों, नीति निर्धारकों एवं राजनेताओं द्वारा समय-समय पर किसानों के बीच में की जाती है, परंतु अभी तक यह आम राय उभर कर सामने नहीं आ रही है कि सब्जियों की खेती परंपरागत तरीके के साथ वैज्ञानिक तकनीकी के भरपूर प्रयोग से की जाए, जिससे देश की 140 करोड़ जनसंख्या को भरपूर मात्रा में पोषक तत्वों से युक्त जहर से मुक्त सुरक्षित सब्जी आसानी से मिल सके तथा इन सब्जियों का निर्यात भी विश्व में बढ़ाया जा सके। परंपरागत सब्जी उत्पादन में भारत का स्थान दुनिया में दूसरा है, जैसे-जैसे कृषि की तकनीकी का विकास होता गया, कृषि में भी बहुत बदलाव होता गया। बैल की जगह ट्रैक्टर से खेती कृषि यंत्रों के प्रयोग से खेतिहर मजदूरों का कृषि क्षेत्र से पलायन शुरू हो गया, कारण कि किसान की खेती आधुनिक उपकरणों पर निर्भर हो गई है, परंतु जब हम संरक्षित खेती की बात करेंगे तो इसमें कृषि यंत्रों का प्रयोग न के बराबर होता है। यहां तो मजदूर ही ज्यादा उपयोगी होता है।

संरक्षित खेती के तहत पॉली हाउस, शेड नेट हाउस, लो टनल, ग्रीनहाउस में नियंत्रित मौसम में खेती की जा सकती है और सिंचाई के लिए ड्रिप सिंचाई की व्यवस्था की जाती है। इसमें पानी को फिल्टर करके पौधों तक पहुंचाया जाता है। ड्रिप से ही उर्वरक दिया जाता है। तापमान को नियंत्रित करने के लिए स्प्रिंकलर और फ्रागर का प्रयोग किया जाता है। संरक्षित खेती की सहायता से लोगों की जरूरत के हिसाब से बेमौसमी या सीजन की मांग के अनुसार फसलों का उत्पादन किया जा सकता है। इस तकनीक के माध्यम से परंपरागत खेती की तुलना में दोगुना से लेकर 10 गुना ज्यादा उत्पादन लिया जा सकता है। संरक्षित खेती के स्ट्रक्चर के लिए भारत सरकार की तरफ से राष्ट्रीय बागवानी मिशन और राज्य सरकार की तरफ से उद्यान व कृषि विभाग द्वारा अनुदान और बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध है। संरक्षित खेती की तकनीक उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियों के उत्पादन के लिए अनुकूल सूक्ष्म जलवायु स्थितियां प्रदान करती है। इन संरचनाओं के जरिए किसान एक भूमि के टुकड़े पर साल भर कई फैसले उगा सकता है। इस तकनीक की सहायता से जिस क्षेत्र विशेष में फसले नहीं हो सकती हैं, उस जगह पर भी संरक्षित खेती के जरिए खेती की जा सकती है। इस तकनीक से फसल को हवा, बारिश, बर्फ और पक्षियों से बचाया जा सकता है। यह उन्नत कृषि तकनीकी हाइड्रोपोनिक्स, एयरोपोनिक्स वर्टिकल खेती की को बढ़ावा देता है। इस तकनीक से खेती करने से फसलों को कम सिंचाई की जरूरत होती है। संरक्षित खेती में लगने वाले रोगों और कीटों को प्रभावी तरीके से नियंत्रित होता है। संरक्षित खेती किसानों के लिए काफी लाभदायक है। शंकर बीजों की कीमत ज्यादा होती है, जरूरी है हर बीज अंकुरित हो। यदि किसान दो सौ वर्ग मीटर की पॉली हाउस में खीरे की एक फसल से खेती करता है तो एक फसल से 30 से 35 क्विंटल की पैदावार मिल जाती है और लागत मूल्य काटकर 4 महीने में किसान को 60 से 65 हजार की बचत होती है, परंतु लाभ पूर्ण रूप से बाजार के भाव पर निर्भर होता /आधारित होता है। इस तरह से वर्ष भर लगभग डेढ़ से 2 लाख रुपए तक की बचत हो सकती है, पर किसान यह भी ध्यान दें कि आंधी-तूफान से पॉली हाउस को नुकसान की संभावना बनी रहती है या फिर बंदरों या जंगली जानवरों से से भी नुकसान का खतरा बना रहता है। इसको ध्यान में रखकर पॉली हाउस को कृषि बीमा के अंतर्गत बीमा करा देना चाहिए जिससे नुकसान की भरपाई बीमा कंपनियों से हो सके।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

संरक्षित खेती आज के कृषि स्नातक युवाओं के लिए एक सुनहरा रोजगार का अवसर दे सकता है। जरूरत है कि सरकार कृषि विश्वविद्यालयों मे कृषि स्नातक छात्रों को तथा जो कृषि स्नातक नहीं है, परंतु संरक्षित खेती करना चाहते हैं, उन्हें कम से कम 6 माह का प्रशिक्षण दिलवाएं जो इस वर्ष एक इस वर्ष की बजट में सरकार ने युवाओं के लिए प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण के लिए कंपनियों में भेजना और वहां पर प्रशिक्षण लेने के लिए युवाओं को छह माह या साल भर स्टाइपेंड भी देने का वचन दिया है, तो छोटे किसानों स्नातक और इंटरमीडिएट के छात्रों के लिए कृषि के क्षेत्र में संरक्षित खेती एक सुनहरा और लाभदायक अवसर बन सकता है। संरक्षित खेती के लिए भारत सरकार व राज्य सरकार ने अनुदान और बैंक ऋण भी उपलब्ध कर रहे हैं। बस जरूरत है छात्रों को सही तरीके से संरक्षित खेती का प्रशिक्षण 6 माह से कम से कम प्रशिक्षण न हो सके तो एक वर्ष का दिया जाए, जिससे युवा वर्ष पर कैसे कौन सी फसल संरक्षित खेती में हो सकती है, अच्छी तरह से जानकारी हासिल कर सकें और किसी में सुरक्षित खेती को अपने लिए आई का साधन और रोजगार बना सकें। कृषि में संरक्षित खेती से रोजगार के सुनहरे अफसर उपलब्ध हैं, बस जरूरत है कि इस खेती के लिए भारत सरकार को विशेष नीति के तहत प्रोत्साहन देना होगा जिससे कृषि स्नातक लड़के जो नौकरी की तरफ भाग रहे हैं, वे अपने गांव में अपने लिए रोजगार के अवसर बनाएं, साथ ही अन्य युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध करवाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### युवती को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान, मंडी।** महिला पुलिस थाना मंडी स्थित भ्यूली में एक 23 वर्षीय युवती ने आरोपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस पर महिला पुलिस थाना मंडी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार कोटली क्षेत्र का रहने वाला आरोपी फेसबुक के जरिए वर्ष 2022 में पीड़िता के संपर्क में आया था। आरोपी ने युवती के साथ शादी करने का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन अब आरोपी पीड़ित युवती के साथ शादी करने से मना कर रहा है। इस पर शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर महिला पुलिस थाना मंडी ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### सेवा संकल्प समिति ने 17 रोगियों को बांटी राहत राशि



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवा संकल्प समिति सरकाघाट की बैठक अध्यक्ष चंद्रमणि वर्मा की अध्यक्षता में सेवा संकल्प समिति कार्यालय सरकाघाट में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष चंद्रमणि वर्मा ने कहा कि दानी सज्जनों के सहयोग से 17 रोगियों को एक लाख 70 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। एक रोगी को बेड सोर से बचने के लिए एयर मैट्रेस प्रदान की गई। सेवा संकल्प समिति द्वारा प्रतिदिन नागरिक अस्पताल सरकाघाट से बीमारों के परिजनों को दो समय का भोजन सराये व बिस्तर किट की सुविधा भी प्रदान की जाती है। बैठक में राकेश कुमार पंकज, बृजलाल भारद्वाज, डॉक्टर विजय कुमार शर्मा, ललित जम्वाल, नानक चंद शर्मा, रमेश चंदेल, कल्पना ठाकुर, रामप्यारी, रणवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

### लोअर नलसर में लगाया खीर का भंडारा

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** सावन महीने के पवित्र अवसर पर शनिवार को लोअर नलसर में 3 क्विंटल खीर राहगीरों को बांटी गई । आयोजक समिति के सदस्य दिलीप, सुभाष, संदीप, अश्विनी, सागर, कपिल, राजा, कुलदीप व हरीश ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सावन के महीने में खीर का भंडारा लगाया गया।



### घुलानू में लगाया इरिगेशन एंड वाटर मैनेजमेंट कैंप



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जायका परियोजना के तहत सरकाघाट उपमंडल के घुलानू गांव मे इरीगेशन एंड वाटर मैनेजमेंट कैंप का आयोजन किया गया। परियोजना के खंड परियोजना प्रबंधक अश्वनी कुमार और कृषि प्रसार अधिकारी निशांत पराशर, निवेश ठाकुर के द्वारा सब प्रोजेक्ट में होने वाले कार्य जैसे की कूल्हों का निर्माण, वाटर स्टोरेज टैंक, माइक्रो इरीगेशन सिस्टम, के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। खंड परियोजना प्रबंधक अश्वनी कुमार जी ने बताया की पावर वीडर, पावर टिलर, ब्रश कटर, थ्रेशर, चैफ कटर पर 50 सब्सिडी का प्रावधान प्रोजेक्ट द्वारा दिया जाएगा इस कुहल के तहत 7.56 हेक्टेयर रकबा सिंचित होगा। साथ ही उन्होंने परियोजना के अंतर्गत फार्म मेकेनाइजेशन के अन्तर्गत पावर टिलर, पावर वीडर, चाफ कटर, टूल किट बारे में लोगों को सम्पूर्ण जानकारी दी। इस कैम्प में लगभग 35-40 लोगों ने भाग लिया।

### एनसीसी कैडेट्स ने मनाई रैंक सेरेमनी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में राष्ट्रीय कैडेट कोर ने रैंक सेरेमनी आयोजित की। रैंक सेरेमनी की अध्यक्षता वल्लभ राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुरीना शर्मा द्वारा कि गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर सुरीना शर्मा, एनसीसी वायुसेना विंग के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन व आर्मी विंग अभिरक्षक डॉ. बलवीर सिंह ने एनसीसी प्रशिक्षण के मानदंडों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को अप्वाइंटमेंट्स दी। कैडेट भारत भूषण को सीनियर अंडर ऑफिसर का रैंक प्रदान किया गया। कैडेट शुभम व कैडेट अभिषेक को अंडर ऑफिसर का रैंक प्रदान किया गया, कैडेट भगवान दास, कैडेट पंकज, कैडेट धीरज, कैडेट रोहन, कैडेट विशाल, कैडेट प्रिंस, कैडेट धर्मेंद्र को सार्जेंट के रैंक पर पदोन्नति किया गया। कैडेट अंशुल कुमार, शिवम, हितेश को कारपोरल के रैंक प्रदान किए। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सुरीन शर्मा ने रैंक अर्जित करने वाले छात्र सैनिकों को बधाई दी।

### कार दुर्घटना में ठेकेदार की मौत, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की गैहरा पंचायत में एक सरकारी ठेकेदार की कार दुर्घटना में मौत हो जाने का समाचार है। जानकारी अनुसार राकेश कुमार पुत्र बेसरी चंद ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि गत रात्रि अपने एक साथी और सरकारी ठेकेदार कुलदीप चंद के साथ सेटिंग का काम देखने गया था और काम देखने के बाद जब वे दोनों कुलदीप कुमार की गाड़ी में वापस आ रहे थे जिसे कुलदीप कुमार चला रहा था। जब वे गैहरा से थोड़ी दूर ही निकले थे तो कुलदीप ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सड़क से करीब पचास मीटर नीचे गिर गई। गाड़ी के गिरने से कुलदीप के सिर और शरीर के अन्य भागों में चोटें आई जबकि वे दोनों सुरक्षित बाहर निकल गए। शिकायतकर्ता राकेश कुमार और साथ बैठे गांधी ठाकुर ने कुलदीप को घायल अवस्था में दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी से निकाला और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिवालसर ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी संजीव गौतम ने बताया कि मामले की जांच हो रही है।

### दिन के समय स्कोर के लिए मांगी बस सेवा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्राम पंचायत तुंग (नसलोह) में शहर के साथ ही लगते गांव अरढा, रोपा और स्कोर के लिए दिन के समय में बस चलाने की मांग उठाई जा रही है। यहां के लोगों का कहना है की गांव स्कोर तक लगभग 7 किलोमीटर के लिए सुबह और शाम को दो ही समय पर बस आती तथा जाती है। दिन में कोई बस सेवा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में गांव वासी ऑटो वाले को 200 तक का किराया देने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा परेशानी विद्यार्थियों को होती है जब उन्हें 3:00 बजे स्कूल में छुट्टी होती है तो उस समय घर जाने के लिए कोई भी बस सुविधा नहीं है, इसलिए बाद दोपहर 3:15 या 3:30 बजे मंडी से स्कोर के लिए बस सेवा लगाई जाए।

# ढोल-नगाड़ों के साथ निकली बाबा भूतनाथ मंदिर से कलश यात्रा

**पुष्पराज, मंडी**

सावन मास में जहां भक्त भगवान शिव की पूजा अर्चना में लीन होकर गुणगान करते हैं वहीं भगवान शिव को समर्पित छोटी काशी मंडी में भी भगवान शिव की भक्ति के लिए कई भव्य आयोजन किए जाते है।

इसी कड़ी में शनिवार को बाबा भूतनाथ मंदिर से कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें ढोल नगाड़ों से साथ बाबा भूतनाथ मंदिर से कलश यात्रा निकली। बाबा भूतनाथ मंदिर से महंत देवानंद सरस्वती की अगुवाई में मंडी शहर के भक्ति जनों ने इस यात्रा में भगवान शिव का गुणगान करते हुए भाग लिया। बाबा भूतनाथ मंदिर से चली यह कलश यात्रा रामलिंगेश्वर और एकादश रूद्र महादेव मंदिर से गुजरते हुए शिवा बावड़ी पहुंचे जहां से सभी भक्तों ने कमंडल और कलश आदि में जल भरकर लाया और पोस्ट आफिस से गुजरते हुए राज देवता माधो राय के मंदिर में जाकर परिक्रमा कर भूतनाथ मंदिर में बाबा भूतनाथ का जलाभिषेक किया।



कलश यात्रा के दौरान नृत्य करती हुई महिलाएं।

महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि मंडी शहर के आराध्य देव बाबा भूतनाथ है और मंडी शहर के शासक राज देवता माधो राय है और इस कलश यात्रा के आयोजन के दौरान राज देवता माधो राय को भी निमंत्रण दिया गया जिसके पश्चात बाबा भूतनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि शाम करीब 5 बजे बाबा भूतनाथ जी का अभिषेक करके ललिता सहस्त्रनाम स्त्रोत का पाठ कर 1100 कमल पुष्पों के द्वारा बाबा भूतनाथ का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि इस पाठ के लिए असम के गुवाहाटी में कामाख्या माता मंदिर के पुजारी ने आग्रह किया था कि इस पाठ के साथ बाबा भूतनाथ का श्रृंगार करें जिस पर उन्होंने बताया कि इस पाठ के करने से पुरा मंडी नगर धनधान्य से परिपूर्ण हो जाएगा और मंडी शहर को सुख शांति की प्राप्ति होगी। उन्होंने बताया कि यह पाठ पुरे नगर और जिला वासियों को समर्पित रहेगा।




यात्रा के दौरान ध्वजा के साथ महंत देवानंद सरस्वती।

# जोगिंद्रनगर में चोरों के हौसले बुलंद, लोगों में खौफ

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में गत डेढ़ महिने में डेढ़ दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाओं से आम आदमी अपनी सम्पति को लेकर भयभीत है। एक के बाद एक हो रही चोरी की घटनाओं के बाद भी जोगिंद्रनगर पुलिस के हाथ खाली ही है। लोगों में हैरानी इस बात को लेकर है कि आखिर यह चोर गिरोह कब पुलिस के हाथों चढ़ेगा।



जिला मंडी पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ।

जोगिंद्रनगर में शातिर चोर उन्हीं मकानों को अपना निशाना बना रहे है जहां पर परिवार के लोग निजी कार्यों से घर से बाहर गये होते है। चोरों द्वारा पहले रेकी की जाती है फिर चोरी की वारदातों को अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है क्योंकि चोरों द्वारा ऐसे मकानों में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है जहां पर मकान मालिकों द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए थे चोरों द्वारा पहले सीसीटीवी कैमरों को ही नष्ट किया है। जिससे कहा जा सकता है कि यह चोर गिरोह पर पूरी रेकी करता है फिर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। बीते रोज शहर के नजदीक 12 प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में हुई चोरी ने लोगों के दिलों में डर का माहौल पैदा हो गया है। चोरों द्वारा तेजधार दार हथियार से कुत्ते को मौत के घाट उतारने से यह बात जाहिर हो गयी है कि यह लोग तेज धारदार हथियार लेकर इन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है।

अब तक डेढ़ माह से डेढ़ दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी है। और लगभग 20 से 25 लाख रुपये की चोरी हो चुकी है पुलिस द्वारा चोरी के बाद लोगो को जागरूक किया जाता है तो चोर अन्य जगह पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे कर अपने मंसूबों को कामयाबी प्रदान कर रहे है। ऐसे में कहा जा सकता है कि चोर गिरोह आगे व पुलिस उनके पीछे पीछे घूम रही है। लेकिन डेढ़ माह से पुलिस के हाथ अब भी खाली ही है जिससे लोगों में पुलिस का भरोसा उठना नजर आ रहा है। (अनंत ज्ञान)

**करीब 25 लाख की चोरियां कर चुके शातिर**

#### थाना प्रभारी का पद खाली

**जोगिंद्रनगर** में गत दस माह में ही दो थाना प्रभारियों के तबादले से भी पुलिस कार्यप्रणाली प्रभावित हुई है। जोगिंद्रनगर में अब भी थाना प्रभारी का पद खाली पड़ा है। जिससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार इतनी चोरी की वारदात होने के बाद भी लोगों की संपत्ति के प्रति कितनी संवेदनशील है।

#### संदिग्धों की जानकारी पुलिस को दें : साक्षी

**उधर** जिला मंडी पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने कहा कि जोगिंद्रनगर में गत कुछ दिनों में चोरी की घटनाएं बढ़ी है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है उन्होंने कहा कि जल्द यह गिरोह पुलिस के शिकंजे में होगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि कोई भी कोई भी संदिग्ध दिखे तो उसकी जानकारी पुलिस को दें।

### मंडी में 24 ग्रामीण सड़कें बंद, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भारी बरसात के चलते इन दिनों जिला में बहुत सी सड़कें बंद हो रही हैं। लोक निर्माण विभाग की कार्य कुशलता के चलते कुछ समय के लिए बंद हूए रोड बहाल भी कर दिए जा रहे हैं। शनिवार को 6ः00 की स्टेटस रिपोर्ट के मुताबिक 25 सड़के बंद हैं। इसमें 24 ग्रामीण सड़क हैं। धर्मपुर डिवीजन में 6, पधर में चार, सराज में छह, सरकाघाट में चार, थलॉट में तीन और जोगिंद्रनगर में दो सड़के शामिल है। इसी तरह से जिला के करसोग डिवीजन में पांच और मंडी डिवीजन में 9 डीटीआर में विद्युत बाधित है जबकि पानी की सप्लाई स्कीम में कहीं भी बाधित नहीं है। इनमें धर्मपुर डिवीजन नौ, पद्धर में चार, सराज में सात, सरकाघाट में चार, सथलॉट में तीन और जोगिंदर नगर में दो सड़के शामिल थी।

इनमें धर्मपुर डिवीजन में 32, पद्धर में 18, सराज में 15, सरकाघाट में 6, थलौट में नौ, मंडी में तीन, जोगिंद्रनगर में दो, नेरचौक में एक, गोहर में दो और सुंदर नगर में चार सड़कें शामिल थी। शाम को 3:00 बजे इनमें से केवल 29 सड़के ही बंद रह गई थी। इनमें 28 सड़कें ग्रामीण क्षेत्र की थी। इनमें धर्मपुर डिवीजन नौ, पद्धर में चार, सराज में सात, सरकाघाट में चार, थलौट में तीन और जोगिंद्रनगर में दो सड़कें शामिल थी।

## स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण बोर्ड का शीघ्र होगा गठन: सीएम



प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के साथ सामूहिक चित्र में

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण बोर्ड का जल्द ही गठन किया जाएगा। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कही।

हिमाचल प्रदेश राज्य कांग्रेस आरटीआई सेल के कोऑर्डिनेटर एवं स्वतंत्रता सेनानी सरकाघाट और धर्मपुर मंडल के अध्यक्ष अधिवक्ता केके वर्मा ने बताया कि हिमाचल स्वतंत्रता सेनानी परिषद की कार्यकारिणी ने शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की और उन्हें कई वर्षों से लंबित पड़ी मांगों के बारे में अवगत करवाया। अध्यक्ष जगदीश गुलेरिया की अगुवाई में मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा की पिछले 7 वर्षों से बोर्ड का गठन न होने के कारण स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया की पिछले विधानसभा सत्र में विधायक संजय रत्न ने सदन को बताया था की वर्तमान में सभी विभागों में बैकलॉग के कारण लगभग 536 से अधिक पद रिक्त पड़े है, जिन्हें शीघ्र भरने के साथ अन्य मांगों पर विचार करने का आश्वासन भी मुख्यमंत्री ने कार्यकारिणी सदस्यों को दिया।

#### बोर्ड गठन से होगा फायदा : वर्मा

**स्वतंत्रता** सेनानी परिषद के सरकाघाट और धर्मपुर मंडल के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश राज्य कांग्रेस आरटीआई सेल के कोऑर्डिनेटर अधिवक्ता केके वर्मा ने कहा कि बोर्ड के गठन से एक लाख से अधिक स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सदस्यों को फायदा पहुंचेगा और बहुत जल्दी प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा बोर्ड का गठन करने के बाद राज्य स्तर पर एक बहुत बड़ा सम्मानित समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रिमंडल और राष्ट्रीय स्तर के कांग्रेस नेताओं को भी इसमें बुलाया जाएगा।

### पटेल विश्वविद्यालय में इंटर्नशिप का हुआ समापन



छात्र एवं मुख्य अतिथि सामूहिक चित्र में ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्कूली बच्चों के लिए 6 अगस्त से 10 अगस्त तक सरदार पटेल विश्वविद्यालय में आयोजित किए जा रहे इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च आईएनएसपीआईआरई इंटर्नशिप कैंप का पटेल विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ। शिविर के समापन समारोह में कुलपति प्रोफेसर शशि कुमार धीमान मुख्य अतिथि रहे। इंटर्नशिप साइंस कैंप, डीएसटी, नई दिल्ली की समन्वयक, वैज्ञानिक-सी डॉ. तमन्ना अरोड़ा और एसपीयू कुलपति ललित कुमार अवस्थी ने भी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

### सरकार पेंशनरों की मांगों को कर रही अनदेखी : चौहान

**कविता, पधर**

हिम आंचल पेंशनर कल्याण संघ द्रंग खंड इकाई के अध्यक्ष एमसी चौहान ने कहा है कि प्रदेश के पेंशनरों की हितैषी कहलाने वाली वर्तमान सरकार पेंशनरों को उनके हक नहीं दे रही है।

सरकार के झूठे हितैषी रवैये के चलते पेंशनरों में सरकार के प्रति रोष है। सामुदायिक भवन पधर में आयोजित बैठक में कहा कि पेंशनर लगातार अपनी मांगे सरकार के समक्ष रख रहे हैं। लेकिन सरकार पेंशनरों की मांगों की अनदेखी करती आ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पेंशनरों की जायज मांगों के प्रति संवेदनशील नहीं है। प्रथम जनवरी 2016 के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों का वेतन निर्धारण व बकाया का जल्द भुगतान करे। चिकित्सा बिलों का भुगतान लंबे समय से नहीं हो पाया है। एचआरटीसी और बिजली बोर्ड के पेंशनरों का डीए और संशोधित वेतनमान बकाया का सम्मानजनक सुविधा से भुगतान किया जाए। पेंशनरों ने सरकार के अड़ियल रवैये के प्रति रोष प्रकट किया है।

### माइंड ऑपरेशन अकादमी के होनहारों ने चमकाया जोगिंद्रनगर का नाम



राम प्रकाश ठाकुर बच्चों को मिठाई खिलाते हुए।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

माइंड ऑपरेशन अकादमी जोगिंद्रनगर की दो छात्रों ने जेल बॉर्डर की दोनों सीटों में कामयाबी हासिल की। कामयाबी हासिल करने वाली छात्राएं कंचन हरावाग और सलोनी मसौली की रहने वाली है । कंचन ने पूरे हिमाचल में दूसरा स्थान हासिल करके माइंड ऑपरेशन अकादमी का नाम रोशन किया है, वहीं पुरुषों में मनीष कुमार का चयन हुआ है को थलटूखोड़ का रहने वाला है।

### अलाथू की मोनिका बनी सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** गांव अलाथू की मोनिका सेना में नर्सिंग लेफ्टिनेंट बन गई है। ग्राम पंचायत सैण की प्रधान सुनीता कश्यप ने बताया कि मोनिका ने झारखंड राज्य के नामकुम स्थित सेना के अस्पताल में नौकरी ज्वाइन कर ली है। मोनिका के पिता हिमाचल प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं जो इन दिनों बिलासपुर में कार्यरत हैं जबकि माता मीरा देवी गृहिणी है। उसका एक छोटा भाई संजीव कुमार है।



### कड़छम-वांगतू जल विद्युत परियोजना के नाथपा डैम से आज होगी फ्लशिंग

**उमेश, सुंदरनगर**

सतलुज नदी में सिल्ट की मात्रा बढ़ने से प्रभावित हो रहे विद्युत उत्पादन को लेकर रविवार को किन्नौर जिला स्थित कड़छम-वांगतू जल विद्युत परियोजना के नाथपा डैम से सिल्ट की फ्लशिंग की जाएगी। इसकी समयसारिणी रात 12 बजे से रविवार दोपहर बाद 4 बजे तक रहेगी।

डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने एसपी मंडी, जिला के करसोग और सुंदरनगर उपमंडलों के एसडीएम, मत्स्य अधिकारी और संबंधित पंचायतों के प्रधानों को अलर्ट पूर्व सूचना जारी किया है। डीसी मंडी ने उक्त सभी अधिकारियों और पंचायत प्रधानों को फ्लशिंग के दौरान स्थिति का पूरा जायजा लेने और सतलुज के किनारे रहने वाले लोगों को अलर्ट करने के आदेश दिए हैं।

वहीं डीसी मंडी ने किसी आपदा की स्थिति को लेकर जिला आपदा प्रबंधन केंद्र मंडी के टोल फ्री नंबर 1077 या 01905-227201, 202, 203 और 204 पर संपर्क करने की अपील की है। इसको लेकर एसजेवीएन ने पूर्व सूचना देकर एहतियातन कदम उठाने की जानकारी दी गई है।

### कांग्रेस की गारंटियों की निकली हवा : राकेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए झूठ बोला और हिमाचल की भोली भाली जनता को ठगने का प्रयास किया। भाजपा मुख्य प्रवक्ता व सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रदेश में इस समय एक झूठी और भ्रष्ट सरकार कार्य कर रही है। कांग्रेस को प्रदेश में कार्य करते समय या तो एक बार फिर अपने घोषणा पत्र को पढ़ लेना चाहिए या फिर उस घोषणा पत्र के रद्दी होने कि घोषणा खुले मंच से करनी चाहिए।




**कार्यालय ग्राम पंचायत फंगवास**
**विकास खंड धनोटू , जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्वाव पारित किया गया कि वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के लिए निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेता/फर्म व्यक्ति से मुहर बंद निनिविदाएं आमंत्रित की जाएं ताकि वर्ष 2024-25 के लिए सामग्री खरीदी जा सके बैठक में निर्णय लिया कि निविदाएं दिनांक 17.08.2024 को अपराहन 4 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव के नाम पहुंच जानी चाहिए, इसके उपरांत कोई भी निविदाएं नहीं ली जाएंगी निविदाएं दिनांक 20.08.2024 को पंचायत बैठक/निर्माण कमेटी व निविदादाता या उनके द्वारा अधिककृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।
**सामग्री का विवरण निम्न है।**

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा जिसमें मूल्य बंछित है |
|---|---|---|
| 1. | रेत खड्ड | प्रति घनमीटर |
| 2. | रेत क्रशर | प्रति घनमीटर |
| 3. | बजरी खड्ड 20,40 एमएम | प्रति घनमीटर |
| 4. | बजरी क्रशर 20,40 एमएम | प्रति घनमीटर |
| 5. | पत्थर बोल्डर | प्रति घनमीटर |
| 6. | पक्की ईंट | प्रति 1000 रजिस्ट्रीकृत फर्म |
| 7. | जेसीबी मशीन द्वारा कटिंग/ब्रेकर | प्रति घंटे के हिसाब से |
| 8. | कैरीज सीमेंट प्रति बैग सु.नगर से फंगवास तक | प्रति बैग |
| 9. | शटरिंग | प्रति घनमीटर |
| 10. | सरिया/एंगल | प्रति क्विंटल |
| 11. | जीआई शीट 40, 45 एमएम | प्रति एमएम |
| 12. | चौखट लकड़ी/पल्ले किस्म सहित | रनिंग फुट/प्रति घनमीटर |
| 13. | लैपटॉप, प्रिंटर | |
| 14. | फर्नीचर, रिवालविंग चेयर मेज, अन्य कुर्सियां | |
| 15. | पेवर | |
| 16. | साईन बोर्ड 2×3, 3×4 फुट सामग्री व पेंटिग सहित | प्रति बोर्ड |
| 17. | पेवर ब्लॉक, टाईल्स 40,60,80 एमएम | प्रति टाईल्स |

शर्तेः- 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या जीएसटी, टिन नं. एम फार्म होना आवश्यक है। 2. ठेकेदार /सप्लायर को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एफ फार्म जमा करवाने होंगे, एम फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में संबंधी रॉयल्टी वर्तमान में 60 रूपए प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। 3. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेशिफिकेशन के अनुरूप होगी। 4. निर्माण सामग्री सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 5. पारित निविदादाता को मु. 25000/- रूपए की धरोहर/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत कि पास जमा करने होंगे। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने सर्शत निविदा समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाता के लिए कार्य आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 7. स्वीकृत फर्म/व्यक्ति को सामग्री अदायगी मुल्यांकन उपरांत आरओजीएस, पीएफएमएस द्वारा की जाएगी, मनरेगा कार्यों की सामग्री की अदायगी आनलाईन पीएफएमएस द्वारा की जाएगी। निविदादाता निविदाओं में सामग्री विवरण अनुसार लिखित करें अन्यथा निविदाएं रद्द की जाएंगी।

**सचिव, ग्राम पंचायत फंगवास**
**विकास खंड धनोटू , जिला मंडी (हि.प्र.)**


**जानकारी**

## अश्वगंधा तनाव और चिंता में करती है कमी

# अश्वगंधा है एक महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक औषधि

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

आयुर्वेदा विभाग में वरिष्ठ आयुर्वेदिक डॉक्टर हितेश शर्मा ने अश्वगंधा के बारे में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मझवाड़ के विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि अश्वगंधा का वैज्ञानिक नाम विथानिया सोम्निफेरा है, आयुर्वेद में यह एक महत्वपूर्ण औषधि है। इसे विंटर चेरी और इंडियन जिनसेंग के नाम से भी जाना जाता है।

उन्होंने अश्वगंधा के औषधीय गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह तनाव और चिंता में कमी करती है। इसे एक शक्तिशाली एडाप्टोजेन माना जाता है, जो हमारे शरीर को तनाव और चिंता से लड़ने में मदद करता है। इसके सेवन से कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर नियंत्रित होता है, जिससे मानसिक शांति मिलती है।



अश्वगंधा औषधि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ. हितेश शर्मा।

उन्होंने बताया कि इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण आदमी के के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। यह शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करते है और संक्रमण से बचाव होता है।

अश्वगंधा के सेवन से शरीर की ऊर्जा और सहनशक्ति में वृद्धि होती है। यह शारीरिक और मानसिक थकान को कम करने में सहायक है। अश्वगंधा मस्तिष्क के कार्यों को सुधारता है और स्मरण शक्ति को बढ़ाता है। यह ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को भी बढ़ाता है। इसका सेवन रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे मधुमेह के रोगियों को लाभ मिलता है। अश्वगंधा रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करती है, जिससे हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है।

डॉक्टर हितेश ने इसकी सेवन की विधि बताते हुए कहा कि अश्वगंधा का सेवन पाउडर, कैप्सूल, या चूर्ण के रूप में किया जा सकता है। इसे दूध, पानी या शहद के साथ लिया जा सकता है। आमतौर पर, 1-2 ग्राम अश्वगंधा पाउडर का सेवन दिन में दो बार करना सही है। (अनंत ज्ञान)

## रोटरी क्लब छोटी काशी मंडी ने मनाया 'अन्नपूर्णा दिवस'



रोटेरियन और विशेष बच्चे सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

रोटरी क्लब छोटी काशी मंडी द्वारा शनिवार को मंडी के नागचला स्थित विशेष बच्चों के लिए संचालित सहयोग शिक्षण संस्थान एवं छात्रावास में 'अन्नपूर्णा दिवस' का आयोजन किया।

इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने संस्थान के सभी विद्यार्थियों के लिए भोजन की व्यवस्था की। क्लब की अध्यक्षा अनुपम सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब छोटी काशी हर वर्ष अन्नपूर्णा दिवस का आयोजन करता है, जिसमें गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रदान कर इस दिन को मनाया जाता है।

क्लब के सभी सदस्य विशेष बच्चों के साथ भोजन कर बेहद प्रसन्न महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर रोटरी क्लब छोटी काशी से सचिव रमींद्र कौर, प्रबोध आनंद, निवेदिता आनंद, मुनीश सूद, इंदिरा मोहिनी आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# हॉकी में पूबोवाल और ऊना ब्वॉयज की टीम अगले दौर में


विजेता टीम के साथ सोमलाल धीमान व अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, हरोली**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खड्डु में चल रहे जिला स्तरीय छात्रों की प्रारंभिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन हॉकी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनारी को पूबोवाल ने हराया। ऊना ब्वॉयज ने गोंदपुर बनेहड़ा को पराजित कर फाइनल में स्थान पक्का किया और खो-खो में नंगल जरियाला ने जखेडा स्कूल को पराजित किया व लड़ली स्कूल ने भैरा स्कूल को पराजित किया। इसी स्पर्धा में नंगड़ा स्कूल ने ओयल को पराजित किया।

वहीं, वॉलीबाल में कोटला कलां ने बुधान को कड़े मुकाबले में पराजित किया। गुरपलाह ने रिपोह मिसरा को हराया। बैडमिंटन में गघोह हाई स्कूल ने बंगाणा स्कूल को पराजित किया। हरोली स्कूल ने दूसरे मुकाबले में भी बंगाणा स्कूल को पराजित किया। कबड्डी प्रतियोगिता में सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमांदरी ने नैहरियां व रॉकफोर्ड स्कूल को पराजित किया। अंबोटा स्कूल ने वीपीएस बहडाला स्कूल को पराजित किया, वहीं पूबोवाल स्कूल ने अंबोटा को कड़े मुकाबले में हराया। फुटबाल प्रतियोगिता में सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंजावर में पंडोगा स्कूल को पराजित किया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल सलोह ने ढक्की स्कूल को हराया। यह जानकारी उपशिक्षा निदेशक प्रारंभिक सोम लाल धीमान ने दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक खेलकूद प्रतियोगिताएं बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न की जा रही हैं और विद्यार्थियों के ठहरने, खाने-पीने, शौचालय, एंबुलेंस, खेल मैदान की अच्छी व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर डीएसएसए सीनियर वाइस प्रेजिडेंट डॉ. राजेश कौशल, एडीपीओ आरएस भुल्लर, स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य एवं ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी नरेंद्र पुरी, रिटायर्ड एडीपीओ जगदीश राम, हरीश कुमार, राजेंद्र कुमार, विनोद ठाकुर, कुलवंत, भीष्म, सुनील कुमार, कुल यश राय, प्रवीण कुमार, कुलवंत, रघुवीर, राज कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# जिले में विशेष प्रजाति के मुर्गी पालन को दिया जाएगा बढ़ावा : उपायुक्त

## डीसी जतिन लाल ने किया बहडाला कड़कनाथ पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिले में मुर्गी पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रशासनिक स्तर पर पहल होने जा रही है। विशेष प्रजाति के मुर्गी पालन को लेकर डीसी के आदेशों पर पशुपालन विभाग कदमताल करने लगा है। योजना को मूर्त रूप देने से पूर्व डीसी समेत महकमे के अधिकारी कुछ मॉडल पोल्ट्री फार्म का अध्यन्न भी कर चुके हैं।

उपायुक्त जतिन लाल ने जिला में कड़कनाथ मुर्गी पालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बहडाला गांव में स्थित पोल्ट्री फार्म का दौरा किया। इस पोल्ट्री फार्म में कड़कनाथ व देसी नसल की मुर्गियों का पालन किया जा रहा है। उपायुक्त ने पोल्ट्री फार्म के मालिक भूपिंद्र सिंह से इस व्यवसाय बारे बारीकी से जानकारी हासिल की ताकि जिला में इस व्यवसाय के प्रति लोगों को प्रेरित किया जा सके।


एक पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण करते उपायुक्त जतिन लाल।

उपायुक्त ने बताया कि कड़कनाथ मुर्गे को पालना आसान होता है और रखरखाव में ज्यादा खर्च नहीं होता है। कड़कनाथ मुर्गे का मांस और अंडे बाजार में काफी मंहगे बिकते हैं जिससे लोग कम समय में अच्छा मुनाफा हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा कड़कनाथ मुर्गी की अन्य नसलों की अपेक्षा बहुत कम बीमार पड़ते हैं।

उन्होंने बताया कि कड़कनाथ नसल के अंडे का बाजारी मूल्य 25 से 30 रुपए प्रति अंडा है, जबकि इसके मांस की कीमत लगभग एक हजार रुपए प्रति किलोग्राम है। वर्तमान में बाजार में इसके अंडे व मांस की मांग बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है क्योंकि इसका सेवन कई गंभीर बीमारियों के रोगियों में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है। इसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन जबकि वसा की मात्रा न्यूनतम होती है। इसके अलावा शरीर में रक्त बढ़ाने के साथ-साथ आंखों की रोशनी बेहतर करने व कोर्निया को साफ रखने में बहुत मददगार सिद्ध हुआ है। उन्होंने जिला के किसानों से आह्वान किया है कि वे इस व्यवसाय को अपनाने के लिए आगे आएं।

डीसी ने जानकारी दी कि जलग्रां गांव में स्थित सरकारी पोल्ट्री फार्म में अक्तूबर माह में प्रदर्शन हेतु कड़कनाथ नसल के 500 मुर्गे-मुर्गियां लाई जा रही हैं। इनमें से कुछ का पालन विभाग के पोल्ट्री फार्म में पालन किया जाएगा, जबकि कुछ को इस व्यवसाय के लिए इच्छुक लोगों को दिया जाएगा। उन्होंने ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में इनके अंडे व मुर्गों की बिक्री के आउटलेट्स खोले जाएं ताकि लोगों को ये सुगमता से उपलब्ध हो सकें।

इसके उपरांत उपायुक्त ने बहडाला में बीमार व दुर्घटनाओं में घायल बेसहारा पशु-पक्षियों के उपचार हेतु स्थापित राधा-माधव सेवा कुंज का दौरा कर यहां उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण किया। वर्तमान में इस संस्थान में छोटे-बड़े लगभग 40 जानवर उपचाराधीन हैं।

उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि यहां पर एक ट्रामा सेंटर खोलने बारे बीडीओ ऊना से मिलकर एक प्रारूप तैयार किया जाए तथा इस सेंटर के लिए जरूरी उपकरण व अन्य सुविधाओं के सृजन के लिए अवगत करवाया जाए। इस अवसर पर सहायक निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. राकेश भट्टी, राधा-माधव सेवा कुंज के संचालक वरूण प्रभाकर तथा सहयोगी अर्जुन व तरुण मौजूद रहे।

# अंब पुलिस ने नशे की खेप के साथ दो युवाओं को पकड़ा



**विवेक शर्मा, अंब**

अंब थाना प्रभारी गौरव भारद्वाज की टीम को नशे के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल हुई है।

आपको बता दें कि पुलिस थाना अंब के अंतर्गत पड़ते गांव अठवां चौंक नजदीक ओवरहैड पानी टैंक के पास शुक्रवार शाम करीब 7.20 बजे अंब पुलिस ने नाका लगाया हुआ था, तो उसी समय गगरेट की तरफ से एक सफेद रंग की कार चेक करने पर उसमें बैठे दोनों युवक काफी सहम गए। उनकी गाड़ी की तलाशी ली गई तो कार के चालक के पांव के नीचे बिछे मैट के नीचे से एक पारदर्शी पॉलीथिन सील पाऊच में 6.25 ग्राम चिट्टा पाया गया।

थाना प्रभारी अंब गौरव भारद्वाज ने बताया की पुलिस ने शुक्रवार शाम दो आरोपित युवकों से गांव अठवां चौंक नजदीक ओवरहैड टैंक के पास 6.25 ग्राम चिट्टे के साथ धरा, जिन्हें अंब अदालत में पेश किया जाएगा।

## भंगायणी में भाट ब्राह्मणों की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के हरिपुरधार स्थित मां भवानी मंदिर परिसर में हरिपुरधार उपतहसील के अंतर्गत पड़ने वाले गांवों के भाट ब्राह्मणों की एक बैठक 11 अगस्त को आयोजित की जाएगी जिसमें सैकड़ों भाट ब्राह्मण भाग लेंगे। संगड़ाह विकास खंड की भाट ब्राह्मण समिति के अध्यक्ष हरिंद्र शर्मा और हाटी समिति के फाउंडर मेंबर एवं भाट ब्राह्मण कल्याण समिति के मुख्य सलाहकार मेला राम शर्मा ने बताया कि सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र की अन्य तहसीलों की तर्ज पर हरिपुरधार उपतहसील के भाट्ट ब्राह्मणों की इकाई का भी गठन किया जाएगा और क्षेत्र में भाट ब्राह्मण समुदाय को अनुसूचित जनजाति का लाभ दिलाने के लिए आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। अध्यक्ष हरिंदर शर्मा ने भाट ब्राह्मणों को बैठक में भाग लेने का आग्रह किया।

# चिंतपूर्णी श्रावण अष्टमी मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**राजेश शर्मा, चिंतपूर्णी**

माता चिंतपूर्णी के दरबार में चल रहे श्रावण अष्टमी मेले के छठे दिन क्षेत्र में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। छह दिनों में माता के दरबार में करीब 80 हजार श्रद्धालु पहुंच चुके थे। माता के दर्शनों के लिए लगी डबल लाइन बाजार तक पहुंच गई थी। पुलिस और सुरक्षा व्यवस्था में लगे लोग पूरी तरह मुस्तैद थे।

शनिवार को सुबह से ही भरवाईं से लेकर चिंतपूर्णी बाजार श्रद्धालुओं से भरा रहा। दर्शन करने के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाजार में खरीददारी करते नजर आए। वहीं, लंगर वाले स्थानों पर काफी भीड़ जमा रही। देश के विभिन्न स्थानों से आए श्रद्धालुओं आकाश तिवारी, कमलेश, जतिन, अमन शर्मा, सौरभ, नीलम, राकेश सिंह, मनु, शक्ति, अनिल इत्यादि ने बताया कि माता चिंतपूर्णी के दरबार में लगने वाला श्रावण अष्टमी मेला उनके लिए किसी पर्व से कम नहीं है। लोग बड़ी श्रद्धा से यहां पहुंचकर इसे त्योहार की तरह मनाते हैं।


चिंतपूर्णी श्रावण अष्टमी मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

बड़ी श्रद्धा से माता के दरबार पहुंचकर लाइनों में खड़े होकर मंदिर में हाजिरी भरते हैं और कई संस्थाएं लाखों रुपए खर्च कर लंगर लगाती हैं। मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के तमाम इंतजाम किए गए हैं। सुगम दर्शन पर्ची के अलावा बीमार, बुजुर्ग तथा दिव्यांग लोगों के लिए दर्शन की व्यवस्था अलग से की गई है।

पहले दिन से ही श्रावण अष्टमी मेला शांति पूर्वक और सुचारु रूप से चला हुआ है। जिलाधीश जतिन लाल के दिशानिर्देशों से प्रबंधों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। श्रावण अष्टमी मेले में चिंतपूर्णी में पांचवे दिन तक कुल चढ़ावा 60 लाख पहुंच गया। पांचवें रोज 13 लाख 91 हजार नकद चढ़ावा चढ़ाया गया। (अनंत ज्ञान)

### श्रावण अष्टमी मेले में सफाई की पोल खुली

इस वर्ष भी मेले के दौरान प्रशासन ने लंगर लगाने की मंजूरी तो दे दी है, लेकिन साफ-सफाई व्यवस्था अब तक राम भरोसे ही चल रही है। यहां वहां लंगर से बचे हुए व्यंजनों को खुले में फेंका जा रहा है। साफ-सफाई के नाम पर लीपापोती ही हो रही है।

वहीं, पहले पंचायत स्तर पर तमाम व्यवस्थाओं की निगरानी होती थी। इस बार लंगर लगाने की मंजूरी भी प्रशासन अपने स्तर पर कर रहा है, जिससे यह आलम मेले में देखने को मिल रहा है। सफाई व्यवस्था की लगभग पोल खुलती दिखी है।

## पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, मैहतपुर।** हिमाचल प्रदेश शिवसेना के प्रांतीय अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ ने देवीदास सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय कटौहड़ खुर्द में फलदार और छायादार पौधे वितरित किए। उन्होंने रुद्राक्ष तथा पौधे रोप कर पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पौधों को बच्चों की तरह ही संभालकर उनकी परवरिश करनी पड़ती है। शिवसेना की पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन शिवसेना की ओर से मै मैहतपुर मुख्य बाजार में निशुल्क पौधे वितरण का कार्य किया जाएगा। पौधे लगाने की इच्छुक मैहतपुर बाजार से निशुल्क विभिन्न प्रजातियों के पौधे प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने स्कूल की प्रधानाचार्य मीनाक्षी शर्मा को आश्वासन किया कि विद्यालय परिसर में पौधरोपण के लिए और पौधों की आवश्यकता होगी तो उन्हें उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। इस अवसर पर शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता जया दत्त, सह सचिव राजीव मेनन हिमाचल शिक्षा समिति जिला के जिला महामंत्री सुखदेव शर्मा की मौजूद रहे।

## आज नंबरदार जनकल्याण संघ की बैठक

**अंब।** हिमाचल नंबरदार जनकल्याण महासंघ संगठन की इस बार की बैठक दिन 11 अगस्त को सुबह 11 बजे विश्राम गृह गगरेट में होनी निश्चित हुई है। इसमें खंड अम्ब के साथ-साथ पुरे जिला ऊना के नंबरदार सम्मिलित होंगे।

जिलाध्यक्ष ऊना कंवर बृज पाल सिंह ने बताया की इस बैठक में नंबरदारों और सरकार के बहुत जरूरी और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने सभी जिला ऊना के सभी नंबरदारों से अनुरोध है कि बैठक में जरूर आएं और अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

# कुटलैहड़ कांग्रेस संगठन को करेगी मजबूत : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में संगठन को मजबूत किया जाएगा। विकास के मामले में किसी तरह का भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने पंचायतीराज संस्थाओं से विकास के लिए मिले धन का समय रहते इस्तेमाल करने का आह्वान किया। विधायक शनिवार को कांग्रेस कमेटी द्वारा कुटलैहड़ के जोगीपंगा में एक आभार रैली में बोल रहे थे।

इस बैठक में विधायक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कुटलैहड़ के सभी कमेटी प्रकोष्ठ मोर्चा के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने भी बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक में विवेक शर्मा को कुटलैहड़ विधायक बनने पर बधाई दी गई और खास बात यह रही कि आज यानी शनिवार को ही विधायक विवेक शर्मा का जन्म दिवस भी था। और कमेटी सदस्य एवं समर्थकों ने विधायक विवेक शर्मा एवं परिवार सहित केक काटकर उनका जन्म दिवस मनाया। वहीं सभी कमेटी प्रमुख एवं समर्थकों ने विधायक विवेक शर्मा को बधाइयां दीं। विधायक ने इस आदर सत्कार पर कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठ एवं समर्थकों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह जीत मेरी नहीं बल्कि तमाम कुटलैहड़ के उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं की है, जो भीषण गर्मी में प्रचार-प्रसार में डटे रहे।


जोगीपंगा में कुटलैहड़ कांग्रेस की बैठक में उपस्थित नेता और कार्यकर्ता

विवेक शर्मा ने कहा कि सभी कमेटी सदस्य एवं मोर्चों प्रकोष्ठों के सदस्य राज्य सरकार की योजनाओं को घर घर पहुंचाए, ताकि राज्य सरकार की योजना अंतिम पंक्ति पर बैठे उस परिवार को लाभ मिले। जिस परिवार को जरूरत है। विवेक शर्मा ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भी आभार प्रकट किया। वहीं बैठक में आगे की रणनीति तैयार की गई। कि कुटलैहड़ में कांग्रेस पार्टी किस प्रकार मजबूत हो और कैसे कुटलैहड़ विस क्षेत्र में बिकास को रफ्तार मिले। बैठक में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में गांव गरीब की समस्याओं के समाधान एवं राज्य सरकार की तरफ से हरसंभव मदद गरीबी रेखा से नीचे परिवारों को देने पर चर्चा की है।

बैठक में कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, राज्य सचिव देसराज गौतम, प्रवक्ता विजय डोगरा, अच्छारो बीबी, परवीन दुआ, गुलजारी लाल सहित, मीना चौधरी के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# परघैल क्षेत्र में दो दिवसीय जिला स्तरीय ठोडा प्रतियोगिता आरंभ

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ उपमंडल की उपतहसील पझोता के परघैल क्षेत्र जिला स्तरीय ठोडा प्रतियोगिता शनोल जुबड़ी कुंथल पशोग में आज से आरंभ हो गई। ठोडा दल सिरमौर के प्रधान संत राम मनसैइक ने बताया कि हिमाचल प्रदेश ठोड़ा संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिला सिरमौर की सभी टीमें भाग ले रही है।

उन्होंने बताया कि ठोडा युगों-युगों से प्रचलित महाभारत कालीन संगीत मयी खेल है। इस खेल का शुभारंभ ठोडा खेल की आराध्य देवी ठोड़ की पांरपरिक पूजा के साथ हुआ। इसके बाद इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ ठोडा खिलाड़ी धनीराम वर्मा द्वारा किया गया। प्रथम दिन स्टेज प्रतियोगिता और कल सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे। इस प्रतियोगिता में सिरमौर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए ठोडा के जानकारो व वरिष्ठ ठोडा खिलाड़ियों ने अपने अपने अनुभव व विचार साझा किए और ठोडा के इतिहास पर प्रकाश डाला। पद्म विद्यानंद सरैक ने भी इस मौका पर अपने अनुभव साझा किए। काबिले जिक्र है कि सिरमौर जिले में इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार हो रहा है।


पझोता के परघैल क्षेत्र में दो दिवसीय जिला स्तरीय ठोडा प्रतियोगिता में पहुंचे खिलाड़ी।

# प्रदेश सरकार ने एक-एक कर सारी योजनाएं कर दीं बंद, लोगों में बढ़ रहा रोष : भुट्टो

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक द्वारा वन महोत्सव के उपलक्ष्य पर लगातार पांचवां पौधरोपण कार्यक्रम थानाकलां के बड़वार में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगो ने भाग लिया। पौधरोपण कार्यक्रम के बाद संबोधन कार्यक्रम भी रखा गया था। कार्यक्रम में पहुंचने पर कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो का समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मंडल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि आप सभी लोग जो पौधा ले जा रहे हैं, इसके रोपण के साथ ही इसके पोषण और रक्षा का भी दायित्व आप ही का है। पौधा रक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। भुट्टो ने कहा कि मेरा कुटलैहड़ हरा भरा रहे यही मेरा सपना है। पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों पर सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोगों को सपने बेच कर सत्ता में आने वाली राज्य सरकार आज जनता को त्रस्त कर रही है।


बढ़वार गांव में पौधरोपण कार्यक्रम में पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो और अन्य।

पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा दी गई सभी सुविधा भी गरीबों से छीन रही। प्रदेश सरकार ने एक-एक कर सारी योजनाएं बंद कर दी हैं, जिससे लोगों में बढ़ रहा रोष इस अवसर पर जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, महासचिव राजेंद्र मलांगड़, प्रदेश सचिव सूरम सिंह, कैप्टन प्रीतम डडवाल, प्रधान रणजीत सिंह, अजय पराशर, योगराज भारद्वाज, सतीश धीमान, हुसन सिंह, अरुण मनकोटिया, अभय राणा, संजीव कुमार, अजय शर्मा, करनैल सिंह, संजीव ठाकुर, रोहित, भुल्ला शर्मा, चेला दुर्गा दास, पिंकी शर्मा, महिंद्र सिंह, अवतार सिंह, सतीश धीमान, कृष्ण पॉल, सतीश कुमार, रमेश कुमार, अजय पाराशर, लीला देवी कैप्टन प्रीतम, रणजीत सिंह सूबेदार, भाग सिंह, सुरेश कुमार, अजय तिरा, भूषण , अरुण, सूरम सिंह, प्रदेश सचिव, दुर्गा दास मोहिंदर, अभय राणा व युवा मोर्चा के सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# मुख्य मार्गों पर लगाए जाएं आपातकालीन नंबर व स्पीड लिमिट साइन बोर्ड : वर्मा



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में किया गया।

उन्होंने कहा कि वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की संख्या में भी लगातार इजाफा होता जा रहा है, इसलिए हमें सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत गंभीरता से तीन बिंदुओं पर कार्य करने की आवश्यकता है जिसमें वाहन चालकों में जागरूकता, सड़कों पर वाहनों की अवैध पार्किंग और यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई शामिल है। जिला की प्रमुख सड़कों विशेषकर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर ओवरस्पीड रोकने के लिए आवश्यक पग उठाए जाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए मुख्य मार्ग पर साइन बोर्ड लगाकर स्पीड लिमिट तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवा के दूरभाष नंबरों की जानकारी दी जाए।

लोनिवि द्वारा जिला में विभिन्न सड़कों में 566 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इसी प्रकार राष्ट्रीय उच्च मार्ग द्वारा जिले में 17 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। उन्होने पुलिस विभाग, मेडिकल विभाग, शिक्षा विभाग, अध्यक्ष रोड सेफटी क्लब को शिक्षण संस्थानों, आईटीआई, पीजी कॉलेज में हर माह सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। बैठक में कई गणमान्य उपस्थित रहे।

**चर्चा** रोगियों को घर-द्वार पर बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध : राजीव

# आयुर्वेदिक अस्पताल में बेहतर सुविधाएं दें अधिकारी : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, हरोली**

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ईसपुर में रोगी कल्याण समिति ईसपुर की शासकीय निकाय व कार्यकारिणी की बैठक उपमंडलाधिकारी हरोली राजीव ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम राजीव ठाकुर ने कहा कि रोगियों को घर-द्वार पर बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार कटीवद्ध है। उन्होंने राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में रोगियों को उपचार के लिए बेहतर सुविधाएं व व्यवस्थाएं जुटाने के लिए विभागीय अधिकारियों, चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ से आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में पिछले वर्ष 13268 रोगियों की जांच व उपचार किया गया, जबकि 1989 रोगियों ने अस्पताल में इंडोर पेशेंट के रूप में दाखिल होकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में रोगियों का इस अस्पताल पर विश्वास बना हुआ है। जिसे भविष्य में भी बेहतर सेवाएं देकर और पुष्ट किया जाएगा। बैठक में अस्पताल की कार्यप्रणाली व सुविधाओं में अधिक सुधार लाने पर भी चर्चा हुई।


आयुर्वेदिक विभाग के कर्मचारियों तथा अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम।

अस्पताल की प्रभारी डॉ. जागृति दत्ता ने पिछले वर्ष के दौरान आरकेएस की आय व व्यय का ब्यौरा रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में रोगी कल्याण समिति की आय 3 लाख 58 हजार 790 व व्यय 2 लाख 15 हजार 755 रुपए रहा। उन्होंने बताया कि 2024-25 में अनुमानित व्यव 6 लाख 57 हजार 160 रुपए होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि बैठक में 2024-25 वित्तीय वर्ष के दौरान मेडिकल ड्राईविंग फीस व मेडिकल फीटनेस फॉर लिव फीस को 180 रुपए से बढ़ाकर 200 रुपए करने की भी स्वीकृति ली गई।

बैठक में एंबुलेंस के डीजल चार्जिस को 15 रुपए प्रति किलोमीटर से कम करके 13 रुपए प्रति किलोमीटर करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक के दौरान ईसपुर अस्पताल में लैब सुविधा, डाटा एंट्री ऑपरेटर, कम मल्टी टास्क सर्विस प्रोवाइडर रखने पर भी चर्चा हुई। वहीं, चिकित्सालय में आईपीडी डे केस चार्जिस 20 रुपए प्रति रोगी शुल्क लेने को भी बंद करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला आयुष अधिकारी ऊना डॉ. किरण शर्मा, मीना कुमारी, पंचायत प्रधान बख्शो देवी, बीडीसी सदस्य ईसपुर मीना कुमारी, चित्तविलास पाठक, सरवण कुमार, पुष्पा देवी, प्रेम सिंह जसवाल मौजूद रहे।

# अपने चुनावी वादों से यू-टर्न पर सदन में माफी मांगे कांग्रेस : कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रदेश की सुक्खू सरकार ने राज्य की माली हालत का हवाला देते हुए बहुत सी मुफ्त सुविधाओं पर कटौती करने का फरमान जारी किया है। जनता को मिल रही इन सुविधाओं के लिए अब जनता को अपनी जेब ढीली करनी होगी।



सुक्खू सरकार के इन फैसलों पर प्रदेश भाजपा अपना रोष व्यक्त कर रही है। भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने सुक्खू सरकार पर जनता के साथ वादाखिलाफी करने के आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस ने चुनावों के समय कई तरह के स्वप्न दिखाकर जनता के साथ छल किया व सत्ता हथियाने का काम किया। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, महिलाओं को 1500 रुपए से लेकर हिमकेयर, सस्ता राशन जैसी सुविधाओं पर यू-टर्न लेकर कांग्रेस सरकार ने जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर जीएसटी बढ़ाया, एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई, शराब पर सेस बढ़ाया, स्टांप ड्यूटी बढ़ाई और भी अन्य कई सुविधाएं आम आदमी की पहुंच से बाहर कर दी हैं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जनहित में खोले गए संस्थानों को बंद करने का काम किया और इन सबके बावजूद हैरानी की बात है कि मात्र 2 साल में रिकॉर्ड ऋण लेकर एक इतिहास रच दिया है।

कंवर ने कहा कि इन सभी झूठे वादों पर विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए और कांग्रेस सरकार को सदन के भीतर जनता से किए गए इस धोखे के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि या तो कांग्रेस को प्रदेश की आर्थिक स्थिति का ज्ञान नहीं था या फिर जानबूझकर केवल सत्ता में आने के लिए इन्होंने जनता से झूठे वादे किए।

# शराब माफिया के हाथों लुट रही प्रदेश की जनता : गोविंद ठाकुर

## जल्द कार्रवाई करे सरकार वरना होगा आंदोलन, आबकारी विभाग भी नहीं कर रहा कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में शराब माफिया जनता को मनमाने दाम लेकर लूट रही है और सरकार की खुली छूट से आम जनता प्रभावित हो रही है, लेकिन प्रदेश में आबकारी विभाग भी पंगु बनकर तमाशबीन बनी है और इस पर कोई संज्ञान नहीं ले रहा है।

शनिवार को ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में शराब माफिया को सरकार संरक्षण दे रही है और शराब विक्रेता सरकार के साथ मिलकर मनमाने दाम पर शराब बेच रहे हैं। इससे ऐसा लगता है कि चुनाव के दौरान शराब माफिया ने कांग्रेस सरकार को सहयोग किया होगा और अब इस बात का बदला आम जनता को लूट कर लिया जा रहा है।

जिला कुल्लू में पर्यटन सीजन के दौरान भी शराब माफिया की लूट सैलानियों से भी जारी रही और आज भी हर जगह पर शराब के अधिक दाम वसूले जा रहे हैं। ग्राहक के मांगने पर भी उन्हें कोई बिल नहीं दिया जा रहा है। जब ग्राहक द्वारा आवाज उठाई जाती है तो शराब माफिया के द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। जिस कारण प्रदेश की कानून व्यवस्था भी खराब हो रही है।

गोविंद ने कहा कि आए दिन इस तरह के वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं, जिसमे शराब विक्रेता अपनी मनमानी कर रहे हैं। अब सरकार द्वारा नई शराब नीति लागू की गई है। जिसमें अब एमएसपी लागू की



ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर।

गई हैं। हालांकि, 30 प्रतिशत अधिक लेने की बात कही गई है, लेकिन शराब माफिया इस बात को नहीं मान रहा है और मुंह मांगे दाम वसूले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब इस बात से पता चलता है कि सरकार के द्वारा किस तरह से शराब माफिया को खुली छूट दे रखी है। हालांकि, इस मामले की लोग शिकायत भी कर रहे हैं, लेकिन अभी तक सरकार के द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। कई जगह पर शराब में कुछ और चीज भी डाली जा रही है जिस कारण लोगों की सेहत से भी खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसी घटनाएं पूरे प्रदेश में पेश आ रही हैं और यह सब सरकार की गलत नीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बड़े शराब माफिया के कहने पर यह शराब नीति तैयार की है और इसमें सरकारी तंत्र की भी मिलीभगत है। पहले कुल्लू जिला में शराब की 40 यूनिट थी, लेकिन कांग्रेस सरकार में अब मात्र 5 यूनिट बनाई गई हैं। जिस कारण छोटे स्तर पर काम करने वाले लोग भी बेरोजगार हो गए हैं।

आखिर यह सब किसने कहने पर किया गया इसका जबाव आज तक सरकार नहीं पाई है। कांग्रेस सरकार के द्वारा अब कुल्लू के निरमंड इलाके में एक यूनिट और आनी को 2 यूनिट बनाए गए हैं। यूनिट 3 में बंजार, भुंतर और कसोल, यूनिट 4 में कुल्लू और मनाली तथा यूनिट 5 में लाहौल और पांगी के इलाके को जोड़ा गया। ऐसे में सरकार की खुली छूट से आम जनता को शराब माफिया के द्वारा लूटा जा रहा है।

पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि शराब ठेके का आवंटन के द्वारा जिन लोगों की आबकारी विभाग में देनदारी थी। उन लोगों के द्वारा भी इस पूरी प्रक्रिया में भाग लेने दिया गया, जबकि आबकारी नीति के अनुसार वे इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते है। ऐसे में सरकार को क्या जरूरत पड़ गई कि उन्हें चुनावी वर्ष में इस तरह की शराब नीति को लाना पड़ा। गोविंद ठाकुर ने कहा कि साल 2016 में भी कांग्रेस के द्वारा इसी तरह की नीति लाई गई थी। जिसे बाद में भाजपा सरकार के द्वारा बदला गया। कांग्रेस सरकार जब भी सत्ता में आती है तो वह जनता से लूट करना शुरू कर देती है। ऐसे में अगर जल्द ही इस शराब नीति को नहीं बदला गया तो आने वाले समय में जनता के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

# सांसद कंगना की राह देख रहे मनालीवासी : भुवनेश्वर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि मनाली के लोग अपनी सांसद कंगना रनौत की राह देख रहे हैं। मनाली में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 24 जुलाई की रात को ब्यास नदी में आई बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। पलचान में चार परिवार बेघर हुए हैं। प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद कर रही है, लेकिन केंद्र की अनदेखी प्रभावितों पर भारी पड़ी है।

गत दिन सांसद जब रामपुर दौरे पर गई थी तो मनाली के बाढ़ प्रभावित परिवारों को उम्मीद थी कि सांसद उनसे मिलने जरूर आएगी, लेकिन सांसद के न आने से सभी को मायूसी हुई है। गौड़ ने कहा कि ब्यास नदी के तटीयकरण को लेकर केंद्र सरकार गंभीर नहीं है। प्रदेश सरकार ने जो योजना बनाकर केंद्र को भेजी थी उसे ब्यास नदी की बाढ़ से हुए नुकसान को देखते हुए दोवारा रिपोर्ट बनाने को कहा है।



मनाली में पत्रकारवार्ता के दौरान विधायक भुवनेश्वर गौड़ व अन्य गणमान्य लोग।

### सीधा ग्रिड से जुड़ा मनाली, नहीं सताएगी वोल्टेज की समस्या

**विधायक** ने कहा कि मनाली और साथ लगते ग्रामीण इलाके अब प्रीणी में सीधा ग्रिड से जुड़ गए हैं। वीरवार से नए सब स्टेशन से सप्लाई शुरू हुई है। इससे मनाली में बिजली की कम वोल्टेज की समस्या नहीं रहेगी। लंबे अरसे से चल रही मांग पूरी होने पर मनाली के लोगों में खुशी की लहर है। एडी की ट्रांसमिशन लाइन के साथ बिजली बोर्ड ने 33केवी की लाइन जोड़ दी है। उन्होंने कहा कि अब मनाली को प्रीणी में बने 220 केवीए के सब स्टेशन से बिजली की आपूर्ति शुरू हो गई। विद्युत विभाग मनाली के अधिशाषी अभियंता पूर्ण चन्द ठाकुर ने बताया कि सीधा ग्रिड से जुड़ने पर बिजली की कम वोल्टेज की समस्या नहीं रहेगी। साथ ही सर्दियों में होने वाला नुकसान भी कम होगा।

उन्होंने कहा कि बाढ़ से कुल्लू मनाली मार्ग की हालत खस्ता हो गई है। जगह जगह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने एनएचएआइ से आग्रह किया कि सड़क की हालत जल्द से जल्द सुधारी जाए, ताकि आने वाले पर्यटन सीजन में कोई परेशानी न हो।

# भुंतर सुधार समिति का पौधरोपण अभियान बना एक मिसाल

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

सुधार समिति की बैठक गुरुद्वारा साहिब भुंतर में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सबसे पहले अध्यक्ष मेघ सिंह ने सभी का स्वागत किया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर जो पौधरोपण की मुहीम संस्था द्वारा चलाई है उसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है।

समिति की टीम प्रतिदिन पौधों की देख-रेख के साथ पौधरोपण की सेवाएं दे रही हैं। सुबह तड़के चार बजे उठ कर पौधों को लेकर पहाड़ी पर चढ़ना और उन्हे रोपित करना कार्य बहुत ही काबिले तारीफ है। आने वाले समय में सुधार समिति के मेहनत कश सदस्यों के इस नेक कार्य को याद रखा जाएगा। पौधरोपण की लगातार चली मुहिम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गई है। सुबह जंगल की ओर निकलना पौधरोपण के बाद फिर अपनी दिनचर्या को जाना यह बड़ी हिम्मत का काम है। वहीं, मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में वन विभाग का हमें पुरा सहयोग मिल रहा हैं।



भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारी बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि तेगुबेहड़ अस्पताल में चली सेवा को और भी बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठाएं जाएंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, रोशन लाल हार्डवेयर कलैहली, महासचिव रविंदर परमार, कोषाध्यक्ष ऋषि शर्मा , महिला विंग की अध्यक्षा नीना घई, सचिव मीना जसवाल, प्रवक्ता नीलम घई, मीडिया प्रभारी पूर्ण आदि उपस्थित रहे।

# मलाणा में गर्भवती महिला को तार स्पेन में बिठाकर पहुंचाया दूसरी ओर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

आपदा के कारण सड़क सुविधा से कटे मणिकर्ण घाटी के मलाणा गांव में लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, ग्रामीणों ने मिलकर एक लकड़ी के पुल का निर्माण भी किया है, ताकि आवाजाही में ज्यादा दिक्कत न हो, लेकिन पैदल सफर अधिक है। ऐसे में बीमार लोगों को इस रास्ते आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है। शनिवार को एक गर्भवती महिला को तार स्पेन (झूले) के माध्यम से दूसरी तरफ पहुंचाया गया और वहां से उसे सड़क के रास्ते अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

बता दें कि एक गर्भवती महिला को जोखिम भरे रास्ते से प्रसव के लिए अस्पताल लाया गया। जिस तार स्पेन से मलाणा गांव राशन पहुंचता है, मजबूरन उसी तार स्पेन में डालकर महिला को सबसे जोखिम भरे प्वाइंट को दूसरी तरफ पार करवाया गया। हालांकि, इन तार स्पेन में मात्र राशन, फल व सब्जियां ही ढोई जाती हैं, लेकिन गर्भवती महिला को अस्पताल ले



मलाणा की गर्भवती महिला को तार स्पेन के माध्यम से दूसरी ओर जाते हुए।

जाना था और वह उबड़ खाबड़ और लंबा पैदल सफर करने में सक्षम नहीं थी। ऐसे में ग्रामीणों ने उसे तार स्पेन में बिठाकर रास्ता पार करवाया। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी इस दौरान साथ थी।

उधर, सीएमओ कुल्लू डॉ. नागराज ने बताया कि उक्त गर्भवती महिला मीना देवी पत्नी जीवन को भुंतर स्थित बर्थ वेटिंग होम तेगूबेहड़ में एडमिट किया गया है। जहां पर वह चिकित्सकों की देखरेख में है।

# सीपीएस सुंदर ठाकुर झूला पुल से पहुंचे मलाणा, जांची सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



मुख्य संसदीय सचिव वन, ऊर्जा पर्यटन एवं परिवहन सुन्दर सिंह ठाकुर हाल ही में कुल्लू में आई आपदा के बाद से स्वयं प्रशासनिक अमले सहित तत्परता से पुनरुद्धार के कार्यों में सक्रिय होकर हर क्षेत्र में जाकर कार्यों को दिशा-निर्देश एवं गति दे रहे हैं। सीपीएस ने शनिवार को झूला पुल के माध्यम से मलाणा जाकर यहां पर उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि मलाणा के लिए ईंधन, राशन, दवाइयों सहित सभी आवश्यक खाद्य पदार्थों तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि मलाणा गांव की सड़क के बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण यहां पर तुरन्त समाधान के तौर पर झूला पुल की व्यवस्था की गई है, वहीं दो अन्य झूले की व्यवस्था सीधे मलाणा में सामान के आवागमन के लिए की जा रही है। मलाणा के लिए बिजली की आपूर्ति को बहाल करने के लिए विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य कार्य किया जा रहा है, ताकि शीघ्रातिशीघ्र मलाणा गांव के लिए बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

सीपीएस ने कहा कि पिछले दिनों कुल्लू के विभिन्न स्थानों पर आई आपदा, जिसमें कई स्थानों पर बादल फटने के कारण जान माल का नुकसान हुआ परंतु सरकार व प्रशासन की मुस्तैदी, तत्परता तथा त्वरित राहत-बचाव अभियान के कारण आपदा से निपटने तथा नुकसान को कम करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राजकीय महाविद्यालय बंजार में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 13 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राजकीय महाविद्यालय, बंजार में 13-14 अगस्त को 'आइडेंटिटी कल्चर डिवेलपमेंट एंड इन्वाइरनमेंट इन हिमाल्याज: चलेंजिज एंड फ्यूचर परस्पेक्ट्ज' विषय पर आधारित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण आयोजन में बतौर मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश के उच्च शिक्षा निदेशक, डॉ. अमरजीत के शर्मा सम्मिलित होंगे, जबकि प्राचार्या डॉ. रेणुका थपलियाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।

इसके अतिरिक्त विशेष अतिथि के रूप में डॉ. हरीश कुमार (अतिरिक्त निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय शिमला) और डॉ. गोपाल कृष्ण संघईक (ओएसडी कॉलेज सह राज्य नोडल अधिकारी, उच्च शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश) अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस सम्मेलन के संयोजक डॉ. सुरेंद्र सिंह होंगे।

डॉ. थपलियाल ने बताया कि इस सम्मेलन में 5 विभिन्न देशों, भारत के आठ राज्यों और हिमाचल प्रदेश के 7 जिलों से 65 प्रतिभागी विद्वान अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जेसी कुनियाल (वैज्ञानिक एवं प्रमुख, पर्यावरण आकलन एवं जलवायु परिवर्तन केंद्र, जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा, उत्तराखंड) और मानद फेलो, बाथ स्पा यूनिवर्सिटी, लंदन, अपने विचार साझा करेंगे। आमंत्रित वक्ताओं में डॉ. स्वागता वासु, डॉ. प्रिय रंजन, डॉ. जितेंद्र डी सोनी, डॉ. सचिन कुमार, डॉ. पवन कुमार आदि अपने वक्तव्य देंगे। यह सम्मेलन हिमालयी क्षेत्र की सांस्कृतिक और पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान और भविष्य के संभावित परिप्रेक्ष्यों पर गहन विमर्श का सुअवसर प्रदान करेगा।

**असर** वाहन चालकों को हो रही थी परेशानी, विभाग ने सड़क को किया दुरुस्त

# टारिंग से सुधरी शीतला माता-लोरन सड़क की हालत

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय के साथ लगते लोरन और शीतला माता मंदिर के बीच संपर्क सड़क मार्ग की हालत अब सुधर चुकी है। गौर रहे कि लोरन और शीलता माता मंदिर संपर्क सड़क मार्ग पर जगह-जगह पर बने गड्ढों और उखड़ी हुई टारिंग से जहां लोगों को आवाजाही में परेशानी होती थी, वहीं इस सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों को भी खासी परेशानी पेश आती थी।

इन सभी समस्याओं को देखते हुए 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र में जनता को पेश आ रही समस्या को देखते हुए इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। प्रकाशित खबर को देखने के बाद संबंधित विभाग ने इस सड़क की मरम्मत का कार्य भले ही थोड़ा देर से शुरू किया, मगर बाद में इस सड़क की टारिंग कर दी है और जगह-जगह पड़े गड्ढों को भी भर दिया गया है।







खबर लिखे जाने से पहले लोरन सड़क की खस्ताहाल तस्वीर तथा (दाएं) सड़क मार्ग की सुधरी हालत।

स्थानीय जनता ने सड़क की हालत सुधरने पर जहां राहत की सांस ली है वहीं वाहन चालकों ने सड़क की मरम्मत होने पर प्रसन्नता जताई है।

स्थानीय जनता जिनमें लोरन की सुख राम, चांद शर्मा, महेंद्र कुमार, अप्पर सुल्तानपुर से रोशन लाल, महेश, विजय सिंह, दिनेश, दुर्गानगर से शेखर, प्रभात सहित दर्जनों लोगों ने सड़क की मरम्मत होने पर प्रसन्नता जताई है। (अनंत ज्ञान)



समस्या सड़कों में पड़े गड्ढे बने परेशानी का सबब, सड़कों की हालत लंबे समय से जस की तस

लोरन सड़क मार्ग की हालत दयनीय, टारिंग उखड़ी

अनंत ज्ञान समाचार पत्र में लोरन सड़क संपर्क मार्ग की प्रकाशित खबर।

# न्यूज ब्रीफ

## सैंज कॉलेज में 14 को होगा पीटीए कमेटी का गठन

**अनंत ज्ञान, सैंज।** राजकीय महाविद्यालय सैंज में अभिभावक-अध्यापक संघ (पीटीए) की आम सभा बुधवार 14 अगस्त को आयोजित की जाएगी। इस बैठक में छात्रों के अभिभावक व अध्यापक विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ अन्य विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की करेंगे । प्रधानाचार्या डॉ. सुजाता ने बताया कि इस आमसभा में शैक्षणिक सत्र 2024- 25 के लिए पीटीए कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा तथा सभी अभिभावकों के साथ शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर विभिन्न मुद्दों पर प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। मीडिया प्रभारी प्रो. वंदना आर्य ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

## नहीं बनी पीटीए की नई कार्यकारिणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू में शनिवार को मानक के अनुरूप अभिभावकों की उपस्थिति न होने से पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका। अगली बैठक 8 सितम्बर को 11 बजे होगी ।प्राचार्य डा. मनदीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वरिष्ठ प्राध्यापक डा. सोम किशन ने शैक्षिक सत्र 2023-24 के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में 4000 से अधिक विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हैं। पीटीए की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु पहली बैठक में दो-तिहाई अभिभावकों का उपस्थित होना जरूरी है। शनिवार को मानक के अनुरूप अभिभावकों की उपस्थिति न होने से नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका। नई कार्यकारिणी के गठन हेतु अगली बैठक 8 सितम्बर को 11 बजे होगी। प्राचार्य डा. शर्मा ने आगामी बैठक में अभिभावकों से उपस्थित होने की अपील की है।

## शिरढ में 22 साल बाद मनाया जोग 'दैविक अनुष्ठान'

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** उझी घाटी के शिरढ गांव में करीब 22 वर्षों के बाद दैविक अनुष्ठान (जोग) का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय अनुष्ठान में देवीय शक्तियों द्वारा यह जोग विश्व शान्ति के लिए किया जाता है। पहले दिवस में रात के समय में गांव में थान जागरा मनाया जाएगा। इसी तरह से दुसरे दिन देवी-देवताओं की अपार शक्ति से पूरे गांवों को एक अभिमंत्रित सूत्र में बांधा जाता है ताकि गांव में बुरी आत्माओं व बुरी शक्तियों का नाश हो सके। स्थानीय लोगों का मानना है इस अनुष्ठान से पूरी घाटी में फसलों की अच्छी पैदावार होती है। यह अनुष्ठान 30 व 31 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। देवता के कारदार रमेश महंत ने बताया कि इस दैविक अनुष्ठान में घाटी के सैकड़ों श्रद्धालु बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं। उपस्थित सभी श्रद्धालों को देवी -देवता की ओर से प्रशाद ग्रहण करने के पश्चात इस जोग (अनुष्ठान) को संपन्न किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

## वॉलीबॉल में उदयपुर की टीम का रहा दबदबा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति में 52वें जिला स्तरीय छात्रा वर्ग के अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन त्रिलोकनाथ व उदयपुर का दबदबा रहा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी में त्रिलोक नाथ की टीम ने सलग्रां को और तिन्दी ने शकोली को हराया। इसी तरह से खो-खो में तिंदी ने केलंग को, त्रिलोक नाथ ने शकोली ओर मडग्रां को हराया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उदयपुर ने थिरोट को हराया, जबकि उदयपुर ने जाहलमा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, सेमीफाइल में तिन्दी की टीम का मुकाबला कल त्रिलोकनाथ की टीम के साथ होगा। इसमें विजयी रहने वाली टीम का मुकाबला फाइनल में उदयपुर की टीम के साथ होगा। 11 अगस्त को सभी खेल प्रतियोगिता का फाइनल करवाया जाएगा जबकि अंतिम दिन 12 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकनृत्य, एकल गान, समूह गान, वाद्ययंत्र व भाषण प्रतियोगिता करवाई जाएगी।

## पूर्ण आहूति से दशांश महायज्ञ हुआ संपन्न



**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** उझी घाटी के घुड़दौड़ में देवता गणपति के मंदिर में तीन दिवसीय दशांश महायज्ञ का पूर्ण आहूति के साथ समापन हो गया है। वीरवार की सुबह यज्ञ में आए देवी की पूजा अर्चना के उपरांत महायज्ञ की कारवाई शुरू हुई थी, जिसमें 9 पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार से यज्ञ शुरू किया गया था। इस यज्ञ में, माता त्रिपुरा सुंदरी, माता चामुंडा, माता भटंती, जला ज्वालापुर के गणपति देवता, घुड़दौड़ गांव के देवता गणपति, सियाली महादेव व लराई महादेव रथ सहित विराजमान रहे। वहीं माता चोंगासन व देवता कार्तिक स्वामी अपने निशानों के साथ विराजे। शनिवार को देवता गणपति के कारदार प्रकाश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यज्ञ तीन दिनों तक चला, जिसमें पूर्ण आहुति के साथ और समस्त देवी-देवताओं की कृपा से यह यज्ञ संपूर्ण हुआ है। वहीं पूर्ण आहुति के दौरान घाटी के कई देवी-देवताओं के हारियान भी शामिल हुए। यज्ञ में आए सभी भक्तजनों ने जहां एक तरफ देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया वहीं यज्ञ में आए सभी भक्तों ने विशाल भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। (अनंत ज्ञान)

## पोरी मेले में होंगी खेलकूद प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, उदयपुर।** एसडीएम उदयपुर एवं अध्यक्ष पोरी मेला आयोजन समिति केशव राम ने कहा है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय पोरी मेला 16 से 18 अगस्त को त्रिलोकीनाथ में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान जहां विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं, इस बार मेले में विभिन्न तरह की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही हैं। इस वर्ष कबड्डी, वॉलीबॉल और रस्सा कस्सी के अलावा, बैडमिंटन टेबल टेनिस और मैराथन जैसे प्रतियोगिताओं को भी शामिल किया जा रहा है। एसडीएम केशव राम ने बताया कि 13 अगस्त को इनडोर स्टेडियम उदयपुर में बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित होंगी। इसी तरह से 14 अगस्त को मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया जा रहा है जो की स्पोर्ट्स स्टेडियम उदयपुर से कुकुमसेरी और फिर वापिस उदयपुर तक प्रातः 6 बजे होगा। इस प्रतियोगिता में पुरुष, महिला और 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के-लड़कियां भाग ले सकती हैं। 16 से 18 अगस्त को त्रिलोकनाथ में रस्सा-कस्सा (महिला एवम् पुरुष वर्ग), वॉलीबॉल और 'कबड्डी 45 वर्ष से अधिक और 45 वर्ष से कम आयु वर्गों के लिए आयोजित की जा रही है। वालीबॉल के लिए प्रवेश शुल्क 1200 रुपए रहेगा। एसडीएम ने बताया कि जिन खेलों को आयु वर्गों में बांटा है उन प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण के लिए अपना आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथियों के एक दिन पहले तक अपना प्रवेश शुल्क खेल समिति के पास जमा करवा दें।





## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने लिया बारिश से हुए नुकसान का जायजा



**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन के वार्ड नंबर 5 हाउसिंग बोर्ड के साथ लगते पुर्विया मोहल्ला में भारी बारिश ने काफी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय निवासी राजकुमार के घर को भारी बारिश ने काफी नुकसान पहुंचा है। राजकुमार का कहना है कि बारिश के पानी से उसके घर में रखे सामान आदिक करीब 2 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। नाहन के विधायक अजय सोलंकी सुबह वार्ड नंबर 5 में नुकसान का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बारिश से हुए नुकसान को लेकर नायब तहसीलदार नाहन को फौरी राहत पहुंचाने के लिए भी आदेश मौके से ही जारी किए। विधायक सोलंकी ने नगर प्रशासन से भी टूटी हुई सड़क और अन्य नुकसान को जल्द से जल्द रिपेयर करने के लिए भी आदेश जारी किए हैं। वहीं यहां की लिंक रोड भी पूरी तरह डैमेज हो गई है। विधायक रामाधौन गांव में बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने भी पहुंचे। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी राहत कार्य शुरू करेगी।

### बावा ने विकास कार्यों के लिए जारी किए लाखों रुपए



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा ने पहाड़ी पंचायत के जनोण, ऊंटपुर, गुज्जरहट्टी बाहा, चंबा जुखाड़ी गांव का विधायक बनने के बाद पहली बार दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही ज्यादातर समस्याओं को निपटारा किया। हरदीप बावा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग से तीन लाख की लागत से शिव मंदिर के साथ डंगा लगाया जाएगा। इसके साथ ही जनोण स्कूल का दर्जा बढ़ाकर दसवीं तक करवाया जाएगा। उन्होंने विधायक निधि से ऊंटपुर में सामुदायिक भवन के लिए तीन लाख रुपए देने की बात कही। उन्होंने जुखाड़ी पंचायत में विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से 6 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अलावा पंचायत में डंगे समेत अन्य विकास कार्यों के लिए डीसी फंड से पांच लाख रुपए स्वीकृत करवाने की बात कही। इस मौके पर प्रधान अमरजीत कौर, प्रधान रिश्मा, प्रधान राकेश कुमार, उपप्रधान भाग सिंह, उपप्रधान रोशन, उपप्रधान हीरा लाल, रामलोक धीमान, श्याम लाल, पंच कमलेश, मंगत राम, पंच सरस्वती देवी, पंच सोनू समेत अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत मांगल में पौधरोपण



**दाड़लाघाट।** अर्की मंडल भाजपा की ओर से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मांगल में पौधरोपण किया। शुक्रवार को मांगल के बूथ संख्या एक, दो, तीन व चार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अर्की भाजपा के मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान 40 पौधे रोपित किए। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर व जिला भाजपा सचिव राकेश गौतम ने कहा कि भाजपा के अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य ओम प्रकाश गांधी, भाजपा जिला सचिव राकेश गौतम, किसान मोर्चा अर्की मंडल अध्यक्ष धनीराम चौहान, अर्की मंडल सहकारी प्रकोष्ठ के सह संयोजक भीम सिंह चौहान, अर्की मंडल कार्यकारिणी सदस्य मस्त राम, जिला कार्यकारिणी सदस्य लाल मन चौहान,किसान मोर्चा अर्की मंडल कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

### हिमालयन ग्रुप कालाअंब में मनाई हरियाली तीज



**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस कालाअंब में हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। इस दौरान रंगोली, चित्रकला, नारा लेखन और मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस समारोह में मानवाधिकार संरक्षण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मानवाधिकार संरक्षण संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसके धीमान, राष्ट्रीय सचिव हरिंद्र तोमर व उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष संजय तोमर समारोह के विशेष अतिथि रहे। इंस्टीट्यूशंस के वाइस चेयरमैन विकास बंसल ने छात्रों को नए राष्ट्र निर्माण के लिए सामाजिक जिम्मेदारियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संस्थान के सीईओ मन्नत बंसल सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

### भाजपा मंडल सोलन ने झाजा में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा मंडल सोलन के झाजा में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया। इस दौरान करीब 135 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर भाजपा सोलन मंडल अध्यक्ष मदन ठाकुर, भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पुरुषोत्तम गुलेरिया, रेहड़ी-फड़ी एवं झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तरसेम भारती, जनपद सोलन के महामंत्री भरत साहनी, कोषाध्यक्ष योगेंद्र वर्मा, कुमारी शीला, रोहित भारद्वाज, पंकज ठाकुर, चौहड़ा बूथ के पालक धर्म सिंह तह्नु, बूथ नं. 41 के अध्यक्ष मान सिंह, सुरेश कुमार रोहित, वन रक्षक, प्रीतम सिंह रंधावा, अरुष गुप्ता तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गोशाला की व्यवस्था का किया निरीक्षण



**दाड़लाघाट।** पशुपालन विभाग की ओर से वरिष्ठ पशुपालन चिकित्सा अधिकारी अर्की ने गोशाला की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उपमंडलीय वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. देवराज शर्मा व उनकी टीम ने गोसदन जघाना डुमेहर अर्की व ठाकुर हरि दास मेमोरियल गोशाला समिति कुनिहार गोशाला का निरीक्षण करने के बाद गायों की जांच की। गोशाला में उन्हें अच्छे से हरा व पोष्टिक आहार खिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गायों की सेवा करना पुण्य का काम है। इसी दौरान गायों को मिलने वाले चारे का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने गोसदनों में रखे गए बेसहारा पशुओं के लिए 700 रुपए प्रति माह की सहायता की जा रही है। उन्होंने अर्की क्षेत्र व आसपास की पंचायतों के लोगों से अपील की है कि गोसदन में चारे के लिए अधिक से अधिक सहयोग करें। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को भी निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति अपने पशुओं को बेसहारा न छोड़ें। बेसहारा पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं व सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं जो भी व्यक्ति पशुओं को सड़क पर या किसी भी सुनसान जगह पर छोड़ता पकड़ा गया तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी कुनिहार डॉ. रीता कौशल, पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट कुनिहार प्रकाश, पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट डुमेहर महिंद्र, पशु फार्मासिस्ट अर्की दौलत राम मौजूद रहे।

# कॉलोनी के ग्रीन एरिया में नहीं होने दिया जाएगा अतिरिक्त आवासीय भवनों का निर्माण

## हाउसिंग कॉलोनी के रेजिडेंट्स के वाहनों में पार्किंग स्टिकर लगाने का निर्णय

**अनंत ज्ञान, सोलन**

रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-1 की बैठक में कॉलोनी में बाहरी वाहनों की पार्किंग से हो रही परेशानी पर चिंतन किया। साथ ही निर्णय लिया कि कॉलोनी के रेजिडेंट्स के वाहनों में सोसायटी के पार्किंग स्टिकर लगाए जाएंगे, साथ ही मकान मालिक की जिम्मेदारी पर किरायेदारों के वाहनों के लिए भी पार्किंग स्टिकर दिए जाने का निर्णय लिया गया।

सोसायटी ने यह भी निर्णय लिया कि बाहरी वाहनों को कॉलोनी में पार्क नहीं होने दिया जाएगा। यदि कोई इसका उल्लंघन करता है तो वाहन का चालान करवाकर वाहन को पुलिस की मदद से उठा लिया जाएगा। प्रधान मोहन चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में वार्ड-14 पार्षद और सोसायटी के महासचिव राजीव कौड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे। सोसायटी के वरिष्ठ सदस्यों ने अवगत करवाया कि कॉलोनी के लोगों ने हिमुडा से मकान खरीदें हैं, ऐसे में स्थानीय लोगों का सड़क पर विशेषाधिकार है।



रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस एक की बैठक में उपस्थित सदस्य।

एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर सोसायटी ने प्रस्ताव पारित किया की हिमुडा को कॉलोनी के ग्रीन एरिया में किसी भी कीमत पर अतिरिक्त आवासीय कॉलोनी नहीं बनाने दी जाएगी। इसके लिए जरूरत पड़ने पर ग्रीन ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटना पड़े तो गुरेज नहीं होगा, साथ ही आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा। सोसायटी के सदस्यों का कहना है कि हिमुडा जबरन कॉलोनी में अतिरिक्त आवासीय भवनों का निर्माण नहीं कर सकता। कॉलोनी में पहले ही पार्किंग, सीवरेज और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जिस स्थान पर आवासीय कॉलोनी बनाने का प्रस्ताव है, वहां सड़क लगातार धंस रही है, ऐसे में वहां पर भूमि कटाव से भविष्य में प्राकृतिक आपदा का भी अंदेशा है।

सोसाइटी ने हाउसिंग कॉलोनी के गेट तक फुटपाथ निर्माण के लिए 20 लाख की धनराशि उपलब्ध कराने के लिए पार्षद राजीव कौड़ा का आभार व्यक्त किया। सोसायटी ने पार्षद से फुटपाथ के जल्द निर्माण कार्य करवाने, कॉलोनी के मुख्य रास्ते के मरम्मत और रेलिंग लगाने के अलावा कॉलोनी में अधूरे पड़े विकास कार्य जल्द पूरा करने की मांग की। इससे पहले सोसायटी के पूर्व प्रधान आरएस ठाकुर के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर सलाहकार एसके गुप्ता, पूर्व प्रधान पीएल गुप्ता, उपप्रधान एचडी बस्सी, कोषाध्यक्ष पंकज वर्मा, कार्यालय सचिव वीरेंद्र ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप खन्ना और हितेश उम्मट मौजूद रहे।

### आज भूमती में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अर्की।** उपमंडल के विद्युत उपमंडल भूमती के अतिरिक्त सहायक अभियंता डीएन अत्री ने सूचना दी है कि भूमती सेक्शन के अंतर्गत आने वाले गांव बड़मल, निचली



भूमती, भूमती, सल्याट, धार ब्राह्मणा, बजीउन व धैना में 11 केवी डुमैहर फीडर के रखरखाव के लिए 11 अगस्त को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी, साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश यह कार्य उक्त निर्धारित तिथि पर नही हो पाता है तो यह कार्य अगले दिन पूरा किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

## महिला पर जानलेवा हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन पुलिस का असामाजिक तत्वों, नशा तस्करों तथा चोरों के विरूद्ध कार्यवाही का अभियान लगातार जारी है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति के जान-माल की सुरक्षा हेतु सोलन पुलिस प्रतिबद्ध है पुलिस ने ओच्छघाट के नांडो गांव में महिला पर जानलेवा हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए।

एसपी सोलन गौरव के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक गत 31 जुलाई, को गांव नान्डो डाकघर ओच्छघाट तहसील व जिला सोलन निवासी एक महिला शिकायतकर्ता ने थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि जब वह घर में अकेली थी तो गोशाला में पशुओं को घास-चारा आदि डालने जा रही थी तो देखा कि दो लड़के जो पहले ही गोशाला में थे, जिन्होंने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार करके उसे घायल कर दिया। इस पर थाना सदर सोलन मामला दर्ज किया गया।

पुलिस की मुस्तैदी से थाना सदर सोलन की टीम ने 10 अगस्त को वारदात में संलिप्त 3 आरोपियों जिनमें पंकज कुमार



सोलन पुलिस की गिरफ्त में महिला पर जानलेवा हमला करने के आरोपी।

पुत्र रेश गांव रुंईजा, डा. पुलवाहल, तहसील चौपाल जिला शिमला उम्र 25 वर्ष, अशोक कुमार पुत्र जयराम निवासी गांव ठारु, डा. देवठी मझगांव, तहसील राजगढ़, जिला सिरमौर उम्र 21 वर्ष और तीसरा आरोपी मुकेश पुत्र हेतराम निवासी गांव ठारु, डा. देवठी मझगांव, तहसील राजगढ़, जिला सिरमौर उम्र 27 वर्ष को अभियोग में गिरफ्तार किया गया है।

इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पाया गया है कि शिकायतकर्ता / पीड़ित महिला के पति मनोज मेहता सोलन में कार पार्किंग का व्यवसाय करते हैं और आरोपी पंकज भी उनके पास नौकरी करता था, परंतु पिछले करीब 6/7 महीने पहले आरोपी पंकज को उन्होंने नौकरी से निकाल दिया था। इसकी वजह से आरोपी के अंदर रंजिश पैदा हो गई। इसी खुन्नस से आरोपी ने शिकायतकर्ता / पीड़ित महिला व इनके पति मनोज मेहता से बदला लेने की नीयत से सुनियोजित तरीके से उपरोक्त वारदात को अंजाम दिया।

## ड्रग इंस्पेक्टर के ठिकानों से 6.69 करोड़ सीज, विदेशी करंसी और सोना भी बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन**

पंजाब पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने ड्रग इंस्पेक्टर शीशन मित्तल के ठिकानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में नकदी और विदेशी करेंसी बरामद की है। एसटीएफ ने 24 बैंक खातों में जमा 6.69 करोड़ रुपए सीज किए हैं। इस कार्रवाई से ड्रग महकमे में हड़कंप मचा है। वहीं पंजाब पुलिस हिमाचल के नारकोटिक्स ड्रग्स मैन्युफैक्चरर्स पर भी नजर बनाए हुए हैं।

विभागीय सूत्र बता रहे हैं कि कुछ ऐसे फार्मा उद्योग भी थे, जिन्होंने ड्रग्स लाइसेंस सरेंडर किए थे, मगर उनके द्वारा भी रात के अंधेरे में अवैध रूप से नारकोटिक्स ड्रग्स बनाई जा रही थी। पंजाब में नारकोटिक्स ड्रग्स की खपत को ज्यादा देखते हुए अवैध रूप से इनका निर्माण हुआ बताया जा रहा है। इसके चलते जांच में हिमाचल से संबंध भी तलाशे जा रहे हैं।

गौरतलब हो कि पंजाब में हुई इस कार्रवाई के बाद ड्रग इंस्पेक्टर के विभिन्न ठिकानों से 9.31 लाख रुपए नकद, 260 ग्राम सोना और 515 दिरहाम बरामद किए गए थे। मामले में जीरकपुर में 2 करोड़ रुपए के फ्लैट और डबवाली में 40 लाख रुपए के प्लॉट समेत कई संपत्तियों का पता चला था। पंजाब पुलिस ने बताया कि ड्रग इंस्पेक्टर का जेल में बंद नशा तस्करों से लिंक हैं। नशा तस्करों के तार हिमाचल से भी जुड़े हो सकते हैं, इसको लेकर भी जांच की जा रही है।

जांच में यह भी पता चला है कि वह ड्रग मनी से अपने रिश्तेदारों के नाम पर प्रॉपर्टी बना रहा था। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि आरोपी ड्रग तस्करों के साथ सिंथेटिक ड्रग रैकेट में शामिल था।

उन्होंने बताया कि ये कार्रवाई ड्रग इंस्पेक्टर के 8 ठिकानों पर की गई है। जहां एसटीएफ ने रेड डालकर 24 खातों में जमा 6.69 करोड़ रुपए के साथ विदेशी करेंसी और सोना भी बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही ऐसे तस्कर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### सीपीएस ने खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में की शिरकत

## खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे से दूर रखने में निभाती हैं अहम भूमिका : राम कुमार



मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे से दूर रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। राम कुमार शनिवार को दून विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मानपुरा में अंडर-14 व शिव ज्योति पब्लिक स्कूल, बरोटीवाला में खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह के उपरांत उपस्थित छात्रों को संबोधित कर रहे थे।

राम कुमार ने कहा कि खेल छात्रों को अनुशासन सिखाता है तथा नशे से दूर रखने में सहायक सिद्ध होता हैं। राम कुमार ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता टीमों को पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मानपुरा को अपनी ऐच्छिक निधि से 11 हजार रुपए व 36 खेल किटें और शिव ज्योति पब्लिक स्कूल, बरोटीवाला को 10 हजार रुपए अपनी ऐच्छिक निधि से देने की घोषणा भी की। इस दौरान ग्राम पंचायत मानपुरा के प्रधान नामदेव, उपप्रधान ज्ञान चंद, उपप्रधान ग्राम पंचायत ढेला तरसेम व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

**आयोजन** कुनिहार में 56 पंचायतों के स्वयं सहायता समूहों के लिए अलंकार महोत्सव आयोजित

## महिलाओं के हौसले को उड़ान देने के लिए कई योजनाएं शुरू : संजय

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं को अंतिम छोर पर खड़ी महिलाओं तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार खंड की 56 ग्राम पंचायतों की महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए कुनिहार में आयोजित अलंकार महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के माध्यम से ग्रामीण एवं प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार योजनाबद्ध कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में जहां सभी स्तरों पर महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित बनाई जा रही हैं, वहीं महिला केंद्रित योजनाओं के द्वारा महिलाओं की विकास एवं आर्थिकी सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है।

मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि अलंकार महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश की महिलाओं की छिपी प्रतिभाओं को निखारना, उनकी आर्थिकी



मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने अलंकार महोत्सव के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

को सुदृढ़ करना और उन्हें सशक्त मंच प्रदान करना है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को संबल प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने महिलाओं के हौसलों को उड़ान देने के लिए विभिन्न योजनाएं आरंभ की हैं। इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना के तहत 18 वर्ष की आयु से अधिक की पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि महिलाओं को अपने खर्च के लिए किसी पर भी निर्भर न रहना पड़े।

सीपीएस ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए भविष्य में उचित स्थान पर स्टॉल निर्मित करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए 1.50 लाख रुपए तथा विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत सहायता राशि को 65 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा महिला मंडल को दी जाने वाली सहायता राशि को 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दिया गया है। प्रदेश में कार्यरत 43057 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से भी महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने पात्र महिलाओं से आग्रह किया कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपनी तथा प्रदेश की आर्थिकी मजबूत बनाएं।

उन्होंने इस अवसर पर आयोजक समिति को एक लाख रुपए देने की घोषणा भी की। मुख्य संसदीय सचिव ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए कबड्डी, रस्साकशी, समूह नृत्य, समूह गान इत्यादि गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिनको सीपीएस ने सम्मानित भी किया। इस अवसर पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकास खंड कुनिहार के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। गणपति एजुकेशन सोसायटी कुनिहार द्वारा दिव्यांगजनों के हाथों का कौशल नामक प्रदर्शनी तथा हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा 'युवा बचाओ भविष्य बचाओ' विषय पर प्रदर्शनी लगाकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया।

### नेशनल हाईवे-5 दत्यार में बिजली के खंभे से टकराई बस, टला बड़ा हादसा



**अनंत ज्ञान, सोलन।** नेशनल हाईवे-5 के तहत शनिवार सुबह बड़ा हादसा होने से टल गया, जब हरियाणा रोडवेज की एक बस जो कि शिमला से हिसार की ओर जा रही थी, तो चक्की मोड़-दत्तयार के बीच अनियंत्रित हो होकर सड़क की रेलिंग को तोड़ती हुई बिजली के खंभे के साथ जा टकराई। गनीमत यह रही कि किसी प्रकार का कोई जानी नुकसान नही हुआ। जानकारी मुताबिक यह हादसा बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हुआ। चालक की सूझबूझ से किसी को चोटें नहीं आईं। परवाणू के थाना प्रभारी विकास ने बताया कि बस में चालक व परिचालक सहित करीब 20 सवारियां सफर कर रही थीं जोकि सुरक्षित हैं। मामले की जांच की जा रही है।

### कांग्रेस के नेता झूठी स्टेटमेंट देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं : भाजपा नेता



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ठाकुर और रेणुका भाजपा मंडल के सचिव गोपाल भंडारी ने रेणुका के उन कांग्रेसी नेताओं को लताड़ लगाई है, जो कि झूठी स्टेटमेंट देकर क्षेत्र के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा द्वारा रेणुका चुनाव क्षेत्र के स्कूलों में अध्यापकों की भारी कमी से खराब हो रहे बच्चों के भविष्य का मुद्दा उठाया तो कांग्रेसी नेताओं ने झूठी बयानबाजी कर दी कि उनकी सरकार ने सारे स्कूलों के टीजीटी शिक्षकों के सारे खाली पद भरवा दिए हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि वर्तमान में विधायक के अपने ही वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रजाना में शिक्षकों के 18 पद खाली हैं जबकि संगड़ाह और लुधियाना में क्रमशः 11 और 10 पद खाली है। इतने सारे खाली पदों के चलते कांग्रेसी नेता विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार से राजनीतिक द्वेष के चलते यहां से अध्यापकों के तबादले अन्य जिलों में करवा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेसी नेताओं से कहा कि वह झूठी बयानबाजी करने की बजाय विधानसभा उपाध्यक्ष से यहां के स्कूलों में अध्यापक के सैकड़ों खाली पद भरवाएं ताकि बच्चों का भविष्य खराब होने से बच सके।

### किसानों व बागवानों के नुकसान की भरपाई करे सरकार : प्रताप रावत



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि तेज हवा चलने से मक्की की फसल बर्बाद हो गई है और आंधी तूफान से सेब की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है, इतना ही नहीं भारी बारिश के कारण टमाटर एवं बीन की फसल भी बर्बाद हुई है जिसकी वजह से किसानों एवं बागवानों का बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान हुआ है। भारी वर्षा के कारण किसानों की मलकियत जमीन में भी भारी भूमि कटाव हुआ है जिसको रोकने के लिए किसानों को सरकार से आर्थिक मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि सरकार किसानों एवं बागवानों के नुकसान की चिंता कर शीघ्र ही इसकी भरपाई करें। रावत ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रदेश सरकार को बहुत सारा पैसा दिया है, यह पैसा किसानों एवं बागवानों तक पहुंचना चाहिए ताकि किसान एवं बागवान राहत महसूस कर सकें।

### जेल वार्डर के 91 पदों पर भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपअधीक्षक, आदर्श कारागार नाहन विनोद कुमार चम्बयाल ने बताया कि गत 28 जुलाई को शिमला, मंडी एवं धर्मशाला में कारागार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग, हिप्र में 91 पदों पर पुरुष एवं महिला वार्डर के पदों के लिए अनुबंध आधार पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इस लिखित परीक्षा का परिणाम तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम कारागार विभाग की भर्ती वेबसाइट पर अपनी रजिस्टर्ड आईडी से लॉगिन करके देख सकते है। इसके अलावा वार्डर के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की जिलावार/श्रेणीवार सूची विभाग की वेबसाइट में अपलोड कर दी जाएगी तथा शीघ्र ही चयनित अभ्यार्थियों को विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर दिए जाएंगे।

### अध्यापिका सृष्टि के सहयोग से बच्चों ने किया बेहतरीन शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** शिक्षा विभाग द्वारा विशेष सप्ताह मनाने के आदेश जारी हुए हैं जिसके अनुसार बच्चों को पूरा सप्ताह विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित करवाई जाएंगी। इसी कड़ी में राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्रेसमनगर में बच्चों ने अध्यापिका सृष्टि के सहयोग से बहुत बेहतरीन शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण किया। स्कूल के प्रधानाचार्या ने कहा की पाठशाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बच्चों द्वारा तैयार किया गए शिक्षण अधिगम सामग्री का निरीक्षण किया। इसके अलावा पाठशाला में मध्यान भोजन के साथ-साथ फल देने का भी प्रस्ताव पास किया गया। बच्चों को फल देने का अभिभावकों से आग्रह किया गया था। इसी कड़ी आज सभी बच्चों को अभिभावकों द्वारा फल प्रदान किया गए थे और बच्चों ने 12 बजे फ्रूट ब्रेक किया। इस नई पहल से बच्चों के फल फ्रूट लेने की आदत बनेगी तथा वे जंक फूड से बचे रहेंगे। बुरी आदतों से दूर रहेंगे।

### सिविल अस्पताल सराहां में अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं होने से मरीज परेशान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की 34 पंचायतों को लाभान्वित करने वाले सराहां सिविल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन न होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सिविल अस्पताल क्षेत्र की 34 पंचायतों के साथ-साथ हरियाणा राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र, नाहन व सोलन क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित करता है। इसके बावजूद अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है। अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं होने के कारण गर्भवती महिलाओं और दूसरे लोगों को सरकार की ओर प्रदान की जा रही मुफ्त अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिल रही है और रोगियों को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए 35 से 40 किलोमीटर दूर नाहन या सोलन जाना पड़ रहा है। इससे लोगों को जहां परेशानी झेलनी पड़ रही है, वहीं आर्थिक नुकसान के साथ-साथ समय की हानि भी झेलनी पड़ रही है। क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि व क्षेत्रीय लोग कई बार इस विषय को क्षेत्रीय नेताओं के समक्ष रख चुके हैं, लेकिन आज तक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं लगी है। कार्यवाहक खंड स्वास्थ्य अधिकारी पच्छाद डॉ. रजत चंद्रा के अनुसार मरीजों को अच्छा उपचार मिले, इसकी कोशिश की जा रही है, लेकिन कई बार मरीजों को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए नाहन व सोलन भी भेजना पड़ता है।

### पर्सनेल्टी डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा इंपोर्टेंस ऑफ सोशल स्किल इन पर्सनेल्टी डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग से आए आचार्य डॉ. देव दत्त शर्मा द्वारा दिया गया। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने डॉ. देवदत्त शर्मा का स्वागत किया और इस तरह के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। डॉ. देवदत शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सर्वांगीण विकास के लिए समय नियोजन के साथ-साथ सकारात्मक व्यवहार के महत्त्व पर बल दिया। डॉ. देवदत्त ने अनेक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को इमोशनल इंटेलिजेंस के साथ अच्छा लीडर कैसे बना जाए, इसकी जानकारी भी दी। करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के प्रभारी डॉ. जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस तरह के पर्सनैल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

### मोंगा इन्फ्राटैकज अंबाला कैंट प्रॉपर्टी मेला शुरू, स्कीम 15 अगस्त से दिवाली तक

# घर खरीदने का सुनहरी मौका

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मोंगा इन्फ्राटैकज आपके लिए लाया है घर खरीदने का सुनहरी मौका और साथ में आकर्षक उपहार भी दिए जा रहे हैं। इसलिए तुरंत मौके का फायदा उठाएं, क्योंकि यह बेहतरीन स्कीम केवल 15 अगस्त से दिवाली तक के लिए ही मौजूद है। अपने खुद के घर में दिवाली का पावन त्यौहार मनाना हर किसी का सपना होता है।

जब बात अपने घर की हो तो बहुत सोच समझकर फैसला लेना पड़ता है, क्योंकि फैमिली एंबीशन्स जुड़ी होने के अलावा जीवनभर की जमा पूंजी इसमें खर्च हो जाती है इसलिए घर बनाने से पहले लोकेशन, एमेनिटीज और अफोर्डेबिलिटी का बहुत महत्व होता है। मोंगा इन्फ्राटैकज आपके लिए लाया है सेक्टर 42 जगाधरी रोड नैशनल हाईवे पर स्थित दीन दयाल जन आवास



योजना के अंतर्गत ए.टी.एफ.एल (हरमन सिटी) के द्वारा डेवलप किया गया है।

यह प्रोजेक्ट मेन अंबाला कैंट में रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जो कि अंबाला कैंट के वासियों के लिए अफोर्डेबल हाउसिंग की दिशा में पहला सक्षम कदम है। जहां पूरी तरह से फर्निश्ड रेडी- टू- मूव- इन अपार्टमेंट व 2/ 3 बी.एच.के. फ्लैटों व कोठियों का निर्माण मोंगा इन्फ्रटैकज द्वारा किया गया है यहां पर आप भी अपना प्लाट, फ्लैट या इंडिपेंडेंट कोठी ले सकते हैं। इस प्रोजेक्ट में लोन की सुविधा है और तुरंत रजिस्ट्री करवाई जा सकती है। हरियाणा सरकार द्वारा अप्रूवड इस परियोजना में 50 एकड़ में फैली पहली प्लान्ड टाउनशिप है जहां मोंगा इन्फ्रटैकज द्वारा निर्माणाधीन इस टाउनशिप में 82 से 179 वर्ग गज तक के प्लॉटस 24,000/- प्रति वर्ग गज, रेडी- टू- मूव- इन 2 बीएचके फ्लोर 26.95 लाख, 3 बीएचके फ्लोर 32.95 लाख तथा विल्ला इंडिपैंडेंट कोठी 41.95 लाख में उपलब्ध हैं। फ्लैट्स की कीमतें जल्द की बढ़ने वाली हैं।

अब बहुत ही काम मात्रा में प्लॉट्स/ फ्लैट्स बचे हैं इसलिए तुरंत मौके का फायदा उठाएं। यह परियोजना अंबाला कैंट की पहली ऐसी टाउनशिप है, जिसमें 8 पार्क, शोरूम साइट एवं कम्युनिटी सैंटर हैं। यह योजना अम्बाला कैंट की भावी रिंग- रोड से संलग्नित होनी है। (अनंत ज्ञान)

## पूर्व सीएम हुड्डा का उल्टा पड़ता दांव

**चंडीगढ़** । कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा था कि अगर पार्टी के पास पर्याप्त विधायक होते तो वह विनेश को राज्यसभा भेजते। मगर हुड्डा का यह दांव उल्टा पड़ता दिखाई पड़ रहा है। विनेश के फोगाट के ताऊ ने ही इसे राजनीतिक स्टंट बताया।



इनेलो ने हुड्डा पर निशाना साधा है। इनेलो के अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा की मांग राजनीति से प्रेरित है, पिछले ओलंपिक में नीरज चोपड़ा ने जब गोल्ड जीतकर देश को गर्वित किया तो उस समय हुड्डा ने नीरज को राज्यसभा में भेजने के बजाय अपने बेटे को राज्यसभा क्यों भेजा। क्या भूपेंद्र हुड्डा को उस समय खिलाड़ी या उनसे जुड़ा सम्मान नजर नहीं आया।

# सुभाष गोयल 'ट्राई सिटी इंटरप्रेन्योर एंड एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित

### फेमस बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने प्रदान किया अवार्ड

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**




चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम ट्राई सिटी इंटरप्रेन्योर एंड एक्सीलेंस अवार्ड का आयोजन किया गया, जिसमें फेमस बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने वरदान आयुर्वेदिक के एमडी सुभाष गोयल को ट्राई सिटी इंटरप्रेन्योर एंड एक्सीलेंस अवार्ड से उनको उनकी बेहतरीन सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

एमडी सुभाष गोयल ने कहा कि जैसे कि आप जानते हैं कि पेड़-पौधे से निकलने वाला गोंद सरल भाषा में स्नेहन या ग्रीज के रूप में कार्य करता है। मानव शरीर में अगर आप इस गोंद जैसी औषधि का सेवन डॉक्टर की सलाह से करेंगे तो कोई भी बीमारी इंसान के शरीर को जल्दी छू भी नहीं पाएगी। जैसा कि एक पेड़ का उपहार है - काला रस, जिसके सेवन से मानव शरीर में गठिया, साइटिका, पीठ दर्द, रीढ़ की हड्डी (डिस्क) में दर्द, मांसपेशियों/ नसों में दर्द, घुटनों में दर्द/ गैप, गर्दन में दर्द, सर्वाइकल, कोहनी का दर्द, कलाई/ बांह का दर्द, माइग्रेन का दर्द जैसी शारीरिक, मानसिक समस्याओं के साथ- साथ शरीर की 100 बीमारियों के लिए एक दवा के रूप में काम कर सकता है, हा-हां इससे पंचम रस बनता है। पंचम रस में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं। (अनंत ज्ञान)

# खालसा कॉलेज में मनाई तीज करवाए सांस्कृतिक कार्यक्रम

### मिस तीज बनी बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा भावना



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

खालसा कॉलेज (अमृतसर) ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस स्टडीज, फेस 3 में तीज का त्योहार कॉलेज की प्रिंसिपल डा. हरीश कुमारी के नेतृत्व में हर्षोल्लस के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर एक ओर जहां कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों ने मेहंदी के स्टॉल लगाकर अपने अध्यापकों और साथियों के हाथों में आकर्षित मेहंदी लगाई वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों ने तीज उत्सव को यादगार बनाने के लिए रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

कॉलेज के विद्यार्थी खासकर छात्राएं सजधज कर कॉलेज में आई। कॉलेज में इस उपलक्ष्य पर मेंहदी के स्टॉल और चुड़ियों के स्टॉल विद्यार्थियों ने लगाए हुए थे, जहां छात्राओं और अध्यापकों ने अपने अनुसार पंसद किए डिजाइनों की मेंहदी अपने हाथों में लगाई। इतना ही नही छात्राओं ने चुडियों के स्टॉल से रंगबिरंगी चुड़ियों की खरीदारी भी की।

# इंडियन नेशनल थियेटर में 'वर्षा ऋतु संगीत संध्या' का आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

इंडियन नेशनल थियेटर द्वारा दुर्गादास फाउंडेशन के सहयोग से शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम 'वर्षा ऋतु संगीत संध्या' का आयोजन सेक्टर 26 स्थित स्ट्रॉबेरी फील्डस हाई स्कूल के सभागार में किया गया। जिसका उद्देश्य वर्षा के आगमन को हर्षोल्लास के साथ मनाना था। इस बार इंडियन नेशनल थिएटर के संरक्षक रहे स्वर्गीय नवजीवन खोसला के जन्म तिथि पर उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि देना भी कार्यक्रम का उद्देश्य था।




'वर्षा ऋतु संगीत संध्या' के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। इन कलाकरों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

डॉ. अविनाश कुमार ने अपने गायन की शुरुआत प्राचीन राग मेघ से की जो कि वर्षा ऋतु का एक महत्वपूर्ण राग है, जिसमें उन्होंने विलम्बित झपताल में निबद्ध बंदिश 'गरजे घटा घन कारे कारे' से की प्रस्तुति दी। मल्हार अंग के इस राग में उन्होंने किराना घराने की तर्ज पर सुर दर सुर बढ़त की।

इसके पश्चात उन्होंने द्रूत तीन ताल में निबद्ध 'घन घनन घनन घन घोर' प्रस्तुत किया। जिसमें द्रूत गति की इनकी तानों में बादलों के गर्जन का आभास कराया। उन्होंने वर्षा ऋतु का एक प्रचलित राग देश प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने मध्यलय तीनताल में मेघा रे बंदिश श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने द्रूत एकताल में 'बीती जात बरखा ऋतु' में अति द्रूत तानों से श्रोताओं का मन मोह लिया। डॉ. अविनाश कुमार युवा हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक हैं। उन्होंने साधना चटर्जी और पूर्णचंद्र चटर्जी से शास्त्रीय संगीत सीखना शुरू किया। बाद में रामपुर सहसवान घराने के उस्ताद आफताब अहमद खान से उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने आगरा और किराना घराने के पंडित तुषार दत्त और किराना घराने के पंडित सोमनाथ मर्दुर से संगीत का भी प्रशिक्षण लिया।

विदुषी मीता पंडित ने अपने गायन की शुरुआत राग सूरदासी मल्हार से की जिसमें उन्होंने पारपरिक बंदिश 'गरजत आये री बदरवा' गायन प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में श्रोताओं को अष्टांग गायकी का अनूठा संगम देखने को मिला। इसके बाद उन्होंने 'बादरवा बरसन को आये' और 'बूंदनीया बरसे' गायन को श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत कर खूब प्रशंसा बटोरी। इसके पश्चात उन्होंने राग गौड मल्हार में तीनताल में निबद्ध 'सैंया मोरा रे' तथा 'झुक आयी बदरिया सावन की' श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपना गायन का समापन एक अत्यंत सुंदर कजरी से किया। विदुषी मीता पंडित, हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की एक अग्रणी और लोकप्रिय गायिका हैं। उन्होंने भारत और 25 से अधिक देशों में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया सूफी, ठुमरी, भक्ति और सुगम शैलियों में उनकी प्रस्तुति समान रूप से भावपूर्ण है। विदुषी मीता पंडित ग्वालियर घराने से ताल्लुक रखती हैं। वे पद्म भूषण पं. कृष्णराव शंकर पंडित की पोती हैं, जो कि 20वीं सदी में उत्तर भारत में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के पुरोधा रहे। विदुषी मीता, पं. लक्ष्मण कृष्णराव पंडित की बेटी हैं, जिनसे उन्होंने अपने दादा के पश्चात संगीत विद्या प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान विदुषी मीता पंडित तथा डॉ. अविनाश कुमार के साथ हारमोनियम पर तरुण जोशी तथा तबले पर सुप्रसिद्ध तबला नवाज पंडित राम कुमार मिश्रा ने बखूबी संगत की। 'वर्षा ऋतु संगीत संध्या' कार्यक्रम में संगीत प्रेमी श्रोताओं का प्रवेश नि:शुल्क रखा गया था। कार्यक्रम का संचालन डीपीएस स्कूल की छात्रा उस्तत बल ने की।

## प्रवासियों के लिए अब वेरिफिकेशन करवाना जरूरी

**चंडीगढ़** । मोहाली के मुंडो संगतियां गांव की पंचायत के फरमान के बाद अब गांव जंडपुर में प्रवासियों के लिए बंदिशों का एलान किया गया है। गांव जंडपुर के वार्ड नंबर 4 में नौजवान सभा ने गांव में रहने वाले प्रवासी मजदूरों पर कई तरह की बंदिशें लगाते हुए गांवों में बोर्ड लगा दिए हैं।

गांव में रहने वाले सभी प्रवासियों को वेरिफिकेशन करवाना जरूरी है। प्रवासी गांव की सीमा में न बीड़ी सिगरेट पिएंगे और न ही पान-गुटखा आदि खाएंगे। इसके अलावा प्रवासी मजदूरों को रात 9 बजे के बाद गांव में घूमने या आने-जाने पर पाबंदी रहेगी।

## चंडीगढ़ में सामान्य से कम बारिश

**चंडीगढ़** । दक्षिणी सेक्टरों के कुछ हिस्सों में बारिश हुई तो सेक्टर-9 की तरफ का पूरा हिस्सा सूखा रह गया। अधिकतर इलाकों में पूरे दिन तेज धूप निकली रही, जिसकी वजह से लोग भी गर्मी से परेशान दिखे। चंडीगढ़ मौसम केंद्र के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने कहा कि चंडीगढ़ में अभी तक सामान्य से कम बारिश हुई है।

# देश-विदेश

## के. कविता की जमानत याचिका पर सुनवाई कल



**नई दिल्ली।** शराब घोटाले में बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। के. कविता ने सीबीआई और ईडी के केस में अपनी जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। के. कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। ईडी ने उन्हें 15 मार्च 2023 को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया था।

## अमेरिका देगा यूक्रेन को सैन्य सहायता

**वाशिंगटन।** रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिका ने उसे अतिरिक्त 12.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के हथियार भेजने का फैसला किया है। व्हाइट हाउस ने बताया कि यूक्रेन को भेजी जा रही अतिरिक्त सैन्य सहायता में अति आवश्यक वायु रक्षा प्रणालियां, टैंक रोधी हथियार और दुश्मन की ओर से दागे गए गोलों का पता लगाने व उन्हें नष्ट करने में मदद करने वाले राडार शामिल हैं।

## राजस्थान सीमा के पास तीन किलो हेरोइन पकड़ी

**जयपुर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने राजस्थान के अनूपगढ़ जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तीन किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने बताया कि सीमा पार से ड्रोन के जरिए हेरोइन की तस्करी की जा रही थी, जिसकी अनुमानित कीमत 15 करोड़ रुपए आंकी गई है। अनूपगढ़ के थानाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि 30 एपीडी गांव के पास शनिवार सुबह एक खेत में ड्रोन पड़ा मिला जिसकी सूचना एक किसान ने बीएसएफ को दी।

## पूर्व मंत्री आलमगीर की जमानत याचिका खारिज



**रांची।** धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने धनशोधन मामले में झारखंड के कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि प्रभावशाली व्यक्ति होने के नाते वह सबूतों से छेड़छाड़ के अलावा गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा ने कहा कि धनशोधन का अपराध राष्ट्रीय हित के लिए एक 'आर्थिक खतरा' है और यह अपराधियों की ओर से समाज और अर्थव्यवस्था के परिणामों की परवाह किए बिना व्यक्तिगत लाभ के मकसद से सुनियोजित साजिश के साथ और जानबूझकर किया जाता है।

# बैंकों को जमा राशि जुटाने के लिए आकर्षक उत्पाद लाने चाहिए: सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बैंकों को जमा राशि जुटाने के लिए अनूठी और आकर्षक योजनाएं लानी चाहिए।

भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल को संबोधित करने के बाद सीतारमण ने कहा कि जमा और उधार एक गाड़ी के दो पहिए हैं और जमा धीरे-धीरे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बैंकों को कोर बैंकिग यानी मुख्य कारोबार पर ध्यान देने की जरूरत है। इसमें जमा राशि जुटाना और जिन्हें



कोष की जरूरत है, उन्हें कर्ज देना शामिल है। सीतारमण ने जमा और कर्ज के बीच अंतर को दूर करने के लिए बैंकों से लोगों से धन जुटाने के लिए 'अनूठी और आकर्षक' जमा योजनाएं लाने को कहा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि ब्याज दरें नियंत्रणमुक्त हैं और अक्सर बैंक धन आकर्षित करने के लिए जमा दरें बढ़ाते हैं। दास ने कहा कि बैंक ब्याज दर पर निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने इसी सप्ताह द्विमासिक मौद्रिक नीति पेश करते हुए बैंकों में जमा और कर्ज के बीच बढ़ते अंतर पर चिंता जताई थी। बैंक कर्ज की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अल्पकालिक गैर-खुदरा जमा और देनदारी के अन्य साधनों का अधिक सहारा ले रहे हैं।

### भारत के खिलाफ चीन की नई साजिश का खुलासा

# नजर रखने के लिए बॉर्डर से सटे इलाकों में बढ़ा रहा आबादी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चीन** भारत के खिलाफ बड़ी साजिश रच रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन भारत से सटी सीमा पर नजर रखने के लिए आबादी बढ़ा रहा है। इसके लिए उसने बॉर्डर से सटे इलाके में 50 से अधिक गांव बसाए हैं। चीन यहां पर लोगों को रहने के लिए पैसे भी दे रहा है। चीन का उद्देश्य भारत से सटी सीमा पर नजर बनाए रखना है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन बॉर्डर पर गांवों की दीवार भी खड़ी कर रहा है, ताकि उसके नागरिक चौकी का काम कर सकें। नए गांवों के अलावा चीन ने दूसरे 100 गांवों में नए घर भी बनाए हैं, ताकि और अधिक लोगों को रखा जा सके।

# सांवलिया सेठ मंदिर में चढ़ा रिकॉर्डतोड़ चढ़ावा

**एजेंसी, जयपुर**

राजस्थान के प्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री सांवलिया सेठ मंदिर को इस बार भी रिकॉर्ड तोड़ चढ़ावा मिला है। मंदिर के चढ़ावे का आंकड़ा करीब 19 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इनमें अभी सिक्कों की गिनती होना बाकी है। मंदिर ट्रस्ट में आने वाले चढ़ावे के पिछले दो महीना के आंकड़ों पर नजर डाले, तो अब तक मंदिर को 37.37 करोड़ रुपए की नगदी, आधा किलो सोना और 135 किलो चांदी मिल चुकी है।



चित्तौड़गढ़ जिले के मंडफिया कस्बे में स्थित प्रसिद्ध श्री सांवलिया सेठ मंदिर राज्य नहीं बल्कि पूरे देश में भी प्रसिद्ध है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर सांवलिया सेठ के दरबार में आते है। यहां अपनी मनौतियां पूर्ण होने पर लोग भगवान को चढ़ावा भेंट करते हैं। इनमें नगदी, सोने चांदी के आभूषण भी शामिल होते हैं। इनमें कई ऐसे श्रद्धालु होते हैं, जो गोपनीय तरीके से दान करते हैं। मंदिर परिसर में चढ़ावे की गिनती हर महीने की अमावस्या से पहले चौदस की तिथि पर शुरू होती है, जो करीब पांच चरणों में चलती है।

मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, हरियाली अमावस्या से एक दिन पहले सांवलिया सेठ की भोग आरती के बाद भंडार कक्ष में गिनती शुरू हुई।

# देश में लोगों को 'तानाशाही' के खिलाफ लड़ना होगा : सिसोदिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों से देश में तानाशाही के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया। दिल्ली आबकारी नीति मामले में सिसोदिया को कल ही उच्चतम न्यायालय से जमानत मिली है।

सिसोदिया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग संविधान से ज्यादा ताकतवर नहीं हैं। हर व्यक्ति को इस तानाशाही के खिलाफ लड़ना होगा, जो न केवल नेताओं को जेल में डाल रही है बल्कि नागरिकों को भी परेशान कर रही है। सिसोदिया ने दावा किया कि जब वह जेल में थे तो उन्हें जमानत मिलने की चिंता नहीं थी, लेकिन उन्हें यह देखकर पीड़ा हुई कि व्यापारियों को फर्जी मामलों में सलाखों के पीछे डाला दिया गया है वो भी सिर्फ इसलिए कि उन्होंने भाजपा को चंदा नहीं दिया।



### सिसोदिया ने हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

**आम** आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा होने के एक दिन बाद शनिवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की।

**अचंभा**

### वायनाड त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की उठ रही मांग, यूपीए सरकार ने भी संसद में बताई थी वजह

# भू-स्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का नहीं प्रावधान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** पार्टी और राहुल गांधी लगातार केंद्र सरकार से वायनाड भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, केंद्र सरकार के नियमों में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। नियम के मुताबिक, किसी भी भू-स्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है।



यही बात 2013 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने कही थी। तत्कालीन गृह राज्य मंत्री मुल्लापल्ली रामचंद्रन ने लोकसभा में राष्ट्रीय आपदा से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा था कि प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का कोई प्रावधान नहीं है। दरअसल, कांग्रेस पार्टी बार-बार वायनाड त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग कर रही है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के वायनाड दौरे से पहले एक पोस्ट भी शेयर किया, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री का वायनाड का दौरा करने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि व्यक्तिगत रूप से भयानक त्रासदी का जायजा लेने वायनाड जाने के लिए आपका धन्यवाद, मोदी जी। यह एक अच्छा फैसला है। मुझे विश्वास है कि एक बार जब प्रधानमंत्री प्रत्यक्ष रूप से तबाही देख लेंगे, तो वह इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित कर देंगे। वहीं, भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर इस त्रासदी का राजनीतिकरण करने और राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप लगाया। भाजपा नेता अनिल एंटनी ने कहा कि राहुल कई साल से सांसद हैं और विपक्ष के नेता भी हैं, लेकिन वे त्रासदी पर राजनीतिक लाभ लेने पर तुले हुए हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रामचंद्रन ने अपने जवाब में तब कहा था कि भारत सरकार आपदा की तीव्रता और परिणाम, राहत सहायता के स्तर, समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार की क्षमता और राहत प्रदान करने की योजना के विकल्पों को ध्यान में रखते हुए ही गंभीर प्रकृति की आपदा का फैसला करती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के संदर्भ में तत्काल राहत और प्रतिक्रिया सहायता प्राथमिकता है। ऐसे में कोई निश्चित नियम नहीं है। हालांकि, प्रक्रिया का पालन करने के बाद राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से अतिरिक्त सहायता पर भी विचार किया जाता है। रामचंद्रन ने लोकसभा में 2013 में दिए जवाब में यह भी बताया था कि प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर आवश्यक बचाव और राहत उपाय करने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार की होती है।

# दून लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर का सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को मिलेगा लाभ

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं दून लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर की सुविधाओं का नि:शुल्क लाभ उठा सकते हैं। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने दून लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेन्टर (डीएलआरसी) में सभी सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क सदस्यता की व्यवस्था के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी देहरादून को तत्काल इस संबंध में सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पत्र लिखने के निर्देश दिए हैं।



सचिवालय में दून लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर की 45वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक की अध्यक्षता के दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने दून लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर में प्रतियोगी परीक्षाओं के ऑरियेंटेशन प्रोग्राम के साथ सरकार द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं, स्वरोजगार योजनाओं, स्टार्ट अप पॉलिसी की जानकारी का प्रचार-प्रसार करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आज की बैठक में मुख्य सचिव ने दून लाइब्रेरी एण्ड रिसर्च सेंटर के कॉर्पस फंड के लिए 2.12 करोड़ के धनराशि की मांग पर अनुमोदन दिया।

बैठक में जिलाधिकारी देहरादून, दून लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक एन रविशंकर, श्री नपच्याल, श्री बी के जोशी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 34 | 27 | 23 | 84 |
| 02. | अमेरिका | 33 | 41 | 39 | 103 |
| 03. | ऑस्ट्रेलिया | 18 | 16 | 14 | 48 |
| 04. | जापान | 16 | 08 | 13 | 37 |
| 05. | फ्रांस | 15 | 20 | 22 | 57 |
| 06. | ग्रेट ब्रिटेन | 14 | 20 | 23 | 57 |
| 07. | कोरिया | 13 | 08 | 08 | 29 |
| 08. | नीदरलैंड | 13 | 06 | 11 | 30 |
| 09. | जर्मनी | 12 | 09 | 08 | 29 |
| 10. | इटली | 11 | 12 | 13 | 36 |
| 69. | भारत | 00 | 01 | 05 | 06 |

# अमन ने 10 घंटे में घटाया 4.6 किलो वजन, जीता कांस्य

**एजेंसी, पेरिस**






कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है और पेरिस ओलंपिक में भारत को कुश्ती का कांस्य पदक दिलाने वाले अमन सेहरावत को 4.6 किलो वजन खोना पड़ा। सेमीफाइनल में जापान के रेइ हिगुची से हारने के बाद अमन का वजन 61.5 किलो आया था। अब कांस्य पदक के प्लेआफ के लिए मैट पर उतरने से पहले उनके सामने वजन कम करने की चुनौती थी।

ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाले भारत के सबसे युवा खिलाड़ी अमन ने दस घंटे के भीतर 4.6 किलो वजन कम किया क्योंकि उन्हें 57 किलोवर्ग के मुकाबले में उतरना था। दूसरे दिन सुबह वजन किया गया तो कोच जगमंदर सिंह और वीरेंदर दहिया ने राहत की सांस ली क्योंकि अमन का वजन निर्धारित सीमा के भीतर आया। कुछ दिन पहले ही विनेश फोगाट 100 ग्राम वजन अधिक पाए जाने के कारण फाइनल से अयोग्य करार दी गई थी। अमन ने 'मिशन' की शुरुआत डेढ घंटे अपने दो सीनियर कोचों के साथ मैट पर अभ्यास करने के साथ की। इसके बाद एक घंटा गर्म पानी से स्नान किया। चूंकि पसीने से भी वजन कम होता है तो आधा घंटे के ब्रेक के बाद 5-5 मिनट के पांच 'सौना बाथ' सत्र हुए। आखिरी सत्र के बाद अमन का वजन 900 ग्राम अधिक था तो उनकी मालिश की गई और कोचों ने उसे हल्की जॉगिंग करने के लिए कहा।

इसके बाद 15 मिनट दौड़ लगाई। सुबह 4.30 तक उसका वजन 56.9 किलो आ गया। इस दौरान उसे गर्म पानी के साथ नींबू और शहद और थोड़ी कॉफी दी गई। अमन उसके बाद सो ही नहीं सका। अमन ने कहा ,''मैने कुश्ती के मुकाबलों के वीडियो पूरी रात देखे।'' कोच ने कहा ,'' हम हर घंटे उसका वजन जांचते रहे।

पूरी रात और दिन भर भी नहीं सोये। विनेश के साथ जो हुआ, उसके बाद तनाव था। वैसे वजन कम करना रूटीन का हिस्सा होता है लेकिन इस बार हम एक और पदक यूं नहीं गंवाना चाहते थे।'' अमन ने पुएर्तो रिको के डारियन क्रूज को हराकर कांस्य पदक जीता।

## न्यूज ब्रीफ

### इथियोपिया के टमिरेट टोला ने जीती मैराथन

**पेरिस।** इथियोपियाई धावक तामिरत टोला ने शनिवार को यहां पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की मैराथन जीतकर कीनिया का दबदबा खत्म किया। टोला ने दो घंटे, छह मिनट, 26 सेकेंड का समय निकालकर ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया जबकि बेल्जियम के बशीर अब्दी 21 सेकंड पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे। कीनिया के बेनसन किप्रूतो 34 सेकंड पीछे कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। दो बार के गत विजेता एलियुड किपचोगे पूरे समय संघर्ष करते रहे और टोला से आठ से ज्यादा मिनट पीछे रहे। पुरुष वर्ग की मैराथन जीतने वाले पिछले गैर कीनियाई एथलीट युगांडा के स्टीफन किप्रोटिच थे जिन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में पहला स्थान हासिल किया था।




### केशव ने वेस्टइंडीज को बैकफुट पर भेजा



विकेट लेने के बाद केशव महाराज को बधाई देते साथी खिलाड़ी।

पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)। केशव महाराज के तीन विकेट की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर कर बारिश से प्रभावित पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना पलड़ा भारी रखा। वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 145 रन बनाए हैं और वह अभी दक्षिण अफ्रीका से 212 रन पीछे है। दक्षिण अफ्रीका ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 344 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसकी पूरी टीम 357 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय एक विकेट पर 114 रन था, लेकिन लगातार 28 ओवर करने वाले महाराज ने कीसी कार्टी और एलिक अथानाजे के विकेट लिए जिससे स्कोर चार विकेट पर 124 रन हो गया। महाराज ने अभी तक 45 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय जैसन होल्डर 13 और कावेम हॉज 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की तरफ से कार्टी ने सर्वाधिक 42 रन बनाए।

### कोको गॉफ नेशनल बैंक ओपन से बाहर

**टोरंटो।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ 14वीं वरीयता प्राप्त डायना स्नाइडेर से 6-4, 6-1 से हारकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस से बाहर हो गई। स्नाइडेर का सामना अब छठी वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा से होगा जिन्होंने एलिसे मर्टेंस को 6-2, 604 से मात दी थी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कैटी बूल्टर को 6-3, 6-3 से हराया। गत चैंपियन जेसिका पेगुला ने क्वालीफायर एशलिन क्रूगर को 6-2, 6-4 से मात दी। अब उनका सामना पेटोन स्टीयर्न्स से होगा जो विक्टोरिया अजारेंका के जांघ में चोट के कारण कोर्ट छोड़ने के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। टेलर टाउंसेंड ने चौथी वरीयता प्राप्त येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-1 से हराया। वहीं एम्मा नवारो ने मार्टा कोस्टियुक को 7-5, 7-5 से हराया।



# हॉकी टीम का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्यों का शनिवार की सुबह पेरिस से यहां पहुंचने पर सैकड़ों की संख्या में हवाई अड्डे पर मौजूद खेलप्रेमियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय टीम गुरुवार को स्पेन को कांस्य पदक के मुकाबले में 2-1 को हराकर हॉकी में 13वां ओलंपिक पदक जीतकर लौटी।

भारतीय हॉकी की दीवार गोलकीपर पीआर श्रीजेश पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में दो पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक होंगे। श्रीजेश, अमित रोहिदास, राजकुमार पाल, अभिषेक, सुखजीत सिंह और संजय समापन समारोह के बाद लौटेंगे। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और टीम का फूलों की मालाओं और ढोल ताशे के साथ इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया।



इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के बाद नाच कर पदक जीतने की खुशी मनाते भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी।

कांस्य पदक के मैच में दोनों गोल करने वाले हरमनप्रीत ने कहा ,'' हमें पूरा सहयोग मिला और हमारी सारी जरूरतें पूरी की गई। हम धन्यवाद देना चाहते हैं। हॉकी के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। इस प्यार से हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। हम हर बार पदक जीतकर लौटने की कोशिश करेंगे।'' हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक में सर्वाधिक 10 गोल दागे। उन्होंने कहा कि इस स्वागत से टीम अभिभूत है। उन्होंने कहा ,'' यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि भारतीय प्रशंसक हमारे स्वागत के लिए यहां आए। टीम ने ओलंपिक की तैयारी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी और यह देखकर खुशी हुई कि हमारी मेहनत रंग लाई और हमारी जीत का जश्न पूरा देश मना रहा है ।''

# प्रधानमंत्री ने दी पहलवान अमन को पदक जीतने पर बधाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में पहलवान अमन सेहरावत को 57 किलो फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी। अमन ने पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में भारत को पहला पदक दिलाया। उन्होंने 57 किलो फ्रीस्टाइल वर्ग के कांस्य पदक के मुकाबले में पुएर्तो रिको के डारियन तोइ क्रूज को अंकों के आधार पर 13-5 से हराया। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''हमारे पहलवानों की बदौलत हमें और भी गर्व हुआ। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए अमन सेहरावत को बधाई। ''

उन्होंने लिखा, '' उनकी लगन और दृढ़ता साफ तौर पर दिखाई देती है। पूरा देश इस उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मना रहा है। ''

# क्वार्टर फाइनल में हारी रीतिका हुड्डा

**एजेंसी, पेरिस**

भारतीय पहलवान रीतिका हुड्डा को पेरिस ओलंपिक महिला कुश्ती के 76 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान की एइपेरी मेतेट के खिलाफ बराबरी के बाद आखिरी अंक गंवाने के कारण हार का सामना करना पड़ा।

अपना पहला ओलंपिक खेल रही 21 साल की रीतिका ने शीर्ष वरीयता प्राप्त पहलवान को कड़ी टक्कर दी और शुरुआती पीरियड में एक अंक की बढ़त बनाने में सफल रही। दूसरे पीरियड में रीतिका ने कड़ी टक्कर देने के बावजूद 'पैसिविटी (अति रक्षात्मक रवैया)' के कारण एक अंक गंवाया जो इस मैच का आखिरी अंक साबित हुआ।

नियमों के अनुसार मुकाबला बराबर रहने पर आखिरी अंक बनाने वाले खिलाड़ी को विजेता घोषित किया जाता है।

# राष्ट्रीय बीच कबड्डी में हिमाचल की टीमों का बेहतर प्रदर्शन



कबड्डी चैंयिनशिप में मुकाबले के दौरान हिमाचल के खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

11वीं राष्ट्रीय बीच कबड्डी चैंयिनशिप में हिमाचल प्रदेश की पुरुष और महिला टीमों ने अपने-अपने पूलों में शीर्ष स्थान हासिल कर खेल प्रेमियों को गर्व महसूस करवाया। यह जानकारी कबड्डी संघ हिमाचल प्रदेश के महासचिव कृष्ण लाल ने दी।

महासचिव ने बताया कि पुरुष और महिला दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने पूलों में शीर्ष पर जगह बनाई है।

हिमाचल प्रदेश की टीमों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। महासचिव ने बताया कि राज्य सरकार और खेल विभाग ने भी टीमों को हर संभव समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान किया है।

# पंजाब छोड़कर त्रिपुरा की तरफ से खेलेंगे मनदीप सिंह

**नई दिल्ली ।** भारतीय बल्लेबाज मनदीप सिंह ने शनिवार को घोषणा की कि पंजाब की टीम से 14 साल तक खेलने के बाद वह अगले घरेलू सत्र में त्रिपुरा की तरफ से खेलेंगे।



मनदीप ने भारत की तरफ से 2016 में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे।

मनदीप ने इंस्टाग्राम पर लिखा,''पंजाब के साथ जूनियर स्तर से लेकर सीनियर स्तर तक मेरी यात्रा शानदार रही। मैं भाग्यशाली था कि मेरे कप्तान रहते हुए टीम ने 2023-24 के सत्र में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती, लेकिन काफी सोच विचार करने के बाद मुझे लगा कि अब अपने करियर का नया अध्याय शुरू करने का समय आ गया है और इसलिए मैंने अगले घरेलू सत्र में त्रिपुरा की तरफ से खेलने का फैसला किया है।''

# जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी में चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ी मुख्यतिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, बड़ा**

उपमंडल नादौन के मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी में आज अंडर-14 जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। डीएसएसए द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का शुभारंभ डीएसएसए के जिला प्रधान राकेश ठाकुर के द्वारा किया गया।

इस दौरान मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी के चेयरमैन प्रदीप सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

### मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी का फाइनल में हिम एकेडमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर से मुकाबला आज

प्रदीप सिंह ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस फुटबॉल टूर्नामेंट में जिला के चार स्कूलों ने भाग लिया। आज पहले दिन हुए फुटबॉल के मैचों में हिम एकेडमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर ने रैली जजरी सीसे विद्यालय को 2-0 से, रैली जजरी सीसे विद्यालय ने ऋग्वेदा पब्लिक स्कूल हमीरपुर को 1-0 से, मदर प्राइड पब्लिक स्कूल ने ऋग्वेदा पब्लिक स्कूल को 5-0 और मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी ने रैली जजरी को 6-0 से पराजित किया।

11 अगस्त को इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी एवं हिम एकेडमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के बीच होगा।

# वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देश का नेतृत्व करेंगे हिमाचल के तीन एथलीट

## सुरिंदर सिंह, अश्विनी शर्मा और द्वारिका ठाकुर आज दिल्ली से जाएंगे स्वीडन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश के एथलीट रवाना होने से पहले हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा से मिलते हुए।

25वीं वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 25 अगस्त तक स्वीडन के गोथनबर्ग में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता पहली बार टोरंटो में 1975 में आयोजित की गई थी। इस वर्ष प्रतियोगिता में 100 से अधिक देशों के 7,000 एथलीटस भाग लेने रहे हैं। वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2024 के लिए हिमाचल के एथलीट सुरिंदर सिंह, अश्विनी शर्मा और द्वारिका ठाकुर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

हिमाचल प्रदेश के इन खिलाडियों ने फरवरी 2024 को पुणे में संपन्न 44वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 8 पदक प्राप्त किए थे। इस सफलता के आधार पर हिमाचल के 6 एथलीटस ने वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था। वर्ल्ड एथलेटिक्स में 65 से अधिक के आयु वर्ग में हिमाचल के दो एथलीटस का चयन हुआ है। सुरेन्द्र सिंह देहल, हमीरपुर (5000 मीटर, 10,000 मीटर) और अश्विनी कुमार शर्मा, ऊना (1500 मीटर, 2000 मीटर स्टीपलचेज, 800 मीटर और क्रॉसकंट्री)। 60 से अधिक के आयु वर्ग में हिमाचल के द्वारिका ठाकुर, कुल्लू 800 मीटर, 1500 मीटर और 5000 मीटर प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष रिपुदमन कौशिक व हमीरपुर जिला के प्रधान डॉ. राज राणा, सचिव नितिन डोगरा ने बताया कि वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी के लिए यह एथलीट पिछले दो महीने से हमीरपुर में रहकर अणु सिंथेटिक ट्रैक में अभ्यास कर रहे हैं। हिमाचल के तीनों एथलीटों ने रवाना होने से पहले हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा से भी मुलाकात की।

# महिला टी-20 विश्व कप की मेजबानी के लिए आश्वासन मांगा

**ढाका ।** पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने के बाद बांग्लादेश में बनी राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने देश के सेना प्रमुख से तीन से 20 अक्तूबर के बीच होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के आयोजन के लिए सुरक्षा का आश्वासन मांगा है।

महिला टी-20 विश्व कप बांग्लादेश के दो शहरों सिलहट और मीरपुर में आयोजित किया जाएगा। बीसीबी ने बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वेकर उज जमान को पत्र लिखकर टूर्नामेंट के आयोजन के लिए सुरक्षा आश्वासन मांगा है।

आईसीसी भी बांग्लादेश की स्थिति पर नजर रखे हुए है जहां सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शनों में सैकड़ो लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और शेख हसीना को अपना पद छोड़ना पड़ा।

आईसीसी समान समय क्षेत्र में इस टूर्नामेंट का आयोजन कर सकता है तथा ऐसे में उसके पास भारत, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका विकल्प होंगे।

